खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 25°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 16 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 245 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 23 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

पांच साल वाला नियम सिर्फ मुस्लिमों के लिए क्यों: ओवैसी पेज 2

मोहम्मद सिराज आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने खेल टाइम्स

नेपाल: सुशीला कार्की के समक्ष चुनौतियों का पहाड़ सम्पादकीय

इजरायल के खिलाफ कतर में जुटे 50 मुस्लिम देश पेज 12

पूरे वक्फ कानून पर रोक नहीं, तीन बदलावों पर स्टे

वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की संख्या तय: केंद्रीय बोर्ड में 4, राज्य में 3 होंगे

■ शीर्ष अदालत ने कहा: अंतिम निर्णय आने तक कुछ प्रावधानों पर रहेगी रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पर पूरी तरह से रोक लगाने से सोमवार को इन्कार कर दिया, लेकिन कहा अंतिम निर्णय आने तक कुछ प्रावधानों पर रोक रहेगी।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति जॉर्ज मसीह की पीठ ने संबंधित कानून के संशोधन की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतरिम आदेश पारित किया। पीठ ने कहा कि अदालतों को संसद द्वारा बनाए गए कानूनों की वैधता माननी चाहिए और केवल दुर्लभतम मामलों में ही स्थगन देना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि हमने प्रत्येक धारा को दी गई चुनौती पर प्रथम दृष्ट्या विचार किया है। हमने पाया है कि कानून के संपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगाने का कोई मामला नहीं बनता। हालांकि, कुछ धाराओं को कुछ संरक्षण की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि कलेक्टर को नागरिकों के व्यक्तिगत अधिकारों का न्यायनिर्णयन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती और यह शक्तियों के पृथक्करण का उल्लंघन होगा। शीर्ष अदालत ने अपने 128 पन्नों के फैसले में गैर-मुस्लिमों की नियुक्ति के संबंध में कहा कि यद्यपि यह न्यायालय कोई निर्देश जारी नहीं कर रहा है, फिर भी यह उचित होगा कि केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्ड में क्रमश: 22 और 11 सदस्यों में से चार और तीन से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होने चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह बात एक गैर-मुस्लिम को मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त करने की अनुमति देने वाले संशोधन पर रोक लगाने से इन्कार करते हुए कही। उच्चतम न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के कुछ प्रावधानों के क्रियान्वयन पर रोक लगाते हुए वक्फ के लिए संपत्ति दान करने के लिए पांच साल तक इस्लाम का पालन करने के मानदंड के कार्यान्वयन पर भी रोक लगा दी। अदालत ने कहा कि जब तक नियम नहीं -**शेष पृष्ठ दो पर**

वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश का मुस्लिम बोर्ड ने किया स्वागत

लखनऊ। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्यकारी समिति के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा मुस्लिम पक्ष की कुछ दलीलों को स्वीकार करने के अंतरिम आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस मामले पर पूरा फैसला आने पर मुसलमानों को पूर्ण राहत हासिल होगी। मौलाना ने कहा कि आज के जजमेंट में उच्चतम न्यायालय ने हमारी कुछ दलीलें स्वीकार कर उन प्रावधानो पर रोक लगाई है। हमे उम्मीद थी कि पूरे एक्ट पर स्टे दिया जाएगा।

लोकतंत्र के हित में है वक्फ पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय : किरेन रिजिजू

नई दिल्ली। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने उच्चतम न्यायालय के वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पर निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत का निर्णय लोकतंत्र के हित में है। श्री रिजिजू ने वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर उच्चतम न्यायालय के फैसले पर सोमवार को कहा कि यह देश के लिए बहुत अच्छा निर्णय है। उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र के लिए यह बहुत अच्छा संकेत है। कुछ लोग बिना वजह के संसद के निर्णय को चुनौती देते हैं। उन्होंने कहा कि संसद के अधिकार को चुनौती नहीं दी जा सकती है। संसद में बने कानून के प्रावधान को लेकर चुनौती दी जा सकती है। सरकार ने शीर्ष अदालत में अधिनियम की मंशा और प्रावधान के बारे में बताया है। शीर्ष अदालत का फैसला लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है।

एसआईआर: कोई भी गड़बड़ी मिली, तो पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी जाएगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर प्रक्रिया की वैधता पर अंतिम दलीलें सुनने के लिए 7अक्टूबर की तारीख तय की

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में एसआईआर प्रक्रिया की वैधता पर अंतिम दलीलें सुनने के लिए 7 अक्टूबर की तारीख तय की है। कोर्ट ने कहा कि हम मानते हैं कि एक संवैधानिक संस्था भारत निर्वाचन आयोग बिहार एसआईआर प्रक्रिया में कानून और अनिवार्य नियमों का पालन कर रहा है।

अगर हमें बिहार एसआईआर के किसी भी चरण में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अपनाई गई कार्यप्रणाली में कोई अवैधता मिलती है, तो पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी जाएगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि बिहार एसआईआर पर टुकड़ों में राय नहीं दी जा सकती, अंतिम फैसला पूरे भारत के लिए लागू होगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के खिलाफ मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि वह यह मानकर चल रही है कि एक संवैधानिक प्राधिकारी होने के नाते चुनाव आयोग ने एसआईआर के संचालन में कानून और अनिवार्य नियमों का पालन किया है।

...तो 'भानुमती का पिटारा' खुल जाएगा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 'कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013' के दायरे में राजनीतिक दलों को लाने की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायाधीश न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने कहा कि राजनीतिक दलों पर ये अधिनियम लागू करने से 'भानुमती का पिटारा' खुल जाएगा तथा यह ब्लैकमेल और दुरुपयोग का एक साधन बन जाएगा। पीठ ने केरल उच्च न्यायालय के संबंधित फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता की दलीलें सुनने के बाद कहा कि माफ कीजिए! खारिज!

एक करोड़ के इनामी नक्सली सहदेव सहित 3 नक्सली ढेर

हजारीबाग। झारखंड के हजारीबाग में सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये का इनामी माओवादी सहदेव सोरेन और उसके दो साथी मारे गए हैं। यह मुठभेड़ सोमवार सुबह हजारीबाग के पनतीतरी जंगल में हुई, जो बोकारो और गिरिडीह जिलों की सीमा पर स्थित है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सहदेव सोरेन किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इसी सूचना के आधार पर कोबरा बटालियन, गिरिडीह और हजारीबाग पुलिस की एक संयुक्त टीम ने तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान माओवादियों के दस्ते से उनकी मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के बाद चलाए गए तलाशी अभियान में तीन शव बरामद हुए, जिनकी पहचान एक करोड़ के इनामी सहदेव सोरेन, 25 लाख के इनामी रघुनाथ हेम्ब्रम और 10 लाख के इनामी बिरसेन गंझू के रूप में हुई है। इनके पास से तीन एके-47 राइफलें भी बरामद हुई हैं।

वित्त मंत्रालय कर्मी की मौत मामले में प्राथमिकी दर्ज महिला गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रिंग रोड पर हुए भीषण सड़क हादसे में वित्त मंत्रालय में कार्यरत कर्मचारी नवजोत सिंह की मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। श्री सिंह वित्त मंत्रालय के उपसचिव के पद पर तैनात थे। दिल्ली कैंट क्षेत्र में रिंग रोड पर हुए दर्दनाक बीएमडब्ल्यू हादसे ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या यदि हादसे के बाद नवजोत सिंह को तुरंत नज़दीकी बड़े अस्पताल पहुंचाया जाता, तो उनकी जान बचाई जा सकती थी? पत्नी संदीप कौर का कहना है कि हादसे के बाद उनके पति की सांसें चल रही थीं, लेकिन आरोपी महिला चालक उन्हें नज़दीकी अस्पताल ले जाने के बजाय 19 किलोमीटर दूर एक छोटे अस्पताल ले गई, जहां डाक्टरों ने नवजोत को मृत घोषित कर दिया।

अगस्त में थोक मुद्रास्फीति दर 0.52 प्रतिशत रही

नई दिल्ली। खाने-पीने के सामानों, खासकर विनिर्मित खाद्य उत्पादों, के दाम बढ़ने से थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की सालाना दर इस साल अगस्त में बढ़कर 0.52 प्रतिशत दर्ज की गई, जो इस साल अप्रैल के बाद का उच्चतम स्तर है। लगातार दो महीने शून्य से नीचे रहने के बाद थोक महंगाई बढ़ी है। इससे पहले, जुलाई में यह शून्य से 0.58 प्रतिशत और जून में 0.13 प्रतिशत नीचे दर्ज की गई थी। खाद्य पदार्थों की थोक मुद्रास्फीति दर भी 0.21 प्रतिशत रही जो जुलाई में शून्य से 2.15 प्रतिशत नीचे थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अगस्त में प्राथमिक उत्पादों की मुद्रास्फीति दर शून्य से 2.10 फीसदी नीचे रही। ईंधन एवं बिजली वर्ग में मुद्रास्फीति दर 3.17 प्रतिशत और विनिर्मित वस्तुओं के वर्ग में 2.55 प्रतिशत रही।

अमृतसर व गुरदासपुर में बाढ़ पीड़ितों से मिले राहुल

चंडीगढ़। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को पंजाब दौरे पर पहुंचे। राहुल गांधी अमृतसर के श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे।

वहां से अजनाला, रामदास के गांव में जाकर लोगों से मिले। राहुल गांधी रामदास स्थित गुरुद्वारा श्री समाध बाबा बुड्ढा जी साहिब में भी नतमस्तक हुए। इसके बाद वह गुरदासपुर गए और वहां के हालातों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ट्रैक्टर की सवारी की। राहुल गांधी हवाई सर्वे के बजाय सीधे गांव-गांव जाकर लोगों से रूबरू हो रहे हैं। राहुल गांधी के पंजाब दौरे पर लुधियाना के पूर्व सांसद और राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने तंज कसा है।

भारत की बेरोजगारी दर में आई गिरावट

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ अगस्त में लगातार दूसरे महीने घटकर 5.1 फीसदी पर रही

नई दिल्ली। अगस्त 2025 में भारत की समग्र बेरोजगारी दर गिरकर 5.1 प्रतिशत हो गई। यह दर लगातार दूसरे महीने घटी है, जून में 5.6 प्रतिशत से घटकर जुलाई में 5.2 प्रतिशत तथा अब अगस्त में 5.1 प्रतिशत हो गई है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) में यह बात कही गई है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों में बेरोजगारी दर अगस्त में घटकर 5.0 फीसदी हो गई, जो अप्रैल 2025 के बाद से सबसे कम है। शहरी पुरुष बेरोजगारी जुलाई में 6.6 फीसदी से घटकर अगस्त में 5.9 फीसदी हो गई, जबकि ग्रामीण पुरुष बेरोजगारी घटकर 4.5 फीसदी हो गई। ग्रामीण बेरोज़गारी दर लगातार तीन महीनों तक गिरती रही, मई में 5.1फीसदी से अगस्त में 4.3फीसदी तक। ग्रामीण और शहरी बेरोज़गारी दर मिलाकर 5.1 फीसदी रही।

घुसपैठ खत्म करने की मोदी की गारंटी

पटना, वार्ता

■ बिहार के सीमांचल में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने दिया देश को संदेश



बिहार में चुनाव की अधिसूचना अगले माह के पहले हफ्ते में जारी होने के आसार हैं। चुनाव को लेकर घमासान जारी है। विपक्ष मतदाता सूची प्रारूप को लेकर चुनाव आयोग और मोदी सरकार पर लगातार हमलावर है। इन सबके बीच पीएम मोदी ने उस क्षेत्र से बड़ा ऐलान किया है, जहां सबसे अधिक घुसपैठ होने के आरोप लगते हैं।

पीएम मोदी ने पूर्णिया के शीशाबाड़ी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हर हालत में घुसपैठियों पर कार्रवाई होगी। अब इस देश में उनकी मनमानी नहीं चलेगी। यह मोदी की गारंटी है कि हर हाल में घुसपैठियों पर कार्रवाई होगी। आज सीमांचल और पूर्वी भारत में घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी का कितना बड़ा संकट खड़ा हो गया है। बिहार, बंगाल और असम के लोग अपनी बहन बेटियों के लिए चिंतित हैं। इसलिए मैंने लालकिले से डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। लेकिन, कांग्रेस और राजद के लोग घुसपैठियों की वकालत कर रहे हैं। उन्हें बचाने में लगे हैं। बेशर्मी के साथ विदेश से आने वाले घुसपैठियों को बचाने के लिए यह लोग नारे लगा रहे हैं। यात्राएं निकाल रहे हैं। यह लोग बिहार और देश के संसाधन और सुरक्षा दोनों को दांव पर लगाना चाहते हैं। आज पूर्णिया की इस धरती से मैं इन लोगों को एक बात अच्छी तरह समझाना चाहता हूं। यह राजद और कांग्रेस की जमात कान खोलकर मेरी बात सुन लो, जो भी घुसपैठिया है, उसे बाहर जाना ही होगा।

हर थाने में सीसीटीवी कैमरे जरूरी: शीर्ष अदालत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: पुलिस थानों में सीसीटीवी न होने से निगरानी में हो रही मुश्किल, 26 को आएगा फैसला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे की कमी से जुड़े मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि थानों में सीसीटीवी न होने से निगरानी में मुश्किल हो रही है।

कोर्ट ने राजस्थान से जुड़ी एक रिपोर्ट पर एक्शन लेते हुए सुनवाई की। इस मामले में फैसला 26 सितम्बर को आएगा। बेंच अपने आदेश में पुलिस स्टेशन और जांच एजेंसियों के दफ्तरों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने को लेकर राज्यों और केंद्र सरकार को भी निर्देश दे सकती है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि यह मुद्दा निगरानी का है। कल को अधिकारी थाने में कैमरे बंद कर सकते हैं, लेकिन हम ऐसा कंट्रोल रूम चाहते हैं, जिसमें इंसानी दखल कम से कम हो। जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि पुलिस थानों की भी प्राइवेट एजेंसी से जांच करवानी चाहिए। हम आईआईटी को शामिल कर ऐसा सिस्टम बनाने पर विचार कर सकते
है ं। वे हमें ऐसा सॉफ्टवेयर दें, जिससे हर सीसीटीवी फीड की निगरानी की जा सके। यह निगरानी भी मानवीय न होकर, पूरी तरह से एआई बेस्ड हो।



अंबानी के वंतारा को क्लीनचिट

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: जानवरों की खरीद-बिक्री कानूनी, जैन मठ से हथिनी की शिफ्टिंग पर विवाद

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त विशेष जांच दल ने रिलायंस फाउंडेशन के वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र 'वंतारा' को क्लीन चिट दी है।

न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने शीर्ष अदालत की ओर से गठित जांच दल की रिपोर्ट का हवाला देते हुए मौखिक रूप से कहा कि पशुओं को गोद लेकर उसकी देखभाल करने के मामले में नियमों की अनदेखी करने समेत अन्य आरोपों में प्रथम दृष्ट्या सच्चाई नहीं दिखती। पीठ ने आगे कहा कि न्यायालय द्वारा गठित विशेष जांच दल को कोई गड़बड़ी नहीं मिली। अदालत ने कहा कि पशुओं को गोद लेना नियामक तंत्र के अंतर्गत आता है। अदालत ने कहा कि न्यायालय इस रिपोर्ट को अपने आदेश का हिस्सा बनाएगा। वंतारा रिलायंस फाउंडेशन के तहत अनंत अंबानी द्वारा जामनगर में विकसित 3,000 एकड़ का एक विशाल संरक्षण केंद्र है।

मुंबई में भारी बारिश, ट्रैक डूबने से लोकल ट्रेनें लेट

■ हैदराबाद में बाढ़ के हालात, दो लोग बहे

नई दिल्ली। मौसम विभाग ने मुंबई में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। सोमवार को सुबह से लगातार बारिश के कारण मुंबई में कई जगह जलभराव और ट्रैफिक जाम हो गया। अंधेरी सबवे में डेढ़ फीट तक पानी भर जाने से पुलिस ने इसे बंद कर दिया।

दादर, कुर्ला और बांद्रा स्टेशनों पर पानी भरने से लोकल ट्रेनें 10-15 मिनट देरी से चल रही हैं। हैदराबाद में भी तेज बारिश जारी है। हबीब नगर इलाके में रविवार रात भारी बारिश के बाद दो लोग बाढ़ में बह गए। तीन डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स टीमें उनकी तलाश में जुटी हैं, लेकिन इलाके में पानी का बहाव अभी भी तेज है। रविवार को तय समय से 3 दिन पहले पश्चिमी राजस्थान से मानसून की विदाई शुरू हो गई है। राजस्थान के श्रीगंगानगर, नागौर, जोधपुर और बीकानेर से मानसून विदा ले चुका है। अगले दो-तीन दिन में पंजाब और गुजरात के कुछ हिस्सों से भी मानसून लौटना शुरू हो जाएगा। जबकि मध्य प्रदेश में मानसून दो हफ्ते और रहेगा। देश के अधिकांश हिस्सों से 15 अक्टूबर तक मानसून पूरी तरह लौट जाएगा। दक्षिण कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी में बारिश जारी रह सकती है।

संक्षिप्त समाचार

कश्मीर से दिल्ली के लिए पहली समर्पित पार्सल ट्रेन रवाना

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कश्मीर से दिल्ली के लिए पहली समर्पित पार्सल ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उपराज्यपाल ने आठ पार्सल वैन और 23 टन भार क्षमता वाली इस ट्रेन को कश्मीर घाटी के बडगाम रेलवे स्टेशन से दिल्ली के आदर्श नगर के लिए हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह नयी मालगाड़ी सेवा केंद्र शासित प्रदेश के सेब उत्पादकों के लिए अपनी उपज देश के विभिन्न हिस्सों में पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने घाटी में सेब उत्पादकों और व्यापारियों के लिए व्यापार एवं व्यवसाय के अवसरों के नए युग की शुरुआत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

ट्रेलर से टकराई टूरिस्ट बस, चार मरे, नौ घायल

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के लाइन बाजार क्षेत्र में सोमवार तड़के अयोध्या से वाराणसी जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक टूरिस्ट बस की ट्रेलर से हुयी टक्कर में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले से आए श्रद्धालु भगवान श्री राम का दर्शन करने के लिए अयोध्या गए हुए थे, जहां से वे बस से वाराणसी जा रहे थे कि सीहीपुर रेलवे क्रासिग के पास ट्रेलर को ओवरटेक करने के प्रयास में बस टकरा गई और उसके अगले हिस्से के पर परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में बस में सवार लगभग 50 यात्रियों में से चार की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि नौ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

मुख्यमंत्री योगी ने लगाया जनता दरबार

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सुनीं समस्याएं और समाधान के लिए किया आश्वस्त

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पांच कालीदास मार्ग पर आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए लगभग 50 पीड़ितों की समस्याएं सुनी और समाधान का आश्वासन दिया। जनता दर्शन में रायबरेली से आए किडनी व हर्ट के मरीज को योगी आदित्यनाथ ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के निर्देश दिए। 'जनता दर्शन' में रायबरेली के थाना खीरो के ग्राम बरवलिया के एक युवक भी पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनके पिता किडनी-हृदय व यूरिन की बीमारी से पीड़ित हैं। प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने में अब आर्थिक दिक्कत आ रही है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने इलाज के लिए अस्पताल से एस्टीमेट भी मंग. वाने को कहा। तो उपलब्ध करा रही है सरकार इस दौरान आर्थिक सहायता के लिए कई फरियादियों ने प्रार्थना पत्र दिया। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी से कहा कि सरकार हर जरूरतमंद मरीज को इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। आप भी अस्पताल से एस्टिमेट बनवाकर भिजवाएं। आपके इलाज के खर्च की चिता सरकार करेगी।

गाजीपुर नोनहरा कांड: सीएम ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के नोनहरा थाना में हुई घटना में मारे गए सियाराम उपाध्याय के परिवार के साथ एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पांच साल वाला नियम सिर्फ मुस्लिमों के लिए क्यों

नई दिल्ली, वार्ता

■ वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम फैसले को लेकर ओवैसी की तीखी प्रतिक्रिया

वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट कोर्ट के अंतरिम फैसले को लेकर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने प्रतिक्रिया दी है।

ओवैसी ने कहा कि यह अंतरिम आदेश है। हम उम्मीद करते हैं कि शीर्ष कोर्ट इस पूरे कानून पर जल्द अंतिम फैसला सुनाए और सुनवाई शुरू हो। यह फैसला एनडीए सरकार द्वारा बनाए गए कानून से वक्फ की संपत्तियों को बचाने में मदद नहीं करेगा। इससे अतिक्रमण करने वालों को फायदा मिलेगा। वक्फ की संपत्तियों का विकास नहीं हो पाए। हम उम्मीद करते हैं कि शीर्ष कोर्ट जल्द ही अंतिम फैसला सुनाएगा। उन्होंने कहा कि सीओ की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यह व्यक्ति श्जहां तक संभव होश मुस्लिम होना चाहिए। अब सरकार यही कहेगी कि उन्हें कोई योग्य मुस्लिम नहीं मिला, जो पार्टी किसी मुसलमान को सांसद का टिकट नहीं देती, जिसके पास एक भी मुस्लिम सांसद नहीं है, क्या वह मुसलमान अधिकारी चुनेगी? खुफिया विभाग (आईबी) में कितने मुसलमान अधिकारी हैं? वे वक्फ में गैर मुसलमानों की नियुक्ति करेंगे। क्यों? यह संविधान के अनुच्छेद 26 का उल्लंघन है। सोचिए अगर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) में किसी गैर-सिख को सदस्य बना दिया जाए तो सिख कैसा महसूस करेंगे। हैदराबाद सांसद ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रावधान पर पूरी तरह तरह से रोक नहीं लगाई है कि संबंधित व्यक्ति को कम से कम पांच साल से इस्लाम धर्म को मानने वाला होना चाहिए।

कोई भी ऐसा कानून नहीं है जो किसी धर्म के व्यक्ति को दूसरे धर्म को दान देने से रोकता हो। संविधान के अनुच्छेद 300 के मुताबिक मैं अपनी संपत्ति जिसे चाहूं, उसे दे सकता हूं। तो फिर केवल इस (इस्लाम) धर्म के लिए ऐसा प्रावधान क्यों बनाया गया है? भाजपा को बताना चाहिए कि अब तक कितने लोगों ने धर्म बदलने के बाद वक्फ को संपत्ति दान की है। कलेक्टर जांच वाला प्रावधान जरूर रोका गया है, लेकिन कलेक्टर के पास सर्वे कराने की ताकत अभी भी है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की कुछ अहम धाराओं पर रोक लगा दी है।

कांग्रेस ने आदेश का स्वागत करते हुए फैसले को न्याय संगत बताया

वक्फ पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश विपक्ष की जीत

नई दिल्ली, वार्ता

■ कहा: संयुक्त संसदीय समिति में विभिन्न दलों के सदस्यों की सभी असहमतियां सही साबित हुई
■ बिहार के भागलपुर में ओने-पौने दाम पर किसान की जमीन अडानी को दी गई: पवन खेड़ा

कांग्रेस ने वक्फ कानून पर उच्चतम न्यायालय के आदेश का स्वागत करते हुए इसे न्याय संगत बताया और कहा कि यह निर्णय उन राजनीतिक दलों तथा संयुक्त संसदीय समिति के सदस्यों की जीत है, जिन्होंने संसद में इसका विरोध किया था और संसदीय समिति में इसे लेकर अपने असहमति पत्र पेश किए थे।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय का आदेश संसद में इसका विरोध करने वाले राजनीतिक दलों के साथ ही संयुक्त संसदीय समिति के उन सदस्यों की भी जीत है, जिन्होंने इसको लेकर विस्तार से अपने असहमति पत्र प्रस्तुत किए थे। उन्होंने कहा कि इस विधेयक पर न्यायालय के फैसले से साफ हो गया है कि इस मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों के असहमति पत्रों को तब भले ही नकार दिया गया हो, लेकिन आज वे सभी असहमतियां सही साबित हुई हैं। रमेश ने कहा कि इस मुद्दे पर विपक्षी दलों के वकीलों ने तर्क दिया था कि इस कानून के जरिए ऐसा ढांचा तैयार किया जा रहा है कि कोई भी इसकी स्थिति को चुनौती दे सकता है। ऐसे मुक. दमों की वजह से संपत्ति की स्थिति अनिश्चित रहेगी। इन नियमों को जोड़ने की मंशा मतदाताओं को प्रभावित करते रहने तथा विवाद को उलझाए रखनी की प्रतीत होती है। अपने आदेश में उच्चतम न्यायालय ने कानून के तहत कलेक्टर को मिले अधिकारों पर रोक लगा दी है और मौजूदा वक्फ संपत्तियों को संदिग्ध चुनौतियों से बचाने और नियम बनने तक मुस्लिम होने के प्रमाण की आवश्यकता वाले प्रावधान को पांच साल के लिए रोक दिया है। रमेश ने कहा कि हम इस आदेश का स्वागत करते हैं और इस आदेश को न्याय, समानता और बंधुत्व के संवैधानिक मूल्यों की जीत के रूप में स्वीकार करते हैं। वहीं कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बिहार के भागलपुर में किसानों की जमीन ओने पौने दाम पर ऊर्जा संयंत्र निर्माण के लिए मोदी के करीबी उद्योगपति गौतम अडानी को दी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को कहा कि बिहार की भागलपुर में गौतम अडानी की ऊर्जा संयंत्र के लिए 10 लाख आम, लीची सागवान के पेड़ काटकर किसानों की 1050 एकड़ जमीन एक रुपए की लीज पर उद्योगपति अडानी को 33 साल के लिए दी गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस संयंत्र को लगाने का प्रस्ताव बजट में किया था, लेकिन बाद में तय किया गया कि किसी निजी कंपनी को संयंत्र दिया जाए।

वक्फ कानून आस्था के संरक्षण की गारंटी: नकवी

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि वक्फ कानून आस्था के संरक्षण की गारंटी और वक्फ के प्रशासनिक व्यवस्था के ऐतिहासिक सुधार से सम्बंधित है। नकवी ने वक्फ कानून के सम्बन्ध में उच्चतम न्यायालय के फैसले पर सोमवार को यहां पत्रकारों से कहा कि यह संसद की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) और दोनों सदनों में चर्चा के बाद पारित हुआ। संवैधानिक सुधार पर सांप्रदायिक वार करने वाली लूट की लम्पट लाबी लूट पर छूट के लीगल लाइसेंस की बहाली चाहती है, वक्फ सुधार वक्त और वक्फ दोनों की जरूरत है। इस कानून पर चल रहे मंथन से अमृत ज़रूर निकलेगा।

अखिल भारतीय गाली पार्टी बन गई है कांग्रेस: भूपेंद्र चौधरी

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि कांग्रेस अब अखिल भारतीय गाली पार्टी का स्वरूप ले चुकी है, क्योंकि उसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं का कुछ भी ख्याल नहीं है।

चौधरी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात कहने का या किसी बात का लोकतांत्रिक ढंग से विरोध करने का सभी को अधिकार है, लेकिन जनता द्वारा लगातार नकारे जाने से हताश और निराश कांग्रेस लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर अमर्यादित आचरण और अशिष्टता की सारी हद पार करने के काम कर रही है। जिस तरह से उत्तर प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के चित्र के साथ कांग्रेसियों ने आचरण किया है उससे साबित हो गया है कि कांग्रेस से मर्यादित आचरण की अपेक्षा करना बेकार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता के मंच से प्रधानमंत्री की दिवंगत माताजी के लिए अपशब्दों का प्रयोग किया जाता है। वास्तव में कांग्रेस अब अखिल भारतीय गाली पार्टी बन चुकी है। जैसे इसके नेता, वैसे कार्यकर्ता! इनकी जितनी भी निंदा की जाए कम ही है। गौरतलब है कि कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का रास्ता रोकने वाले उत्तर प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध किया है। रविवार को लखनऊ में कांग्रेस की बैठक में पायदान पर दिनेश प्रताप सिंह का फोटो चिपकाया, जिसको लेकर भाजपा ने तीखा विरोध जताया है।

सेंसेक्स 81785.74
निफ्टी 25069.20

सोना रु. 109223
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

अर्थ व्यापार

चांदी रु. 124267
प्रति किलो

घरेलू बाजारों में मुनाफा वसूली, प्रमुख सूचकांक टूटे

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को दिग्गज और बड़ी कंपनियों में बिकवाली से प्रमुख सूचकांक गिरावट में बंद हुए, जबकि मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचक. ांक सेंसेक्स 118.96 अंक (0.15 प्रतिशत) टूटकर 81,785.74 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 44.80 अंक यानी 0.18 फीसदी नीचे 25,069.20 अंक पर आ गया। आईटी, फार्मा, ऑटो और स्वास्थ्य सेक्टरों पर दबाव रहा। रियलिटी, सार्वजनिक बैंकों और तेल एवं गैस सेक्टरों में निवेशकों ने पैसा लगाया। सेंसेक्स 20.81 अंक की तेजी के साथ 81,925.51 अंक पर खुला, लेकिन कुछ ही देर में लाल निशान में चला गया। यह ऊपर 81,998.51 अंक और नीचे 81,744.70 अंक तक गया। निफ्टी-50 सूचकांक भी 4.90 अंक चढ़कर 25,118. 90 अंक पर खुला। इसका उच्चतम स्तर 25,138.45 अंक और निचला स्तर 25,048.75 अंक रहा। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत निवेशकों ने मझौली और छोटी कंपनियों में निवेश किया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0. 47 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.65 प्रतिशत मजबूत हुआ। ,

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयर लाल निशान में और शेष 10 के हरे निशान में बंद हुए। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 1.67 प्रतिशत लुढ़क गया। एशियन पेंट्स में 1.66 प्रतिशत, इंफोसिस में 1.15 प्रतिशत, टाइटन में 1.14 फीसदी, सनफार्मा में 0.85 प्रतिशत और टीसीएस में 0.72 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी और टाटा मोटर्स के शेयर लाल निशान में रहे। बजाज फाइनेंस में 0.68 प्रतिशत की तेजी रही। इटरनल का शेयर 0. 58 प्रतिशत, अल्ट्राटेक का शेयर 0.46 प्रतिशत और एलएंडटी का 0. 33 प्रतिशत चढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, अडानी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और ट्रेंट के शेयर भी बढ़त में रहे। विद. ेशों में एशियाई शेयर बाजारों में मिश्रित रुख रहा। जापान का निक्केई सूचकांक 0.89 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.22 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। वहीं चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.26 फीसदी की गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स सूचकांक 0. 35 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0. 01 फीसदी ऊपर था।

इंडिगो एथेंस के लिए शुरू करेगी उड़ान सेवा

नई दिल्ली। यात्री संख्या के मामले में देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ग्रीस के एथेंस शहर के लिए उड़ान सेवा शुरू करेगी। एयरलाइंस ने सोमवार को बताया कि वह जनवरी 2026 के पूर्वार्द्ध में एथेंस को अपने नेटवर्क में शामिल करेगी, जो ग्रीस का ऐतिहा. सिक शहर है।

उसकी योजना दिल्ली और मुंबई से एथेंस के लिए सेवा शुरू करने की है। इस मार्ग के साथ वह अपने बेड़े में पहली बार शामिल ए321एक्सएलआर विमान के परिचालन की भी शुरुआत करेगी। अभी इसके लिए नियामकीय मंजूरी मिलनी शेष है। इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एलबर्स ने कहा कि भारत और ग्रीस के बीच उड़ान की घोषणा करने वाली इंडिगो एक मात्र भारतीय एयरलाइंस है। बाद में ग्रीस के दूसरे शहरों के लिए भी उड़ाने शुरू करने की योजना है।

चावल-चीनी मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़, दालें महंगी

नई दिल्ली। घरेलू थोक जिस बाजारों में सोमवार को चावल के दाम बढ़ गए जबकि गेहूं की कीमतों में गिरावट रही। चीनी में भी मजबूती रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। दालों के दाम भी बढ़ गए।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज अवकाश रहा। अमे. रिकी सोया तेल वायदा 1.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52.73 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 100 रुपये बढ़कर 3,843.27 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं आठ रुपये टूटकर 2,856.21 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बोला गया। आटे के दाम में भी 25 रुपये की गिरावट रही और यह 3,304. 70 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल औसतन 63 रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गया। सूरजमुखी तेल 43 रुपये और सोया तेल 66 रुपये प्रति क्विंटल टूटा, जबकि पाम ऑयल में 99 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मूंगफली तेल 57 रुपये और वनस्पति 80 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 222 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। उड़द दाल में 64 रुपये और चना दाल में 144 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी देखी गई। वहीं, मूंग दाल 131 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल 163 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज तेजी रही। गुड़ की औसत कीमत 62 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरक. ारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7956.89 रुपये, मसूर काली 8169.81 रुपये, मूंग दाल 10115.63 रुपये, उड़द दाल 10435.98 रुपये, अरहर दाल 10649.16 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2856.21 रुपये और चावल 3843.27 रुपये प्रति क्विंटल।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

वक्फ बोर्ड...

बन जाते, तब तक वक्फ संपत्ति घोषित करने से पहले पांच साल तक इस्लाम का पालन करने की शर्त (धारा 3(आर) पर भी रोक रहेगी। अदालत ने कहा कि बिना किसी तंत्र के यह (धारा) मनमानी शक्ति के प्रयोग को बढ़ावा देगा। पीठ ने वक्फ निकायों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने के प्रावधान पर के मामले में कहा कि फिलहाल राज्य वक्फ बोर्ड में तीन से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य शामिल नहीं किए जाने चाहिए और केंद्रीय वक्फ बोर्ड में कुल मिलाकर चार से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य शामिल नहीं किए जाएंगे।

अदालत ने 22 मई को अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर अंतरिम रोक लगाने के अनुरोध पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

शीर्ष अदालत ने 25 अप्रैल को सुनवाई के दौरान केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने संशोधित वक्फ अधिनियम 2025 का बचाव करते हुए एक प्रारंभिक हलफनामा दायर किया। केंद्र ने संसद द्वारा पारित संवैधानिकता की धारणा वाले किसी भी कानून पर अदालत द्वारा किसी भी तरह की पूर्ण रोक का विरा. ेध किया था।

अदालत ने तीन दिनों तक दलीलें सुनीं, जिसमें केंद्र ने तर्क दिया कि संसद द्वारा विधिवत अधिनियमित इस कानून के क्रियान्वयन पर रोक लगाने के लिए केवल कानूनी प्रस्ताव या काल्पनिक तर्क पर्याप्त नहीं हैं। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दावा किया था कि वक्फ प्रबंधन ने स्मारकों का दुरुपयोग किया है। उसने दुक. ानों के लिए जगहें बनाई हैं और अनधिकृत परिवर्तन किए हैं। केंद्र सरकार ने पहले आश्वा. सन दिया था कि किसी भी वक्फ संपत्ति (जिसमें उपयोगकर्ता द्वारा स्थापित संपत्तियां भी शामिल हैं) को गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा। उसने यह भी कहा था कि 2025 के अधिनियम के तहत केंद्रीय वक्फ परिषद या राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों की नियुक्ति नहीं की जाएगी। शीर्ष अदालत के समक्ष इस अधिनियम के खिलाफ 100 से अधिक याचिकाएं दायर की गई थीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पांच अप्रैल को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी, जिसे पहले संसद ने दोनों सदनों - लोकसभा और राज्यसभा में गरमागरम बहस के बाद पारित किया था।

महिला सशक्तिकरण एक आर्थिक आवश्यकता: बिरला

तिरुपति, वार्ता

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि महिला सशक्तिकरण केवल एक सामा. जिक अनिवार्यता ही नहीं बल्कि एक आर्थिक आवश्यकता भी है और यह महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल तथा उद्यमिता में निवेश करके विकास का एक सशक्त सामाजिक-आर्थिक मॉडल बना सकता है।

बिरला ने महिला सशक्तिकरण पर संसदीय और विधानमंडलीय समितियों का प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन के संपन्न होने पर सोमवार को यहां कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक अनिवार्यता ही नहीं, बल्कि एक आर्थिक आवश्यकता भी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल और उद्यमिता में निवेश करके, भारत मानव पूंजी का विशाल भंडार खोल सकता है और विकास का एक सशक्त सामाजिक- आर्थिक मॉडल बना सकता है। उन्होंने रेखांकित किया कि विकसित भारत की यात्रा में महिलाओं का नेतृत्व और योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मेलन एक ऐसा मंच उपलब्ध कराते हैं, जहां केंद्र और राज्यों के जन प्रतिनिधि अपने अनुभवों के माध्यम से मिलकर विचार साझा कर सकते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत में लोकतंत्र मात्र एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक सभ्यतागत मूल्य और जीवन का तरीका है। भारत, जिसे लोकतंत्र की जननी कहा जाता है, ने सदियों से समानता, संवाद और भागीदारी के सिद्धांतों को कायम रखा है। महिला सशक्तिकरण को केवल कल्याण के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे राष्ट्रीय विकास की नींव के रूप में माना जाना चाहिए। उन्होंने समाज सुधारकों जैसे सावित्रीबाई फुले की अग्रणी भूमिका को याद किया, जिन्होंने शिक्षा के माध्यम से महिलाओं की मुक्ति का समर्थन किया और महाराष्ट्र के उन विद्यालयों का उदाहरण दिया, जहां 100 प्रतिशत साक्षरता की दिशा में गांवों की वृद्ध महिलाओं को भी शिक्षित किया गया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

बस की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत

पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज, परिवार में मचा कोहराम

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के पचैण्डा पुल के निकट ट्रैक्टर-ट्रॉली में तेज गति से आई रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर इकट्ठा हुई भीड ने घटना की जानकारी पुलिस को दी इसके बाद पुलिस ने नाम पता ज्ञात कर पीड़ित परिवार को घटना से अवगत कराया। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

खालापार कोतवाली क्षेत्र के गांच सुजडु के मौहल्ला कुंगरपट्टी 20 वर्षीय अमिर आलम पुत्र रियाज हाईवे से होता हुआ अपने गांव लौट रहा था जैसे ही वह पचैण्डा पुल के निकट पहुंचा तो अचानक पीछे से आई रोडवेज बस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद रोडवेज बस डिवाइडर पर चढ़ गई और इस घटना में अमिर आलम गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर से गुज रहे लोगों ने घटना की जानकारी मंडी पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन शुरू की। पुलिस ने सबसे पहले रोडवेज बस और चालक को अपने कब्जे में किया इसके बाद युवक को अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरो ने उसको मृत घोषित कर दिया पुलिस ने किसी तरह मृतक का नाम पता ज्ञात किया और उसकी जानकारी परिवार को दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा दिया है।

पूर्व पत्नी पर लगाया हमले का आरोप

मुजफ्फरनगर। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के कुकडा की रहने वाली गुलिस्ता ने कोर्ट में दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पति शाहबाज की पहली शादी जनपद मेरठ की इंचौली निवासी सगीर की बेटी शमीना खातून के साथ हुई थी। इसके बाद शादी टूट गई थी और शमीम व उसका परिवार इससे रंजिश रखने लगा थ। चार जुलाई 2025 को उसका ससुर अपने बेटे शहबाज व शहजाद के साथ नमाज पढ़ने गए थे और वह घर पर थी आरोप है कि पति की पूर्व पत्नी समीना और उसके परिवार की महिलाएं घर में घुस गई और जानलेवा हमला कर दिया। पीड़िता ने अश्लील हरकते करने का भी आरोप लगाया था। कोर्ट ने इस मामले का संज्ञान लिया और मंडी पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए।

दो अक्टूबर से ई-रिक्शाओं के लिए रूट निर्धारित

■ यातायात पुलिस ने जारी किया रूट प्लान

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। सड़क सुरक्षा एवं शहर क्षेत्र में जाम के दृष्टिगत जनपद में यातायात के सुगम संचालन एवं सुदृढ प्रबन्धन के लिये ई-रिक्शाओं के सुव्यवस्थित प्रबंधन एवं अनधिकृत रूप से संचालित ई-रिक्शाओं पर रोकथाम के लिये जनपद में 02 अक्टूबर से ई-रिक्शा रूट व्यवस्था प्रक्रिया लागू किया जाना हैं। कृपया सभी ई-रिक्शा चालक एवं स्वामी 20 सितम्बर तक अपनी-अपनी ई-रिक्शाओं के कागजात के साथ रूट प्राप्त करने की प्रक्रिया में उपनिरीक्षक यातायात कार्यालय, रिजर्व पुलिस लाइन पर अवश्य आवेदन कर लें। ताकि पारदर्शिता से लॉटरी प्रक्रिया से आपको रूट आवंटित किये जा सके।

इसके अतिरिक्त आप यदि निर्धारित तिथि तक आवेदन नहीं करते है तो परिवहन विभाग में शहर क्षेत्र के निवास के पते से रजिस्टर्ड वैध ई-रिक्शाओं के विवरण के आधार पर यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग के द्वारा स्वतः ई-रिक्शाओं के रूट निर्धारित कर दिये जायेगें। इस प्रक्रिया के उपरान्त आप बिना रूट निर्धारण के ई-रिक्शाओं को निर्धारित रूट पर नहीं चला पायेगें।

प्रस्तावित रूट प्लानः 1-रूट नं0 1- (शहर क्षेत्र के अन्दर रिंग रोड) रोडवेज बस अडडा-प्रकाश चौक महावीर चौक मीनाक्षी चौक-फक्करशाह चौक-शामली अडडा पुलिस चौकी हनुमान चौक-आबकारी पुलिस चौकी बकरा मार्केट-नावल्टी चौक अस्पताल चौक-घास मण्डी तिराहा अन्सारी रोड मालवीय चौक-मदन स्वीटस-रेलवे स्टेशन-वापस रोडवेज बस अडडा (आना-जाना) (पटी रंग-लाल)

2. लिंक रूट-2- गुरूनानक ढाबा के सामने शहर क्षेत्र की ओर से बुढाना रोड, बुढाना रोड पुलिस चौकी, चरथावल मोड, शनिदेव मन्दिर, शामली/चरथावल बस अढा, शामली चौकी के सामने से ख्र ष्णापुरी-प्रेमपुरी-खालापार क्षेत्र के अन्दर से होते हुए मेरठ रोड सुजडू गांव, राणा चौक बहलना गांव के गेट के सामने तक (नगर पालिका क्षेत्र)। (पटी रंग-नीला)

3. लिंक रूट-3- महावीर चौक, सरकुलर रोड, सुजडू चुंगी पुलिस चौकी राणा चौक बहलना गांव के गेट के सामने तक, जाट कालोनी, परिक्रमा मार्ग, टिकैत चौक, भगीरथ चौक, ए टू जैड कालोनी, अलमासपुर चौराहा-नईमण्डी क्षेत्र, कूकडा चौराहा, बाला जी चौक, जानसठ रोड फ्लाई ओवर के नीचे, भोपा रोड ब्विवकर्मा चौक (नगर पालिका क्षेत्र)। (पटी रंग-हरा)

4. लिंक रूट-4- मदन स्वीटस, गांधी कालोनी, गढी गांव, पचेण्डा गांव फ्लाई ओवर के नीचे तक, सरवट गांव, मल्हूपुरा, साकेत रोड कालोनी के अन्दर, बृहमपुरी कालोनी के अन्दर, अस्पताल चौक वाया मदनी चौक, बागोवाली कट एन.एच. को छोडकर, रूडकी रोड, मिमलाना रोड, न्याजूपुरा, रामलीला टीला, रामपुरी, पाल धर्मशाला, इन्द्रापुरी, सहारनुपर बस अढा, रामपुर तिराहा तक (नगरपालि. का क्षेत्र) (रंग-काला)

5. लिंक रूट-5 (ई-रिक्शाओं की संख्या-50)- प्रकाश चौक, अम्बेडकर चौक, कचहरी, झांसी की रानी, टाउन हॉल, बाला जी चौक, सदर बाजार, मालवीय चौक, न्यू आर्य पुरी, शिव चौक, आलू मण्डी, रूडकी रोड नावल्टी चौक तक (नगरपालिका क्षेत्र) (पट्टी रंग-सफेद)।

चेतावनी के बाद होर्डिंग्स पर चला पालिका का चाबुक

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले होर्डिंग्स के से नाराज कुश्ती कोच ने वह करताल शुरू करने की तो ने पालिका ने तीन होर्डिंग हटाए और 12 अन्य हटाने की तैयारी शुरू कर दी है।

दरअसल सर्कुलर रोड पर पर्यावरण को क्षति पहुंचाते हुए लगाए गए होर्डिंग प्रकरण में नगर पालिका के द्वारा संबंधित विज्ञापन एजेंसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस बात से खफा होकर पर्यावरण प्रेमी एंव तत्कालीन कुश्ती कोच रहे जितेन्द्र सिंह सर्कुलर रोड पर भूख हडताल पर बैठ गए। उनकी भूख हडताल से पालिका प्रशासन में हडकम्प मच गया। पालिका के कर विभाग की टीम ने होर्डिंग को हटाने की तैयारी की जा रही है। पर्यावरण प्रेमी एंव तत्कालीन कुश्ती कोच जितेन्द्र सिंह ने डीएम उमेश मिश्रा से शिकायत की थी कि कि होर्डिंग लगाने को लेकर सर्कुलर रोड पर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।उनके द्वारा एक सामाजिक समिति बनाकर सरकूलर रोड पर पर्यावरण संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। सड़क के दोनों ओर हर वर्ष पेड पौधे लगाए जाते है। कुछ विज्ञान एजेंसियों के द्वारा होर्डिंग लगाने को लेकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। डीएम ने इस मामले में ईओ को कार्रवाई के निर्देश दिए है। पालिका स्तर से कोई कार्रवाई न होने पर जितेन्द्र कुमार सर्कुलर रोड पर भूख हडताल पर बैठ गए। उनके भूख हडताल पर बैठने से पालिका ने उक्त होर्डिंग पर कार्रवाई शुरू कर दी। शनिवार की रात्रि में सर्कुलर रोड से तीन होर्डिंग हटाए गए है। अभी 12 होर्डिंग ओर हटाने की तैयारी की जा रही है।

पुण्यतिथि पर याद किए गए दत्ता

डिप्लोमा इंजीनियरर्स महासंघ ने किया कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। 'उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ' के हृदय सम्राट स्व. आर.के. दत्ता की पुण्य तिथि एवं इं. एम. विश्वेशरैया के जन्मदिन दिवस पर गाँधी कॉलोनी बारात घर में उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ, के बैनर तले 'अभियन्ता दिवस' को हर वर्ष की भांति 'वृहद रक्तदान कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।

जिसमें महासंघ के सभी घटक संघ लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, जल निगम, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद नगर निगम, उ.प्र. मंडी परिषद, लघु सिंचाई विभाग, कृषि विभाग उ.प्र. एवं अन्य विभागों के इंजीनियर्स द्वारा 125 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इं. विकास कुमार, के द्वारा की गयी।

रक्तदान क्रार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. सोमेन्द्र तोमर राज्य मंत्री, द्वारा रक्तदान कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशसा की गयी एवं कहा कि इंजी. नियर्स द्वारा राष्ट्रनिर्माण में महत्वपूर्ण योगदान किया जाता है।

इनके द्वारा किसी भी राष्ट्र के चहुमुखी योगदान में अतुलनीय योगदान किया जाता है। इं. विकास द्वारा भी कहा गया कि इंजीनियर्स आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते है, इंजीनियर्स सिर्फ मशीने या इमारते ही नहीं बनाते बल्की वे देश का भविष्य भी गढ़ते है। कार्यक्रम में इं. अभिषेक कुमार सिंह अधिशासी अभियन्ता नि.ख0-1 लो. नि.वि. मुजफ्फरनगर, इं. अनिल कुमार राना अधिशासी अभियन्ता प्रा.ख. लो. नि.वि. मुजफ्फरनगर, इं. सुधांशु मनो. हर सिंह अधिशासी अभियन्ता ड्रेनेज खण्ड मुजफ्फरनगर, इं. सुभाष चन्द्र गंगा खण्ड मुजफ्फरनगर, इं. मदनपाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, इं. रूपेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष इं. राजेन्द्र कुमार जनपद सचिव (का.) इं. मिनाक्षी, वित्त सचिव, इं. सचिन देव शर्मा, संगठन सचिव, इं. संदीप राज, प्रचार सचिव, इं. यूसी वर्मा, संरक्षक के साथ अभिषेक चौधरी भारतीय जनता पार्टी, कुष्वेन्द्र तोमर, इं. बी.वी. गुप्ता जनपद अध्यक्ष राज्य विद्युत परिषद, इं. बी. आर. शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज्य विद्युत परिषद, इं. मेहर सिंह जनपद अध्यक्ष लोक निर्माण विभाग इं. विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

मुजफ्फरनगरः डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते पदाधिकारी।

शिकायत पर राशन डीलर की दुकान सील

मुजफ्फरनगर। जिला पूर्ति विभाग की टीम ने शिकायत मिलने पर राशन की दुकान सील कर दी है।

योगेन्द्रपुरी में प्रभास एण्ड डीलर की राशन की दुकान के मालिक अमित कुमार पर ग्राहकों से दुव्यर्वहार और राशन बांटने में गडबडी करने के आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की गई थी शिकायत के बाद जिला पूर्ति निरीक्षक आशीष श्रीवास्तव और नायब तहसीलदार प्रीति ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। जांच में स्टाक मिलान के दौरान गेंहू की कमी पाई गई जिसके बाद वितरण केन्द्र को सील कर दिया गया।

पुलिस ने एक ही शिकायत में दो मुकदमें किए दर्ज

चरथावल थाने का मामला, ऑनलाइन होने पर पाई गलती, सुधार की प्रक्रिया हुई शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। पीड़ितों को थाने से लेकर चौकियों तक कितना न्याय मिलता है और कहां तक पीड़ितों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जा सकता है यह आए दिन कोर्ट और पुलिस अधिकारियो के दरबार में देखने को मिल सकता है। फरियादियों की कोर्ट में बढ़ती भीड और न्याय मांगने वालों की पुलिस अधिकारियों के दरबार के भीड से अंदाजा यह होता है कि शायद अब पीड़ित चौकी और थानो से संतुष्ट नहीं है इसलिए उन्हे पुलिस अधिकारियों और कोर्ट से न्याय की आस रहती है, हालांकि शासन से लेकर प्रशासन तक थाने व चौकी तक आने वाले पीड़ित की समस्याओं का समाधान करने के लगातार आदेश देते है इतना ही नहीं सत्यता के आधार पर कार्यवाही के आदेश भी पुलिस प्रशासन संबंधित अधिकारी को दे रहे है, लेकिन अधिकतर मायूस पीड़ितों को पुलिस अधिकारियों का दरवाजा खटखटाना ही पड़ता है। हाल में एक अनोखा ही मामला सुनने को मिला है जो पुलिस की गतिविधियां व कार्यप्रणाली पर सवाल या निशान खडा कर रहा है यह मामला चरथावल थाना क्षेत्र का है। सूत्रों की माने तो गांव नंगला राई निवासी ग्रामीण ने पुलिस को शिकायत करते हुए एक तहरीर दी थी। इस तहरीर के लेखक राजेश कुमार निवासी अलमासपुर है। पीड़ित ने आरोप लगाया था कि तेरह सितम्बर की सवेरे आठ बजे गांव के ही कुछ महिला व लोगों ने घर में घुसकर मारपीट व गाली गलौच की है। चरथावल कोतवाल के निर्देश पर महिला दीवान को इस मामले को धारा 191-2, 333, 115-2, 352, 351 के तहत मामले को दर्ज किया। दर्ज करने के बाद इस मामले को ऑनलाइन पोर्टल पर जारी किया गया। शिकायत कर्ता अनीस पर इन्ही आरोपियों ने ऐसे ही तहरीर देकर मुकदमा दर्ज किया। पहले शिकायत कर्ता का अपराध संख्या 232/25 दिया गया था और दूसरे शिकायत कर्ता को अपराध संख्या 233/25 दिया गया। इस मामले को भी आनलाइन जारी कर दिया गया। इसमे गंभीर बात यह है कि एफआईआर नम्बर 232 तीन बजकर 36 मिनट दिखाया गया जबकि दूसरी एफआईआर 233 में समय चार बजकर 18 मिनट दिखाया गया। इस मुकदमें को भी महिला हेड कास्टेबल कामिनी द्वारा दर्ज किया गया। जब पुलिस की गंभीर कमी पता लगा तो इसकी शिकायत चरथावल कोतवाल से की गई इस्पेक्टर जसवीर सिंह ने बताया कि किसी कारण से गलती होने पर एक ही शिकायत की दो एफआईआर दर्ज हो गई है। उन्होने थाने के मुंशी द्वारा की गई भूल को माना। वहीं एफआईआर सीसीटीएनएस पोर्टल पर अपने आप ही जारी हो गई।

इसकी ऑनलाइन कॉपी भी जारी हुई, हालांकि यह मामल अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा जिसके बाद कोतवाल के आदेश पर एफआईआर को निरस्त करा दिया गया है। बता दे कि मुकदमें के लिए एफआईआर जरूरी होता है अब पुलिस एफआईआर निरस्त में कौन सी प्रक्रिया का पालन करती है यह सोचनीय विषय है।

पंजाब के आपदा पीड़ितों के लिए आगे आए कलेक्ट्रेट के कर्मचारी

■ कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ ने दिया एक लाख रुपये का सहयोग

शाह टाइम्स संवाददाता

मुज़फ्फरनगर। पंजाब में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की मदद के लिए मुज़फ्फरनगर के कलेक्ट्रेट कर्मचारी आगे आए हैं। उत्तर प्रदेश मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ ने आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए एक लाख रुपये की राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में प्रदान की है।

इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष अम्मार हैदर और जिला मंत्री मनीष शर्मा ने बताया कि यह सहयोग राशि संघ के सभी कर्मचारियों के योगदान से जुटाई गई है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में कलेक्ट्रेट परिवार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है और समाज के सभी वर्गों को आगे आकर राहत कार्यों में सहयोग करना चाहिए।

सहायता राशि प्रदान करने के दौरान अध्यक्ष अम्मार हैदर, जिला मंत्री मनीष शर्मा के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीता देवी, जिला उपाध्यक्ष पंकज कुमार और शेखर वर्मा, संरक्षक जनेश्वर सिंह, संयुक्त सचिव धीरज पाल शर्मा, सांस्कृतिक मंत्री रमी मलिक तथा संगठन मंत्री पुष्पेन्द्र सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा शैफालिका साहनी, नरेंद्र कुमार, सुभाष राठी, पीयूष कुमार, सविन कुमार, विजय कुमार, उमेश कुमार, संजय कुमार, दिनेश त्यागी, कृष्ण कुमार, आशीष कुमार, प्रभु कुमार, कंट्रोल रूम के इंचार्ज गुलफाम के साथ-साथ उनके सहयोगी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष और सचिव ने सभी कर्मचारियों के योगदान के लिए विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह राशि केवल आर्थिक सहयोग नहीं बल्कि मानवीय संवेदना का प्रतीक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि समाज के अन्य वर्ग भी इस आपदा की घड़ी में आगे आकर राहत कार्यों में सहयोग प्रदान करेंगे।

युवाओं के लिए वरदान है डिजिटल मार्केटिंग :जाकिर

■ डिजिटल केयर सेंटर पर बांटे गए सर्टिफिकेट व सैलरी के चेक

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। शहर के सिटी सेंटर मार्किट में डिजिटल कैरियर सेंटर की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें डिजिटल मार्केटिंग करने वाले युवाओं को उनकी मेहनत के अनुसार उनकी सैलरी के चेक व सर्टिफिकेट वितरित किए गए। मशहूर उद्योगपति एवं समाजसेवी जाकिर अली राणा ने अपने हाथों से डिजिटल करियर सेंटर पर कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट व चेक वितरित किए। इस दौरान सैलरी के चेक और डिजिटल करियर से संबंधित सर्टिफिकेट पा कर सभी के चेहरे भी खिलते हुए दिखाई दिए। मुख्य अतिथि के रूप में सभी को संबोधित करते हुए जाकिर राणा ने कहा कि भारत में युवाओं को बड़ी मेहनत करनी होगी डिजिटल प्लेटफार्म एक बहुत बड़ा प्लेटफार्म है यहां पर पैसा कमाने की असीम संभावनाएं हैं उन्होंने कहा कि यू एस के अंदर आज भी युवा चाहे वह गरीब परिवार से हो या अमीर वह 2 घंटे काम जरूर करते हैं लेकिन भारत में ऐसा नहीं है उन्होंने कहा कि अगर युवाओं को बहुत तरक्की करनी है तो उन्हें मेहनत भी करनी होगी। इस दौरान जाकिर राणा ने सभी बच्चों को लैपटॉप के बैग भी वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन क्रिएशन ग्रुप के अध्यक्ष अरशद गड्डू ने किया साथ ही डीसीसी की तरफ से सेंट्रल संचालक मोहम्मद आसिफ खान व मोहम्मद कलीम मौजूद रहे उन्होंने बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि जिन लोगों ने मेहनत की है उनकी सैलरी आनी शुरू हो गई है फिलहाल सबसे बड़ी सैलरी 13000 की वितरित की गई।

मोहम्मद कलीम व मोहम्मद आसिफ ने कहा कि डिजिटल की दुनिया बहुत बड़ी है और यह दौर भी डिजिटल का है जो जितनी मेहनत करेगा उतनी सफलता पाएगा इस दौरान केंद्र के मैनेजमेंट को संभाल रहे अरहम अली ने सभी अतिथियों का सम्मान किया और वहां की सारी व्यवस्था संभालीं।

इस दौरान पत्रकार शावेज खान व उस्मान राणा के साथ-साथ भारी संख्या में डीसीसी के छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

मुजफ्फरनगरः डीसीसी सेन्टर पर छात्राओं को सर्टिफिकेट व चेक वितरित करते जाकिर राणा।

महिला पर हमला आरोपी गिरफ्तार

बघरा। तितावी क्षेत्र के गांव मांडी में महिला पर जानलेवा हमला करने के आरोप में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने महिला के पिता द्वारा दी गई तहरीर पर कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

इरशाद पुत्र अब्बास निवासी भज्जू थाना बाबरी ने तितावी पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि साकिब पुत्र मौहम्मद अली निवासी मांडी ने उसकी बेटी अंजुम पर हत्या के इरादे से हमला किया है जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़ित ने अन्य लोगों पर भी गंभीर आरोप लगाए है पुलिस ने इरशाद द्वारा दी गई तहरीर पर साकिब सहित कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी साकिब को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपियों की भी जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

परिवार को सोता छोड़कर फुर हुई दुल्हन

मयके में आई थी मिलने, जेवर व नकदी भी ले गई साथ

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। एक पखवाड़े पूर्व शादी करने के बाद मयके में मुलाकात के बहाने आई युवती अपने प्रेमी के साथ घर का सामान लेकर फरार हो गई। खाना खाने के बाद परिवार के लोग बेहोश होकर सोते रहे और लडकी व युवक नगदी व जेवर लेकर साफ हो गई। पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही शुरू कर दी है।

खालापार कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला एक पीड़ित व्यक्ति थाने पहुंचा और कोतवाल के समक्ष पेश होते हुए उसने अपनी पीड़ा सुनाई। शिकायतकर्ता का दुखडा था कि शादी के 17 दिन बाद ही उसकी बेटी सोते समय घर से फरार हो गई। पीड़ित ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी अगस्त माह में की थी। शादी के बाद रिति रिवाज के चलते उसकी बेटी ससुराल चली गई थी पीड़ित का कहना है कि दो दिन पूर्व उसकी बेटी ससुराल से मयके में मिलने आई हुई थी।

पीड़ित ने साफ कहा कि मिलने के बहाने वह घर आई और रात के समय वह घर से गायब हो गई। शिकायत कर्ता की पीड़ा तो यह भी है कि उसकी बेटी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर परिवार के लोगों को खाने में नशीला पदार्थ दे दिया। खाना खाने के बाद परिवार के सभी लोग बेहोश होकर सो गए और उसी का फायदा बेटी व उसके प्रेमी ने उठाया। आरोप है कि लडकी व उसका प्रेमी घर में रखी हजारों की नगदी, लाखों रूपये के जेवर समेटकर ले गए है। पुलिस का कहना है कि वह गुपचुप तरीके से अपनी बेटी की तलाश करता रहा। उसको डर था कि कही भेद खुल जाने से समाज में उसकी इज्जत मिट्टी में न मिल जाए। वह तो यही कोशिश करता रहा कि किसी तरह उसकी बेटी वापस आ जाए और उसका घर वहीं बसे जहां उसकी शादी हुई है। जब बेटी वापस नहीं लौटी और आरोपी भी अपनी हठधर्मी पर रहा तो थक हारकर पीड़ित को शिकायत करने के लिए थाने आना पड़ा। पुलिस ने पीड़ित पिता से तहरीर ली और युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

नए आदेश से हज़ारों शिक्षकों का भविष्य संकट में

■ ज्ञापन देकर उठाई शिक्षकों का पक्ष सुनने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

मुज़फ्फरनगर। सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षकों की योग्यता को लेकर सुनाए गए फैसले के बाद प्रदेश भर के शिक्षकों में गहरी चिंता और आक्रोश व्याप्त है। सैंकड़ो शिक्षकों ने सोमवार को ज़िलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज कराया और ज्ञापन सौंपा। संघ ने ज्ञापन में मांग की कि उत्तर प्रदेश सरकार, महाराष्ट्र और तमिलनाडु की तरह ही शिक्षकों को राहत प्रदान करे।अदालत ने स्पष्ट किया है कि वर्ष 2011 से लागू बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई 2009 के तहत नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।

इसके बाद से वे सभी शिक्षक जो बिना टीईटी पास किए वर्षो से सेवा दे रहे हैं, उनकी नियुक्ति पर प्रश्नचिह्न लग गया है। इस निर्णय को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले सैंकड़ो शिक्षकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया। ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी शैफालिका साहनी को दिया गया। मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के नाम दिए गए ज्ञापन मे विशेष अध्यादेश लाकर इस काले कानून को निरस्त करने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष अरविन्द मलिक ने यह चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ही इस मामले पर ठोस कदम नहीं उठाया तो शिक्षक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। अब देखना होगा कि उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षकों की इस गंभीर समस्या को हल करने के लिए क्या रणनीति अपनाती है। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इतने बड़े पैमाने पर नियुक्तियों को अस्वीकार करना न तो व्यावहारिक है और न ही शिक्षा के हित में। इस अवसर पर जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के ज़िलाधक्ष संजीव बालियान, महासंघ जिलाध्यक्ष अरविन्द मलिक, सोनू कुमार, जय गिरी, योगेश देशवाल, विक्रांत कुमार,मंजू, सुभाष मलिक,गोवर्धन, मुकेश मलिक, नितिन, अलका रानी, अजय तोमर, कुलदीप पंवार, ज्योति, बिजेंद्र, गीता, संगीता, संजीव मोरना, इम्तियाज़ अली, महबूब अली, शमह्ल राठी, अंजुला, बृजपाल राठी, धीर सिंह, अक्षय, दिनेश बालियान, मुकेश वर्मा, वंदना, सचिन, धर्मेन्द्र, सचिन आदि मौजूद रहे।

महिला सभासद फरीदा की बुखार से मौत

विपक्ष के झांसे में न आकर दिया था वफादारी का सबूत

शाह टाइम्स संवाददाता

बुढ़ाना। नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 9 की 34 वर्षीया महिला सभासद फरीदा उस्मानी की आज सोमवार की प्रथम रात्रि निमोनिया बुखार की चपेट में आ जाने से मेरठ शहर के एक निजी हस्पताल में उपचार के चलते मौत हो गयी। उनके निधन से बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। उनको दोपहर के समय 2 बजे के करीब मीराजी कब्रिस्तान में सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में नम आंखों से सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। बताया जाता है कि सभासद फरीदा को 03 दिन पहले हल्का सा बुखार आया था। तब उनको कस्बे के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। जहां हालत बिगड़ने पर उनको बीते दिवस मेरठ के निजी हस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अर्ध रात्री साढ़े 3 बजे फरीदा ने दम तोड दिया। उनका शव आज सुबह बुढ़ाना में उनके आवास पर लाया गया। जहां मौहल्ले में शोक की लहर दौड़ गयी। सभासद फरीदा लगभग सवा 02 साल पहले दक्षिणी भटवाड़ा के वार्ड नंबर 9 से सभासद निर्वाचित हुई थी। उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी शबाना मलिक को हराया था। फरीदा को अपने वार्ड से 630 वोट मिली थी। जिसमें वे निर्वाचित हुई थी। फरीदा ने अपना समर्थन मौजूदा चौयरपर्सन उमा त्यागी को दिया हुआ था। सुत्रों के अनुसार विपक्ष ने उनको अपने पाले में लेने के लिए बहुत मोटा लालच दिया था लेकिन वे अपने ईमान को नहीं डगमगा सकी। फरीदा की दो पुत्री व दो पुत्र हैं। उधर फरीदा के पति नौशाद को लोगों ने सांत्वना दी।

सभासद रहते शहाबुद्दीन की भी हुई थी मौत

बुढ़ाना। नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 16 के सभासद शहाबुद्दीन मुन्नन की भी सभासद रहते बीमारी के चलते मृत्यु हो गयी थी। उनकी मृत्यु बीती 14 दिसम्बर सन 2019 को हुई थी। वे सभासद बनने से पहले बुढ़ाना नगर पंचायत के दो बार अध्यक्ष भी रहे।

उनकी पत्नि रिहाना ने भी चुनाव लडा था लेकिन वे बाला त्यागी से पराजित हो गयी थी। सभासदी में उनको वार्ड 16 से कुल 377 वोट मिली थी। जिसमें उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सूफियान कुरैशी को कुल 10 वोटों से हराया था। शहाबुद्दीन की मृत्यु के बाद वार्ड में उप चुनाव होना था लेकिन चुनाव हो नहीं पाया था। आज फरीदा के निधन से वार्ड नंबर 09 खाली हो गया। उनकी मौत की खबर के 24 घंटे बाद ही वार्ड में उपचुनाव की सुगबुगाहट भी शुरु हो गयी है। वैसे अगर उपचुनाव होता है तो वो अगले साल ही होगा।

एसएम महाविद्यालय में विद्यार्थियों को टैबलेट वितरत

शाह टाइम्स संवाददाता

पुरकाजी। सोमवार को पुरकाजी बाईपास पर एस.एम. महाविद्यालय में बी.ए., बी.कॉम. के छात्र-छात्राओं को शासन से उपलब्ध टैबलेट वितरित किए गए है।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि भाकियू जिलाध्यक्ष(टिकैत) एवं पूर्व ग्राम प्रधान (भुराहेडी)नवीन राठी द्वारा शासन से प्राप्त टॅबलेट छात्र छात्राओं को वितरित कर उनकी उज्जवल भविष्य की कामनाएं की है तथा टॅबलेट का सदुपयोग करने की सलाह दी है। महा विद्यालय सचिव सलमान सईद द्वारा भी छात्र-छात्राओं को टैबलेट के सदुपयोग कर उज्जवल भविष्य की कामना की गयी है तथा सभी छात्र छात्राओ को राष्ट्र सेवा कर परिवार का नाम रोशन करने की सलाह दी गयी है। इस अवसर पर महाविद्यालय निर्देशिका डॉ. शाहिना ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सिराजुद्दीन कुरैशी ने किया, तथा समस्त महाविद्यालय शिक्षण स्टाफ ने अपना मूल्य सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया। लाभार्थी विद्यार्थीगण और उनके परिजन बहुत खुश नजर आए, तथा कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।

सरलता, उदारता सतगुरु की पहचान है: गोरधनदास

शाह टाइम्स संवाददाता

मुज़फ्फरनगर। संत शिरोमणि रविदास महाराज के परम् भक्त व जनआस्था के प्रतीक स्वरूप सतगुरु समनदास महाराज का 106 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित सतसंग मे अनुयायियों ने भारी संख्या मे भाग लेकर गुरु बन्दगी की केबिनेट मन्त्री अनिल कुमार ने भी कार्यक्रम मे शिरकत कर संतो का आशीर्वाद लिया।

मुज़फ्फरनगर के शाहपुर मार्ग पर नयागांव मंधेड़ा मे सतगुरु समनदास महाराज के जन्मोत्सव अवसर पर रविवार की शाम सतसंग का आयोजन किया गया। जहां पुष्प वर्षा कर गुरु गोरधन दास महाराज का भव्य स्वागत किया गया। गुरु गोरधन दास महाराज ने अपने आशीवचन मे कहा की सतगुरु की कृपा से ही जीवन मे सुख प्राप्त होता है। सतगुरु भगवान की भक्ति का माध्यम हैं। परम् गुरु रविदास महाराज की कृपा से आमजन का कल्याण हुआ।सतगुरु समनदास महाराज ने सरल स्वभाव से गुरु के संदेश को जनजन तक पहुंचाने का कार्य किया। केबिनेट मन्त्री अनिल कुमार ने कहा की मानवसेवा भी भक्ति के समान है।सतगुरु का संदेश व कृपा प्रत्येक के लिए है।गुरु समनदास महाराज जैसे संत विरले ही होते हैं। उनका जीवन आदर्श है। उनकी प्रेरणा पाकर करोड़ो का जीवन धन्य हुआ है।

वाद के निस्तारण हेतु प्रतिवादी की उपस्थिति के लिये समन
आदेश 5 नियम 1 व 5
न्यायालय सिविल जज (सीनियर डिवीजन) मुजफ्फरनगर।
वाद संख्या 152 सन 2024
पंजाब एण्ड सिंध बैंक, बैंककारी कम्पनियाँ (उपक्रम का अर्जन और अन्तरण अधिनियम 1980) के अर्न्तगत गठित एक निगमित निकाय, जिसकी एक शाखा ग्राम मोरना परगना भोकरहेडी तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर, द्वारा मुख्य प्रबन्धक ......**वादी**
बनाम (श्रीमति सुरेशवती व अन्य)
1- श्रीमति सुरेशवती पत्नि स्वर्गीय छत्रपाल सिंह, 2- धर्मेन्द्र पुत्र स्वर्गीय छत्रपाल सिंह, 3- प्रवेन्द्र पुत्र स्वर्गीय छत्रपाल सिंह, निवासीगण ग्राम खोकनी, डाकखाना तिस्सा, परगना भोकरहेडी, तहसील जानसठ, जिला मुजफ्फरनगर। 4- महक सिंह पुत्र लालूराम निवासी ग्राम मोरना डाकखाना मोरना परगना भोकरहेडी, तहसील जानसठ, जिला मुजफ्फरनगर। ....**प्रतिवादीगण**
आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी ने आपके विरुद्ध रिकवरी के लिये वाद न्यायालय में योजित किया है आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का उत्तर प्रत्र प्रस्तुत करने के लिये उपसंजात उपस्थित होने के लिए दिनांक 08 माह 10 वर्ष 2025 को दिन में 10:00 बजे के लिये यह समन प्रेषित किया जाता है आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार अधिवक्ता द्वारा उपसंजात होकर इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय मे आपकी उपसंजाती (उपस्थित) के लिये उक्त तिथि नियत की गयी है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात उपस्थित नहीं होगे तो उस दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति मे गुण दोष पर किया जावेगा। आज दिनाकं 12 माह 09 सन 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।
आज्ञा से
सिविल जज (सीनियर डिविजन)
मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)।

महिला चालक ने रोड पार कर रहे वृद्ध को मारी टक्कर

बुढ़ाना। तेज रफ्तार एक अज्ञात वाहन चला रही महिला चालक ने सड़क पार कर रहे एक वृद्ध को जोर की टक्कर मारकर मरणासन्न कर दिया और वाहन सहित फरार हो गयी।

घायल वृद्ध को सीएचसी लाया गया लेकिन चिकित्सकों ने गंभीर हालत में वृद्ध को हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया। घटना की सूचना वृद्ध के पुत्र ने बुढ़ाना पुलिस को देते हुए महिला चालक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है। नौशाद उस्मानी पुत्र आसिक अली निवासी कर्बला रोड बुढ़ाना ने पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि आज सोमवार की प्रात करीब 8 बजे उसके पिता आसिक मेरठ वाया करनाल हाईवे पर विज्ञाना रोड के समीप होटल के पास रोड पार कर रहे थे। तभी एक अज्ञात वाहन की महिला चालक ने तेजी और लापरवाही से चौपहिया वाहन चलाते हुए उसके पिता को जोरदार टक्कर मार दी और वाहन सहित फरार हो गयी व उधर वाहन की टक्कर लगते ही उसके पिता गंभीर रुप से घायल हो गये। महिला मेरठ से शामली की और जा रही थी। घटना के तुरंत बाद लोगों ने उसके पिता को गंभीर हालत में सीएचसी बुढ़ाना में लाकर भर्ती कराया तो उनको पता लगने पर वे सीएचसी पहुंचे और लोगों से घटना की जानकारी ली। उसके पिता का दांया पैर टूट गया। सर, छाती व नाक में चोट हैं। पुलिस ने तहरीर लेकर सीसीटीवी कैमरों के आधार पर महिला चालक की तलाश शुरु कर दी है।

जैन गर्ल्स पीजी कॉलेज में जॉब प्लेसमेंट का आयोजन

मुजफ्फरनगर। जैन कन्या पाठशाला पीजी कॉलेज में छप्ड, नेशनल इंस्टीटड्ूट ऑफ़ सिक्योरिटी मार्केट ऑफ़ इंडिया ,प्लेसमेंट एंड इन्नोवेशन सेल,एल्युमनी एसोसिएशन,जे के पी पी जी कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में फाइनेंसियल एजुकेशन एंड कैरियर गाइडेंस विषय पर पांच दिवसीय वर्कशॉप/ सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सीमा जैन , राजीव जैन एवं जलज जैन ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्राचार्य प्रोफेसर सीमा जैन ने छात्रों को स्वावलंबी बनने पर जोर दिया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से लेकर 2:00 तक किया गया जिसमें लगभग 100 बच्चों ने भाग

लिया।राजीव जैन ने विद्यार्थियों को अटल पेंशन योजना के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। उन्होने छात्राओं को कैरियर के बारे मे नयी बातें समझाई। उन्होंने सारथी एप की महत्वता छात्राओं से साझा की। म्युचुअल फंड एवं लिक्विडिटी बॉन्ड के विषय में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कॉलेज की प्लेसमेंट एंड इन्नोवेशन सेल समन्वयक डॉक्टर सविता वसिषठ, सह समन्यवक डॉ मनीषा अग्रवाल, डॉ वंदना शर्मा, डॉ अक्षय कुमार एल्युमनी एसोसिएशन की समन्यवक डॉ सविता वशिष्ठ, डॉ वरचसा सैनी , डॉ पारुल जैन, डॉ अमरदीप गोयल आदि सभी सम्मिलित रहे।

फिल्म फेस्टिवल के फाइनल में अधूरा ख्वाब ने बनाई जगह

बुढ़ाना। कस्बा बुढ़ाना और क्षेत्र में कई स्थानों पर विगत दिवस शूट की गयी एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी के मंझले भाई फैजुद्दीन सिद्दीकी की बालीवुड फिल्म अधूरा ख्वाब ने बैंकाक इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हजारों फिल्मों को पछाडते हुए फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है।

अब अधूरा ख्वाब का मुकाबला फाइनल में पहुंची अन्य 20 फिल्मों से होगा। जो फिल्म अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्यूरी को पसंद आएगी उस फिल्म को जीत का खिताब मिलेगा। इस फिल्म में बुढ़ाना के कई कलाकारों ने अभिनय किया है। जिसमें मुरसलीन कुरैशी, नईम राणा, सिद खान, प्रशांत शर्मा व राजपाल आदि हैं। फिल्म में अली मर्चेंट, सोनिया शर्मा, दानिश खान व अलमासुद्दीन ने मुख्य भूमिकाएं कर जान डाल दी है। फिल्म के निर्माता फैजुद्दीन सिद्दीकी, सबा सिद्दीकी और क्रिएटिव प्रोडड्सर शिव चौधरी व निर्देशक शादाब खान हैं। फिल्म की कहानी व स्क्रीन प्ले फैजुद्दीन सिद्दीकी ने खुद लिखी है। फिल्म के क्रियेटिव डायरेक्टर फैजुद्दीन सिद्दीकी हैं। इस फिल्म की कहानी हो या फिर स्क्रीन प्ले फैजुद्दीन ने बाखूबी अंजाम दिया है। फिल्म बुढ़ाना व आसपास के गांवों में शूट की गई है। बैंकॉक इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का फाइनल रिजल्ट अक्तूबर माह में आएगा। जिस पर सभी की निगाहें लग गयी हैं।

मुस्लिम लावारिस मृतक को कब्रिस्तान में किया सुपुर्दे खाक

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। सड़क पर ठेला लगाने वाली सिंगल मदर समाज सेवा में कीर्तिमान स्थापित करने वाली पहली महिला ने समाज सेवा में अपने नाम की अलग ही पहचान बनाई हैं।

शहर के मौहल्ला दक्षिणी कृष्णा पुरी निवासी साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिकारी शालू सैनी ने समाज सेवा करने में सबका रिकॉर्ड तोडने में कामयाबी हासिल की हैं।

पहले क्रांतिकारी शालू सैनी को साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में जाना जाता था, मगर समाज सेवा के क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से क्रांतिकारी शालू सैनी द्वारा उठाये गये एक कदम ने उनको प्रदेश के साथ साथ समूचे देश में लावारिसों की वारिस के नाम से प्रसिद्ध कर दिया हैं। बतादे कि यह उपलब्धि चंद समय में ही हासिल कर ली गई। समाज सेवा तो क्रांतिकारी शालू सैनी बहुत पहले से करती आ रही हैं, मगर लॉक डाउन के समय में लोगों का दर्द सहन नही हो पाया और अपना जीवन समाज सेवा के लिए अर्पण करने की मन में ठान ली।

क्रांतिकारी शालू सैनी द्वारा समाज सेवा करने के लिए मन से लिए गये फैसले व सुदृढ निश्चय के कारण ही आज लावारिसों की वारिस क्रांतिकारी शालू सैनी हजारों करोडो की संख्या में फैंस उनको अपना आइडियल मानते हैं और उनके बताये गये रास्तो को अपने जीवन मे उतारकर क्रांतिकारी शालू सैनी के आदर्शो पर चलना चाहते हैं।

शहर के थाना कोतवाली क्षेत्र से मुस्लिम लावारिस लाश की सूचना पर क्रांतिकारी शालू सैनी द्वारा मौके पर जाकर लावारिस को अपनाते हुए उसको अपना नाम दिया और विधि विधान पूर्वक कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया क्रांतिकारी शालू सैनी की इस सेवा से अपने प्रदेश ही नहीं पडोसी राज्यों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि एक महिला होने के बावजूद समाज सेवा के प्रति इस कदर पागल होना और महिलाओं के एक मिशाल बनकर उभरना काबिले तारीफ हैं।

महावीर चौक बिजलीघर की सप्लाई तीन दिन रहेगी बाधित

मुज़फ्फरनगर। विद्युत नगरीय वितरण उपखण्ड द्वितीय महावीर चौक के उपखण्ड अधिकारी प्रांशू त्यागी ने बताया कि 16 सितम्बर से 18 सितम्बर तक महावीर चौक लाईन पर कार्य होने के कारण प्रात: 10 बजे से 3 बजे तक तथा नुमाईश कैंप लाईन पर 16 व 17 सितम्बर को प्रात: 10 बजे से सांय 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। जिस कारण क्षेत्र के उपभोक्ता पहले से ही जरूरी तैयारियां कर लें, ताकि शडटाउन के दौरान उन्हे जलआपूर्ति सहित अन्य असुविधाएं न हो।

खतौली में आज रात ऑल इंडिया मुशायरा

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। श्रावणी छड़ियान मेले के अवसर पर नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में मंगलवार रात 9 बजे नगर पालिका परिषद प्रांगण में यादगार उस्ताद सुनहैरा मल सैद व सलीम खतौलवी ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन होगा। मुशायरे के कन्वीनर सभासद सोनू फरीदी ने मुशायरे के मुशीरे खास परवेज़ गाज़ी के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक मदन भैय्या बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। मुशायरे की अध्यक्षता चेयरमैन हाजी शाहनवाज़ लालू करेंगे, जबकि उद्घाटन सपा नेता काज़ी नबील अहमद और समाजसेवी हसन अली द्वारा शमां रोशन कर किया जाएगा।मुशायरे में देशभर से प्रसिद्ध शायर अपनी बेहतरीन रचनाएँ प्रस्तुत करेंगे। इनमें नदीम फर्रुख, महशर

अफरीदी, अबरार काशिफ, अज्म शाकरी, शबीना अदीब, खुर्शीद हैदर, अल्ताफ जिया, बिलाल सहारनपुरी, आदिल रशीद, हाशिम नोमानी, मीसम गोपालपुरी, निकहत अमरोहवी, हिमांशी बाबरा, सिकंदर गड़बड़, सज्जाद झंझट, इस्माइल नज़र, नदीम अनवर, अमजद खान सहित कई नामचीन शायर शामिल होंगे। कन्वीनर सोनू फरीदी ने कहा कि इस वर्ष का ऑल इंडिया मुशायरा ऐतिहासिक आयोजन होगा और इसमें बड़ी संख्या में श्रोता शामिल होकर शायरी की महफ़िल का आनंद लेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान मुशीरे खास परवेज़ गाज़ी, सभासद असद शालू, मास्टर सत्तार रज़ा, दानिश मुल्तानी तथा फेमस खतौलवी भी मौजूद रहे।

एम्बीस एकेडमी में हिंदी दिवस का भव्य आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

जानसठ। एम्बीस एकेडमी के प्रांगण में हिंदी दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस शुभ अवसर पर, विद्यालय की छात्राओं ने अपनी मधुर वाणी में कविता पाठ प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रेरणादायक भाषण दिए और अपने विचारों को खूबसूरती से व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने हिंदी दिवस से संबंधित आकर्षक पोस्टर भी बनाए, जिनके माध्यम से उन्होंने हिंदी के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को कलात्मक रूप से दर्शाया। कार्यक्रम के दौरान, विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज गुप्ता ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए कहा, हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान है।

सार्वजनिक सूचना
मेरे पुत्री अनम चौधरी के स्कूल रिकॉर्ड में मेरा नाम साजिद अली (SAJID ALI) है जोकि गलत है, जबकि मेरा सही नाम चौधरी साजिद अली (CHAUDHARY SAJID ALI) है।
चौधरी साजिद अली पुत्र चौधरी सलाऊदीन
निवासी: म0नं0-926, ग्राम पुरबालियान, जिला मुजफ्फरनगर।

नाम परिवर्तन सूचना
मैं ने अपना नाम MOHMMED MUAZ से बदलकर MOHAMMAD MUAAZ रख लिया है। भविष्य में मुझे MOHAMMAD MUAAZ S/O MOHAMMAD AZHAR के नाम से जाना व पहचाना जाए।
HOUSE NO 85, BAJHERI, BAGOWALI, MUZAFFARNAGAR UTTAR PRADESH-251001.

सम्बन्ध विच्छेद सूचना
मेरा बेटा राजेन्द्र परिवार से अलग रहता है और वह बडा झगडालु है। आये दिन उसके व उसकी पत्नी व छोटे पुत्र कृष्ण के साथ मारपीट व गाली-गलौच करता है। तीन माह पूर्व उसने व उसके लडको अंकित व रोहित ने मेरी पुत्री सविता के साथ मारपीट की थी और मुझे व मेरी पत्नी को जानी नुकसान पहुंचाकर सम्पत्ति हडपना चाहता है। इस कारण मैने अपने पुत्र राजेन्द्र को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा मैने व परिवार ने राजेन्द्र से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। आज के बाद राजेन्द्र के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा
गरीबा पुत्र सोनू निवासी ग्राम पचैण्डा कला थाना नई मंडी जिला मुजफ्फरनगर

नाम परिवर्तन सूचना
मैं ने अपना नाम AMIR USAMMA से बदलकर AMEERUSSAMA रख लिया है। भविष्य में मुझे AMEERUSSAMA W/O MOHAMMAD AZHAR के नाम से जाना व पहचाना जाए।
HOUSE NO 85, BAJHERI, BAGOWALI, MUZAFFARNAGAR UTTAR PRADESH-251001.

गौसेवा हमारी साधना और धर्म का प्रतीक : राजेंद्र देवाचार्य

शाह टाइम्स संवाददाता

मोरना। भागवत उद्गम स्थली शुकतीर्थ स्थित हनुमान धाम में भागवत कथा आठवें दिन रेवासा वृंदावन से पधारे मलूक पीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्र देवाचार्य महाराज ने अपने प्रवचन मे गौ सेवा को श्रेष्ठ कर्म बताया तथा भगवान कृष्ण की लीलाओं का व्याख्यान किया।

कथा व्यास स्वामी राजेंद्र देवाचार्य ने कहा की अशुभ मुहूर्त में रावण ने जानकी माता को कष्ट दिए इसलिए उसका परिवार नष्ट हुआ।भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं में विलेषना है, शुभ संगत रतन है। वृंदावन धाम पूजनीय है, भगवान धाम में भेद नहीं। अगर भगवान के चरणरज मिल जाए तो आप बैकुंठ को प्राप्त होंगे। हमारे आराध्य ,उपासना, धन, गोधन है। गोवंश चराना हमारी साधना और धर्म का प्रतीक है। ग्वालिए सनातन धर्म का पालन ढंग से करते हैं। अच्छा मुहूर्त जल्दी नहीं आता उसकी प्रतीक्षा करनी पड़ती है।जहां पर भी गौशाला हो वहां पर गोदान करने वालों के नाम अंकित होने चाहिए। जहां सूर्य वही दिन, जहां राम जी वही अयोध्या, जहां ठाकुर जी वहीं वृंदावन। आपके नजदीक देवबंद है वहां पर ठाकुर श्री नौरंगीलाल मंदिर में दर्शन जरूर करें मंदिर के चारों ओर से हिंदू पलायन कर चुके हैं, सुरक्षा कैसे होगी। उत्सव महोत्सव कैसे होंगे। तीर्थ में गोवंश रक्षा और स्मरण करोगे तो संपूर्ण ब्रह्मांड में गूंज होगी। गोदान करने वाले चंद्रमा की तरह चमकते हैं। गाय साक्षात भगवान की प्रति मूर्ति है। इससे पूर्व व्यास पीठ का आर के टंडन, डॉ. उमाकांत बजाज, प्रवीण कुमार ,डीके अग्रवाल आदि ने पूजन कर कथा व्यास से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान जगतगुरु विजय देवाचार्य भैया जी महाराज, स्वामी आनंद स्वरूपानंद महाराज, स्वामी विवेकानंद महाराज, स्वामी गीतानंद गिरी महाराज, सर्वेश पर पन्नाचार्य, राजीव गुप्ता ,जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

बेसहारा कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण की मांग तेज

खतौली। शहर में बेसहारा और बीमार पशुओं की सेवा में सक्रिय सामाजिक संगठन एलआईसी एनिमल ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने शहर में बेसहाराश्वानों की नसबंदी एवं टीकाकरण अभियान चलाने की मांग की। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत अरोरा, कोषाध्यक्ष अखिलेश पंडित, संरक्षक मदन छाबड़ा तथा राजू अहलावत ने कहा कि इस संबंध में पहले भी कई बार पालिका को पत्र दिए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 51ए (जी) के तहत प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह पर्यावरण और जीव-जंतुओं के प्रति दया भाव रखे।उन्होंने बताया कि लापरवाही और गलत व्यवहार के चलते कई बार कुत्ते आक्रामक हो जाते हैं। अनेक घटनाओं में उन्हें जंगलों में छोड़ने अथवा मारने की बातें सामने आई हैं। ऐसे कृत्य पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 तथा पशु जन्म नियंत्रण नियमावली 2021 के तहत अपराध हैं। संगठन ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय और जन्म नियंत्रण नियमावली के अनुसार बेसहाराश्वानों की समस्या का स्थायी व मानवीय समाधान केवल नसबंदी और टीकाकरण है, जिसकी जिम्मेदारी स्थानीय निकायों पर है। उन्होंने कहा कि नगर के कई नागरिक भी इस समस्या से निजात पाने के पक्षधर हैं और वार्डों के कई सभासदों ने लिखित समर्थन दिया है। संगठन ने पालिका ईओ से आग्रह किया कि जल्द से जल्द नगर में नसबंदी एवं टीकाकरण अभियान शुरू कर बेसहारा कुत्तों की समस्या का मानवीय समाधान किया जाए। ज्ञापन देने वालों में राजेंद्र राजपूत, अनमोल रावत, सरिता रावत, महासचिव निकिता मोगा, पंकज भूटानी, मनोज आहरण सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, मुजफ्फरनगर

निविदा सूचना

राजकीय औद्यानिक प्रक्षेत्र लोई, मुजफ्फरनगर पर वर्ष 2025-26 में लक्षित 170000 वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम अन्तर्गत बीजू फलदार पौधों का उत्पादन किया जाना है जिसमें उत्पादन योग्य मिट्टी, बालू तथा गोबर की खाद की आपूर्ति किए जाने हेतु प्रति घन मीटर की दरें प्रस्तुत किए जाने के लिए दिनांक 30.09.2023 को दोपहर 12.30 बजे तक मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन गठित कमेटी के समक्ष अपरान्ह 3.00 बजे खोली जाएंगी। इस सम्बन्ध में इच्छुक फर्म निर्धारित शुल्क जमा कराकर निविदा पत्र किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, कमला नेहरू वाटिका मुजफ्फरनगर से टैण्डर प्रपत्र मूल्य रू0 200.00 कार्यालय कैशियर के पास जमा कराकर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा सम्बन्धी आपूर्ति की शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है तथा किसी भी कार्यदिवस में राजकीय कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, मु. नगर के सूचना पट पर अवलोकित की जा सकती हैं।

वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम आपूर्ति किए जाने वाली सामग्री का विवरण

क्र. सं.	सामग्री का विवरण	आपूर्ति की अनुमानित मात्रा
1.	उत्पादन हेतु खेत की मिट्टी	250 घमी0
2.	उत्पादन योग्य बालू	250 घमी0
3.	सडी गोबर की खाद	250 घमी0

जिला उद्यान अधिकारी
मुजफ्फरनगर।

कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, मुजफ्फरनगर

निविदा सूचना

राजकीय औद्यानिक प्रक्षेत्र लोई, मुजफ्फरनगर पर वर्ष 2025-26 में लक्षित 170000 वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम अन्तर्गत बीजू फलदार पौधों का उत्पादन किया जाना है जिसमें निम्न क्रियाकलापों को सम्पादित किए जाने हेतु मानव श्रम की आपूर्ति किए जाने हेतु प्रति पौध की दरें प्रस्तुत किए जाने के लिए दिनांक 30.09.2025 को दोपहर 12.30 बजे तक मोहरबन्द निविदा आमंत्रण हेतु नियत की जाती हैं, प्राप्त निविदाएं उसी दिन गठित कमेटी के समक्ष अपरान्ह 3.00 बजे खोली जाएंगी। इस सम्बन्ध में इच्छुक फर्म निर्धारित शुल्क जमा कराकर निविदा पत्र किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, कमला नेहरू वाटिका मुजफ्फरनगर से टैण्डर प्रपत्र मूल्य रू0 200.00 कार्यालय कैशियर के पास जमा कराकर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा सम्बन्धी आपूर्ति की शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है तथा किसी भी कार्यदिवस में राजकीय कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, मु.नगर के सूचना पट पर अवलोकित की जा सकती हैं।

वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम आपूर्ति किए जाने वाली सामग्री का विवरण

क्र. सं.	सामग्री का विवरण
1.	थैली भराई (खाद, मिट्टी, बालू मिलाकर)
2.	बीज बुआई कर थौलियों को क्यारियों में लगाना
3.	खरपतवार निकालकर थैलियों की शिफ्टिंग करना
4.	खाद डलवाना व रसायनों का स्प्रे करना
5.	थैलियों में रोपित पौधों की सिंचाई करना
6.	पौधों की लोडिंग करना

जिला उद्यान अधिकारी
मुजफ्फरनगर।

मगरमच्छ के हमले की आशंका से गंगा में मजदूर की तलाश जारी

मोरना। गंगा मे रेत निकाल रहे मजदूर के अचानक गायब हो जाने के बाद ग्रामीणों ने मगरमच्छ द्वारा निगल जाने की आशंका जताई। जिसके बाद पीएसी गौताखोर टीम द्वारा मजदूर की तलाश दूसरे दिन भी की गयी।किन्तु उसका कोई पता नहीं चल सका है। अनहोनी को लेकर मजदूर के परिवार मे मातम पसरा हुआ है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर निवासी 45 वर्षीय चन्द्रबोस सैनी रविवार की सुबह क्षेत्र मे बह रही गंगा मे भैंसा बोगी ले जाकर रेत निकाल रहा था। बराबर मे ही एक ओर चचेरा भाई अरुण व दूसरी ओर परिवार का ही विनोद भी यही कार्य कर रहे थे, की अचानक चन्द्रबोस गायब हो गया। चन्द्रबोस को आसपास तलाश किया गया किन्तु उसका कोई पता नहीं चला। ग्रामीणों ने नदी मे मौजूद विशाल. काय मगरमच्छ द्वारा चन्द्रबोस को निगल जाने की आशंका जताई। जिसके बाद मेरठ की पीएसी 44 वाहिनी के गोताखोर द्वारा मोटरबोट की सहायता से चन्द्रबोस की तलाश गंगा मे लगातार जारी है।सोमवार को भी चन्द्रबोस की तलाश मे मजलिसपुर तौफीर सहित शुक्रताल क्षेत्र की गंगा तक की गयी किन्तु चन्द्रबोस का कोई पता नहीं चल सका। वहीं अनहोनी को लेकर चन्द्रबोस की पत्नी सुनीता व बच्चे कामिनी, चांदनी, अभिषेक,अन्नू, रमा व भाई बिजेंद्र का रोरोकर बुरा हाल है।

फिर दिखा विशाल मगरमच्छ

रविवार की शाम जब चन्द्रबोस की तलाश गंगा मे की जा रही थी। तभी वहां एक विशाल. काय मगरमच्छ दिखाई पड़ा है। जिससे चन्द्रबोस पर मगरमच्छ के हमले की आशंका को बल मिला है।

महर्षि कश्यप की मूर्ति स्थापना सहित मुनव्वर हसन स्मृति द्वार बनाए जाने का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में पास

चरथावल। नगर पंचायत चरथावल की बोर्ड बैठक में होली चौक पर महर्षि कश्यप मूर्ति स्थापना सहित मुनव्वर हसन स्मृति द्वार बनाए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हो गया।इस दौरान कई विभिन्न प्रस्तावो पर भी बोर्ड बैठक में चर्चा के बाद प्रस्ताव पास किए गए। नगर पंचायत चरथावल की करीब छ महीने बाद बोर्ड बैठक नगर पंचायत स्थित सभागार मे अध्यक्ष मास्टर इस्लाम की अध्यक्षता मेंआयोजित की गई। इस दौरान गुलफाम उर्फ काला सभासद द्वारा प्रस्ताव मुनव्वर नगर में स्वर्गीय सांसद मुनव्वर हसन की याद में स्मृति द्वार बनाए जाने तथा वार्ड 12 के सभासद अनिल कुमार के प्रस्ताव पर होली चौक पर महर्षि कश्यप जी की मूर्ति स्थापना का प्रस्ताव पास हुआ। इस दौरान मुनव्वर हसन स्मृति द्वार के प्रस्ताव का कुछ सभासदों ने विरोध भी किया। बोर्ड बैठक में इसके अतिरिक्त मृत पशुओं के निस्तारण के लिए जमीन खरीदने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पास किया गया। विभिन्न दुकानों का नाम परिवर्तन सहित नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में नाली स्लैब और चौनल लगाने संबंधी प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पास हुआ। बोर्ड बैठक की अध्यक्षता मास्टर इस्लाम व संच. ालन अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान बंगले वाले पुल से कूटेसरा पुल तक लाइट लगवाए जाने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पास किया गया। बैठक में अभिनव कुमार, रूबी सभासद, डोली,सुभाष, सलीम मलिक,वीरेंद्र त्यागी,इशरत त्यागी,गुलफाम उर्फ काला कुरैशी फराह अंसारी,सुहेल उर्फ लढन,अंकित गोयल सहित समस्त सभासद गण उपस्थित रहे।वही नगर मे हो रहे विकास कार्यो के लिए अधि. कतर सभासदो ने चेयरमेन मास्टर इस्लाम की सराहना की और कहा की नगर मे बिना भेदभाव के विकास कार्य किए जा रहे हे

18 ट्यूबवैलों के ताले तोड़कर लाखों रुपये की संपत्ति चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

बुढ़ाना। अज्ञात चोरों ने किसानों का जीना हराम कर दिया है। अभी 5 दिन पूर्व 18 टड्ूबवेलों पर हुई चोरी की घटना को किसान भूले भी नहीं थे कि अज्ञात चोरों ने फिर से एक ही रात में 18 टयूबवेलों से भी ज्यादा टड्ूबवेलों पर नकब लगाकर व ताले तोड़कर एक लाख रूपये से भी अधिक कीमत का सामान चोरी कर अन्य किसानों में भय पैदा कर दिया। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिन्ह लग गया है।

इन 5 दिनों में 3 दर्जन से भी अधिक टड्ूबवेलों पर चोरी की घटनाएं होना संदेह पैदा कर रहा है। अज्ञात चोरों ने 5 दिन पूर्व बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र में तांडव मचाया था। इस बार गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में आज सोमवार को दिन निकलने से पहले ही अज्ञात चोरों ने गांव लुहसाना और सफीपुर के बीच स्थित जंगल में गांव लुहसाना के किसान विरेंद्र पुत्र बलजीत, धर्मपाल पुत्र उमराव सिंह, सतेंद्र पुत्र पोमिल, राजेंद्र पुत्र लक्ष्मीचंद, सुबोध पुत्र इलम सिंह, रघुवीर पुत्र खिलारी, रविंद्र पुत्र कलीराम, दिनेश राठी पुत्र सुखबीर सिंह, मास्टर चुन्नी लाल, टिन्नू, जो. गिंद्र, कन्हैया, वासू, जगबीर राठी, रामवीर पाल, रमेश पाल और भद्दल पाल पुत्र भुल्लन सिंह के अलावा गांव सफीपुर के पूर्व प्रधान घनश्याम त्यागी और प्रभात त्यागी पुत्र कृष्णदत्त के अलावा अन्य कई टयूबलवैले हैं जिनके ताले तोड़कर और नकब लगाकर कीमती विद्युत केबिल, स्टार्टर, कटाऊट और अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना का पता सभी किसानों को सोमवार की प्रात तब लगा जब वे रोज की भांति अपने खेतों पर गये तो किसानों में हड़कंप मच गया।

घटना की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंच मात्र खानापूर्ति की और घटनास्थल का दौरा कर अपनी डायरी में पीड़ितों के नाम लिखकर आ गयी। जिसे लेकर किसानों में रोष है। उधर किसानों का कहना है कि वह रिपोर्ट दर्ज नहीं कराएंगे बल्कि चोरों का इलाज खुद करेंगे।

पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया

मुज़फ्फरनगर। आज विश्व हिंदू महासंघ द्वारा परम पूज्य ब्रह्मलीन अवैद्यनाथ जी महाराज की पुण्यतिथि पर सामाजिक समरसता सम्मेलन संगोष्ठी एवं सहभोज कार्यक्रम आयोजित किया गया

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश मंत्री कपिल पंवार ने की मुख्य वक्ता पंकज वालिया प्रभारी हस्तिनापुर संभाग रहे उनके साथ मंच पर प्रदेश मंत्री मातृशक्ति आशा सब्बरवाल,हिंदू संघर्ष समिति संयोजक नरेंद्र पंवार,एकल अभियान के जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता,भ्रष्टाचार निवारक समिति के जिलाध्यक्ष मनोज पाटिल,धर्माचार्य जिलाध्यक्ष पं.धर्मेंद्र मिश्रा,गौरक्षा जिलाध्यक्ष डा.अजय शर्मा,मातृशक्ति जिलाध्यक्ष पूनम गोस्वामी जी,सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष मोनू शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने किया। सर्वप्रथम सभी ने पूज्य महाराज जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की मंचासीन पदा. धिकारीयों का सभी ने भगवा पटका पहनाकर और पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

मंच पर उपस्थित सभी पदाधिक. ारीयों ने पूज्य महाराज जी के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा किए गए सामाजिक समरसता पर आधारित ऊँच नीच के भेदभाव को मिटाकर सभी हिंदुओं को एक मंच पर लाने का कार्य की सराहना की। पंकज वालिया ने कार्यक्रम में एक प्रतियोगिता रखी जिसमें योगी जी महाराज के जीवन पर आधारित कुछ प्रश्न हिन्दू वीरों और मातृशक्ति से पूछे और सही उत्तर देने वालों को तलवार भेंट की और कहां की यह उपहार सनातन धर्म की रक्षा के लिए ही प्रयोग करें उसके बाद सभी ने सहभोज किया मातृशक्ति प्रदेश मंत्री आशा सब्बरवाल के नेतृत्व में सभी मातृशक्ति और संगठन के पदाधिकारी सदस्य नवीन मंडी स्थित नंदी गौशाला ट्रीटमेंट सेंटर पहुंचे जहां उन्होंने संस्था के अध्यक्ष अनुज चौधरी को भगवा पटका पहनाकर सम्मानित किया और गौमाता के चरण छूकर सभी ने आशीर्वाद लिया साथ ही चारे के लिए सूक्ष्म सहयोग दिया और उनकी टीम द्वारा किए जा रहे निस्वार्थ भाव से गोवंशों की सेवा की सराहना की और कहा कि आप सब पर गौ माता अपना आशीर्वाद बनाए रखें।

साथ ही कई सदस्यों को नवीन जिम्मेदारियां दी गई जिसमे मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी पद अनु सैनी,जिला उपाध्यक्ष पद पर सुनील धनगर,जानसठ ब्लॉक अध्यक्ष पद पर वरुण कपासिया,मीरापुर नगर अध्यक्ष पद पर कृष्ण चंद्र खटीक,कुकड़ा ब्लॉक अध्यक्ष पद पर कपिल कुमार तथा शुभम राठी को नगर अध्यक्ष धर्माचार्य पद पर जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम में सैकड़ो हिंदू वीर और वीरांगनाये उपस्थिति रही

नायब तहसीलदार को 25 सुत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

बुढ़ाना। सोमवार को गांव बड़ौदा में 25 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान मजदूर संगठन की पंचायत हुई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरण सिंह ने नायब तहसीलदार अमन सिंह को ज्ञापन देते हुए बताया कि शुगर मिल भसाना का भुगतान जल्द दिलाया जाए। खेत की बिजली लगातार 10 घंटे दी जाये जो कटौती है उसे पूरी की जाए। घरों के सब बिल ठीक कराये जायें, स्मार्ट मीटर न लगाये जायें। आवारा गौवंश गौशाला भेजकर किसानो का निदान हो। चौगामा नहर में लगातार कल्लरपुर गंगनहर से पानी छोडा जाये। बडौदा नहर का किसानों को मुआवजा मिले। चौगामा नहर में पानी बराबर छोडा जाये। गैडबरा की रुकी नहर खुदाई कर पूरी की जाये, तहसील में किसानो के अंश ठीक किये जायें। लेखपाल व अन्यों ने प्राईवेट आदमी रखे हुये हैं उन्हें तुरंत हटाया जाये। बिराल अटाली, उकावली में चकबन्दी भ्रष्ट मुक्त करायी जाये, राजपुर से परासौली, कुरालसी से कमरूदीननगर सडक जर्जर हालत में है तुरन्त बनाई जाये, कितास गांव में विनय, योगेन्द्र के नाम बीते वर्ष नवम्बर में दाखिल खारिज हो चुके थे जबकि इसी वर्ष 21 अप्रैल मे दाखिल खारिज निरस्त कर वापसी जमील विक्रेता के नाम कर दी गयी। बिराल गांव में हाईस्कूल के ऊपर 11 हजार की विद्युत लाईन गुजर रही है उसे तुरंत हटाई जाये। उकावली में पीरु के घर से जबरदस्ती 11 हजार की लाईन निकाल दी गयी उसे तुरंत हटाई जाये। बिराल इन्टर कॉलिज में शिक्षक नही है व्यवस्था करायी जाये। अटाली में टंकी पर कोई आपरेटर नही आपरेटर छोडा जायेघ् जहां टंकी लगी है रास्ते खराब हैं ठीक कराये जाये। कुरालसी में टंकी कई जगहों से लिकेज है उसे तुरन्त ठीक कराई जाए। बिराल गांव में पानी की टंकी लगी है उसे तुरंत चालू कराएं। 18 एसएल, 56 एसएल, 43 एसएल सरकारी टड्ूबवैल की नाली लीकेज है तुरंत ठीक कराई जाए। राजपुर छाजपुर, अटाली, हरियाखेडा में खसरा नम्बर 198, 197, 196 बंजर वृक्षारोपण खाद के ग्ग्ै को कब्जा मुक्त कराया जाये। बिजली घरों पर गांव के लाईनमैन व एसएसओ को तुरंत हटाकर दूसरे गांवों के लगाये जायें। पीडब्ल्यूडी द्वारा दताना की सडक तुरंत बनाई जाए। बिराल से भनेडा, एलम की सडक तुरंत बनायी जाये। पीडब्ल्यूडी द्वारा कुरालसी व बिराल में जो सीसी बनी है उसके बराबर में इन्टरलॉक लगाई जाए।

राजपुर छाजपुर में गाटा संख्या 271, 1063, 2007 को कब्जा मुक्त कराई जाए। जौला में शमशान घाट कब्जा मुक्त कराया जाए। खसरा नम्बर 1458 है जौला में टावर जियो की लाईन टाऊन से हटाकर अलग की जाये। अटाली में 1253 खसरा नम्बर कब्जा मुक्त कराया जाए। कुरालसी, बिराल व नगवा में डाक्टर उपलब्ध कराया जाए। सब गांवों में खेत व ग्रामों के जर्जर तार बदले जायें।

दिल्ली देहरादून एक्सप्रसवे की बराबर में सर्विस रोड दी जाये। गन्ने का भाव 500 रूपये प्रति कुंतल हो। गन्ने का भुगतान पूरा हो। किसानों की जमीन के दुरुस्त ठीक हों तहसील का भ्रष्टाचार खत्म कराया जाए। कुरालसी में शिवकुमार फौजी के घर के पास जलभराव से रास्त खराब है तुरंत ठीक कराया जाए। यहां जिलाध्यक्ष लोकेश राणा, राष्ट्रीय सचिव कृष्ण पाल, सहारनपुर जिला अध्यक्ष अजब सिंह, जिलाध्यक्ष बागपत कालूराम हिलवाडी, तहसील अध्यक्ष कृष्ण राणा, जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह, जिला सचिव ईश्वर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अमित राणा, महेश प्रधान, पूर्व चोबीसी अध्यक्ष घास. ीराम, सत्येंद्र, सुरेश माहिया आदि थे। यहां चेतावनी दी गयी यदि 23 सितम्बर तक सब मांगे पूरी नघ् हुई तो 24 से बुढ़ाना तहसील का ताला जडकर अधिकारियों को भी आफिस में बैठने नहीं देंगे।

संक्षिप्त समाचार

छात्र-छात्राओं को पर्यावरण की जानकारी दी

मुजफ्फरनगर। सनातन धर्म इंटर कॉलेज के प्रांगण मे श्ए सोशल यूनिटेक टच संस्था ने प्रधानाचार्य आदित्य प्रकाश सक्सेना के निर्देशन में छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संबंधी जानकारी दी व समाज के प्रति जागरूक किया वृक्ष हमारे लिए कितने आवश्यक हैं ऑक्सीजन देते हैं पानी देते हैं वर्षा करने में सहायक होते हैं बाढ़ रोकने में सहायक होते हैं भूमि कटाव रोकने में सहायक होते हैं तापमान में कमी करते हैं इस तरह की बहुत सी जानकारियां छात्र को दी इसके पश्चात संस्कृत प्रवक्ता अरविंद कुमार की ने सभी छात्राओं व अध्यापक साथियों को पर्यावरण संबंधी शपथ दिलवाई तथा सभी को एक पेड़ अवश्य लगाने के लिए प्रतिबद्ध किया। इस संस्था का उद्देश्य बढ़ रहे पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के प्रति जागरूक करना है और डॉक्टर राजबल सैनी प्रवक्ता कला का विशेष योगदान रहा इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य अनिल मित्तल अंग्रेजी प्रवक्ता राहुल कुमार, मनोज, मनीष गर्ग, संजय सिंह आदि अध्यापक उपस्थित रहे

खादय निरीक्षक की छापेमारी से दुकानदारो में मचा हड़कम्प

पुरकाज़ी। सोमवार को कस्बे में फूड इंस्पेक्टर की छापामार कार्रवाई की सूचना आग की तरह फैल गयी तथा छापामारी के डर से पूरे बाज़ार में हड़कंप मच गया। अचानक हुई इस कार्यवाही की भनक मिलते ही कई दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर भाग खड़े हुए। वहीं मौके पर मौजूद लोग आपस में चर्चा करते नज़र आए कि कहीं नकली और मिलावटी सामान बेचने वालों की अब खैर नहीं। फूड इंस्पेक्टर की इस छापामारी ने बाज़ार के व्यापारियों में खलबली मचा दी है। आम नागरिकों ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि अब मिलावटी सामान बेचने वालों पर शिकंजा कसना ज़रूरी है। कस्बे के लोगों का मानना है कि इस प्रकार की कार्रवाइयां लगातार जारी रहनी चाहिए ताकि जनता को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री मिल सके। कुछ दुकानदार घटिया खादय सामग्री बैचकर लोगो के जीवन से खिलवाड कर रहे है अब त्योहारी सीजन शुरू होने वाला है।

स्कूल छोड़कर बाजार में घूमने वाले छात्रों पर पुलिस ने कसी नकेल

जानसठ। स्कूल छोड़कर सड़कों और बाज़ारों में घूमने वाले छात्रों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने एक बड़ा अभियान शुरू किया है। यह कार्रवाई कस्बे के निवासियों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद की गई है, जिन्होंने आरोप लगाया था कि इंटर कॉलेजों के कई छात्र अपनी कक्षाओं को छोड़कर बेवजह घूमते रहते हैं। कस्बे के लोगों ने बताया कि स्कूल की वर्दी में छात्र दिन के समय मेन बाज़ार, पार्क और सार्वजनिक स्थानों पर घूमते रहते हैं। इससे न सिर्फ उनकी पढ़ाई पर नकारात्मक असर पड़ रहा है, बल्कि उनके गलत संगत में पड़ने और असामाजिक गतिविधियों में शामिल होने का खतरा भी बढ़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए कई बार स्कूल के प्रधानाचार्यों से संपर्क किया था। उनकी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, स्थानीय पुलिस प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करने का निर्णय लिया।औरसोमवार को, स्थानीय पुलिस की एक विशेष टीम ने अचानक अभियान चलाकर ऐसे छात्रों को पकड़ना शुरू किया। पुलिस ने बाजार से कई छात्रों को पकड़ा जो बिना किसी कारण के घूम रहे थे।छात्रों से पूछताछ की गई और उनके स्कूल व अभिभावकों को जानकारी दी गई

दो पक्षों में मामूली कहासुनी के चलते मारपीट

जानसठ। थाना क्षेत्र के गाँव सालारपुर में पतंग उड़ाने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। धीरे-धीरे कहासुनी झगड़े में बदल गई। आरोप है कि झगड़े के दौरान एक पक्ष ने मारपीट व गाली-गलौज की। रविवार की देर शाम गांव में एक पक्ष के बच्चे पतंग उड़ा रहे थे तभी पतंग दूसरे पक्ष की छत पर उड़ते उड़ते गिर गई जिसे लेने के लिए छत उतरें युवको को समझाने का प्रयास किया तो वे मारपीट व गाली गलौज करने पर उतारू हो गए। जिसको लेकर पीड़ित पक्ष के युवक विशाल ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपी को पकड़ लिया, और दोनों के खिलाफ शांतिभंग की धाराओं में चालान कर न्यायालय भेजा गया। हल्का इंचार्ज उपनिरीक्षक धर्म वीर कर्दम ने बताया कि मामला सामान्य झगड़े से जुड़ा है। स्थिति फिलहाल शांत है और गाँव में कोई तनाव नहीं है।

नाबालिग किशोरी का नहीं लगा सुराग

छपार। घर अचानक गायब हुई नाबालिग किशोरी का तीन दिन बाद भी कोई पता नहीं चल सका उसकी मां ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र एक गांव निवासी महिला ने रविवार की रात्रि में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री 12 सितंबर को घर से बिना कुछ बताये गायब हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

तेज रफ्तार ट्रेक्टर पलटा, चालक हुआ घायल

बुढ़ाना। एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर कई पलटे खाकर पलट गया। जिसमें ट्रेक्टर चालक को बहुत ही गंभीर चोटें आई जबकि ट्रेक्टर पर सवार दूसरा युवक बाल बाल बच गया। घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भर्ती कराया गया है। ट्रेक्टर के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना पुलिस को भी मिल गयी थी।कोतवाली क्षेत्र के गांव बिटावदा निवासी गोविंद सिंह पुत्र काला अपने गांव बिटावदा से गांव चंधेडी अपना ट्रेक्टर लेकर किसी काम से गया हुआ था। ट्रेक्टर पर उसका एक साथी लक्की भी बैठा हुआ था। जब ट्रेक्टर बुढ़ाना के समीप चंधेडी रोड पर मसीही पब्लिक स्कूल के समीप आया तो अचानक से तेज रफ्तार ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया।

एसएसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

बुढ़ाना। जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा सोमवार के दिन एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ के साथ बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में उस स्थान पर पहुंचे जहां पर बीती रविवार की सुबह तीन अज्ञात तमंचेधारी लुटेरों ने सर्राफा व्यापारी दादा व पौत्र से लाखों रुपये की कीमत के सोने चांदी के जेवरात, 4 हजार रुपये की नगदी और मोबाइल लूट लिया था। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने काफी देर तक घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिक. ारी गजेंद्र पाल सिंह के साथ साथ बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री को लूट के खुलासे के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पीड़ित सर्राफा व्यापारी को भी जल्दी से जल्दी सही घटना के खुलासे का आश्वासन दिया और कहा कि वे पीड़ित परिवार के साथ हैं। उन्होंने पीड़ित परिवार से भी घटना की पूरी जानक. ारी ली। एसएसपी ने इसके लिए 3 टीमे गठित की है। उधर दूसरी और बुढ़ाना पुलिस लूट की इस बडी घटना को संदिग्ध मानते हुए हर पहलू की जांच पड़ताल में जुट गयी है। जल्दी ही इस घटना का सही खुलासा होगा इससे भी पुलिस ने इंकार नहीं किया है। इस दौरान गढ़ी चौकी इंचार्ज भी मौजूद रहे।

खतौली पहुंचे प्रभारी मंत्री सोमेंद्र तोमर

खतौली। मुजफ्फरनगर जिले के प्रभारी मंत्री सोमेंद्र तोमर का खतौली पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। भंगेला चेक पोस्ट पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी के नेतृत्व में जिला एवं मंडल स्तर के सभी भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। मंत्री जी का फूलमालाओं से स्वागत कर उन्हें श्रद्धा और सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल सहित खतौली मंडल के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्वागत कार्यक्रम में क्षेत्रीय विकास, संगठन की मजबूती और आगामी योजनाओं को लेकर विचार-विमर्श भी हुआ। भाजपा पदाधिकारियों ने प्रभारी मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में जिले का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। मंत्री जी ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार कर उन्हें जनता की सेवा में समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

चांदसमंद में कूड़ी खाद के गड्ढों को तालाब में बदलने का विरोध

खतौली। ग्राम चांदसमंद के ग्रामीणों ने सरकारी भूमि पर कब्जे का विरोध करते हुए तहसील प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। प्रार्थीगणों ने आरोप लगाया है कि गांव में स्थित कुड़ी खाद के ग्ग्ों को दबंगों और ग्राम प्रधान की मिलीभगत से खुर्द-बुर्द कर तालाब बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि ये ग्ग्ै वर्षों से पशुपालकों द्वारा गोबर डालने के लिए उपयोग किए जा रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन खाद के ग्ग्ों पर तालाब बना दिया गया तो उनके पशुओं के लिए गोबर डालने की कोई व्यवस्था नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि उनके पास इसके अलावा कोई अन्य भूमि नहीं है, जबकि विपक्षी पक्ष के पास लगभग 40 बीघा भूमि उपलब्ध है। ऐसे में तालाब निर्माण से गरीब पशुपालकों पर गंभीर संकट आ जाएगा।शिकायतकर्ताओं ने बताया कि खसरा संख्या 336 को खुर्द होने से रोका जाए। साथ ही खसरा संख्या 394, जो राजस्व रिकॉर्ड में तालाब दर्ज है, के निकट लगभग 160 मीटर की दूरी पर खुदाई कराकर गांव के गंदे पानी की समस्या का समाधान कराया जाए। शिकायतकर्ता प्रेमो देवी पत्नी काशीराम और रविन्द्र पुत्र सुखपाल ने बताया कि उन्होंने तहसील दिवस सहित एसडीएम खतौली को कई बार प्रार्थना पत्र देकर कब्जा मुक्त कराने की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द संज्ञान लेकर तालाब निर्माण को रोकने तथा गांव के पशुपालकों के हित में उचित समाधान करने की मांग की है।

चरथावल-कुटेसरा मार्ग गड्ढों में तब्दील, कब होगा गड्ढामुक्त

सादिक त्यागी

चरथावल। चरथावल से कुटेसरा मार्ग पूरी तरह गढ्ढायुक्त हो चूका हे इस मार्ग पर जहाँ काफ़ी ट्रैफिक चलता हे और यह मार्ग कुटेसरा से होकर अम्बेहता शेखा वाया देवबन्द जाता हे वही सहारनपुर हाइवे से जुड़ जाता है जिस कारण इस चरथावल कुटेसरा मार्ग पर काफ़ी आवगमन रहता हे और सर्दियों मे तो क्षेत्र के किसान जोकि ज्यादातर देवबन्द चीनी मिल को गन्ना सप्लाई करते है जिस कारण इस मार्ग पर भारी संख्या मे किसान अपने गन्ने के कार्य के लिए भी देवबन्द मिल मे जाना पड़ता है और इस मार्ग पर बड़ी संख्या मे राहगीर गुजरते है लेकिन आज इस मार्ग की हालत दयनीय हो चुकी है और जगह जगह गढ़ढ़े होने के कारण वाहन स्वामियों को बड़ी भारी परेशानी हो रही हे और मार्ग से गुजरना दूभर हो गया है।

इस मार्ग की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि थोड़ी थोड़ी दुरी पर ही जगह-जगह गहरे गढ़ढ़े हो चुके हे आए दिन इन गड्ढों की वजह से वाहन चालक दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। बाइक, स्कूटी से लेकर भारी वाहन तक इन गड्ढों में फंस कर पलट जाते हैं, जिससे जान-माल का खतरा बना रहता है। वही जहाँ भाजपा सरकार देश मे गढ़ढ़े मुक्त सड़को के दावे कर रही हे वही इसके उलट चरथावल कुटेसरा मार्ग गढ्ढा युक्त हो चूका हे जोकि सरकार के दावो की पोल खोलता नजर आ रहा हे और इस सड़क के निर्माण हुए अभी दो साल भी पूरे नहीं हुए हे। और ऐसा लगा रहा हे की मानो इस सड़क का निर्माण हुए दस पांच साल हो चुके है।

सहकारी समिति डायरेक्टर आसिफ त्यागी का कहना है कि सड़क निर्माण में जमकर लापरवाही और घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। यदि यह सड़क मानकों के अनुसार बनाई जाती, तो इतनी जल्दी यह सड़क खराब न होती सड़क निर्माण कर्ताओ की कम से कम चार पांच साल तक जवाबदेही होने चाहिए जिससे की सड़को के निर्माण गुणवत्ता पूर्ण व सही हो सके मरीजों , छात्र छात्राओं, बड़े बुजुर्गो को भी इस खराब सड़क की वजह से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।अनेको बार गंभीर बीमार व्यक्तियों को भी सड़क खराब होने के कारण डॉक्टर के यहां पहुंचने मे देरी हो जाती हे जिससे इलाज मे भी बड़ी परेशानी आती है क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति सहबाज प्रधान कुटेसरा ने अनेको बार आलाधिकारियो सहित जनप्रति. निधियों से इस मार्ग को सही कराने की गुहार लगाई जा चुकी हे , लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। नेताओं ने चुनावों के समय इस मार्ग को चमकाने के वादे तो खूब किए थे, लेकिन अब वे सब वादे हवा हो चुके हैं। चुनावी मंच से विकास के बड़े-बड़े दावे करने वाले नेता अब इस सड़क की ओर मुड़कर नहीं देख रहे हे और गढ्ढा मुक्त सड़क से होकर क्षेत्रवासियो को गुजरना पड़ रहा है।

राष्ट्रीय लोकदल नगर कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

मुजफ्फरनगर। राष्ट्रीय लोकल कार्यालय पर नगर कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बैठक की अध्यक्षता जियाउर रहमान ने की ।और संचालन नगर महासचिव ठाकुर सुंदर सिंह सोम द्वारा किया गया ।

बैठक का मुख्य उद्देश्य आने वाले सदस्यता ग्रहण समारोह का विषय रहा । बैठक में बोलते हुए अध्यक्षता कर रहे हैं प्रदेश महासचिव जियाउर रहमान ने बताया कि उनके लिए पार्टी का प्रचार प्रसार और पार्टी को मजबूती देना ही प्रथम कर्तव्य है बैठक में बोलते हुए जियाउर रहमान ने बताया कि किस प्रकार से नगर कार्यकारिणी को आगे आकर कार्य करना चाहिए। प्रदेश महासचिव उमादत्त शर्मा ने बताया कि नगर में प्रत्येक वार्ड में जाकर सदस्य बनाने चाहिए और नगर अध्यक्ष राहुल कुमार शर्मा ने बताया कि नगर कार्यकारिणी आने वाले सदस्यता ग्रहण समारोह को पूर्ण करने में अपनी पूरी भूमिका निभाएगी। बैठक में मुख्य रूप से नगर उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष अखिलेश अखिल जैन ,नगर उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, नगर महासचिव ठाकुर सुंदर सिंह, सॉन्ग नगर महासचिव अनुराग जैननगर, बाबर सलमानी, प्रदीप शर्मा, प्रधान सिराजूदीन, हरीश त्यागी, इकराम ,सुधीर त्यागी, साजिद सैफी, सुनील विश्कर्मा आदि के मौजूद रहे।

नशेड़ी ने युवक पर तलवार से हमला बोला

छपार। एक नशेड़ी ने तलवार से हमला कर एक युवक को लहुलुहान कर दिया उसका भाई व भाभी छुड़ाने लगे तो उनके साथ भी मारपीट की ओर जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। घायल के भाई ने आरोपी के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। रविवार की शाम को साढे सात बजे गांव ताजपुर खुर्द निवासी सोहन पाल शराब के नशे में धुत होकर हाथ में तलवार लेकर अपने पड़ोसी समरपाल के साथ मारपीट करने लगा विरोध करने पर उसके पैर में तलवार से की धार किये जिससे वह लहुलूहान हो गया शोर मचाने पर उसका भाई मोनू व भाभी बाहर आकर छुड़ाने लगे तो उनके साथ भी मारपीट की ओर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। घायल के भाई मोनू ने आरोपी के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

शिक्षकों की बड़ी सभा शाहपुर में कल होगी

बुढ़ाना। विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के कस्बा बुढ़ाना में बीती 17 अगस्त को पीएडी जन महाप. ंचायत करके चर्चाओं में आए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल एक बार फिर हजारों लोगों के अपार जनसमूह को जोड़ने वाले हैं।

उस महापंचायत में जहां सपा नेता सत्येंद्र पाल ने पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों को अपनी एक महीने की मेहनत के चलते एक मंच पर एकत्रित करने में एक बड़ी कामयाबी हासिल कर सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का दिल जीत लिया था वे अब इस बार पूरी बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के लगभग सभी शिक्षकों को समाजवादी पार्टी के बैनर तले एकत्रित करने का सपना संजोए हुए हैं। बाकायदा इसके लिए उन्होंने इस शिक्षक महापंचायत की तैयारी भी शुरु कर दी है। फिलहाल विभिन्न राजनैतिक पार्टियों में शामिल इन शिक्षकों को एक साथ लाने के लिए जो महापंचायत की जा रही है उसकी तारीख की घोषणा भी उन्होंने अपने मजबूत समर्थकों से सलाह मशविरा करके आज सोमवार के दिन रख दी है। अगर भविष्य में सब कुछ ठीक ठाक रहा तो यह शिक्षक महापंचायत आगामी 21 सितम्बर को होगी। इस बार यह सभा शाहपुर में आयोजित होगी यह भी तय हो चुका है। इस बारे में सपा नेता और शिक्षक महापंचायत के आयोजक सत्येंद्र पाल के पीआरओ साहिब अंसारी ने बताया कि शिक्षकों की महापंचायत शाहपुर में होगी।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

हरियाणा बार्डर पर 12 लाख की अफीम सहित 4 गिरफ्तार

लखीमपुर से पंजाब ले जाई जा रही थी अफीम, एसपी ने की प्रेस वार्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना/शामली। लखीमपुर खीरी से पंजाब अफीम लेकर जा रहे कार सवार चार तस्करों को पुलिस ने हरियाणा बार्डर पर बिडौली चौक पोस्ट से गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से पुलिस ने करीब 12 लाख रूपये कीमत की अफीम बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए चार तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है।

हरियाणा बार्डर पुलिस चौक पोस्ट पर थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा व चौक पोस्ट प्रभारी जितेन्द्र कुमार त्यागी ने टीम के साथ कार सवार चार तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से पुलिस ने एक किलो दो सौ ग्राम अफीम बरामद की है, जिसकी कीमत लगभग 12 लाख रूपए बताई गई है। पकड़े गए तस्करों ने अपने नाम गुरनेब सिंह, अंग्रेज सिंह, गुरप्रीत सिंह, निवासीगण दाराभोजी थाना तिकुनिया लखीमपुर व नरवेल सिंह निवासी खेरटिया थाना तिकुनिया लखीमपुर बताया है। पुलिस पूछताछ में चारों तस्करों ने बताया कि वह इस अफीम को लखीमपुर खीरी से पंजाब लेकर जा रहे थे। जिसे बेचकर वह अच्छा मुनाफा कमा लेते हैं। इस गैंग को पकड़ने वाली टीम में थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा, उ.नि. जितेन्द्र कुमार त्यागी, है. का. राजेन्द्र कुमार, है.का. संजीव कुमार, है.का. अनुज कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार सामिल रहे।

इन्होंने कहा

डीआईजी सहारनपुर अभिषेक सिंह के नेतृत्व में सहारनपुर मंडल की पुलिस ने नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर नाम से ऑपरेशन सवेरा अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत लगातार पुलिस नशे के तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई या कर रही है। इसी कड़ी में चेकिंग अभियान में पुलिस को यह सफलता हाथ लगी है। ये चारों आरोपी लखीमपुर खीरी जनपद के निवासी हैं, जो की काफी समय से उत्तर प्रदेश, हरियाणा व पंजाब में नशीला पदार्थ तस्करी कर ले जाया करते थे। यह काम यह काफी समय से कर रहे थे, लेकिन अब पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उनके पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है और जो भी कड़ी या जिन व्यक्तियों का भी नाम इस तस्करी में सामने आएगा उनके विरुद्ध भी कठोर कार्यवाही की जाएगी।

लगभग 20 वर्षों से मास्टरमाइंड अंग्रेज नाम का व्यक्ति इस नशे के कारोबार को कर रहा था। पूछताछ दौरान उसने बताया कि वह अब तक पकड़ा नहीं गया था, लेकिन ऑपरेशन सवेरा के तहत झिंझाना पुलिस ने इनको गिरफ्तार किया है।वही पूछताछ में इन्होंने बताया कि नेपाल से ए अफीम लाते थे मौका लगाकर उसे पंजाब में सप्लाई करते थे जिससे इन्हें मोटा मुनाफ होता था।

-नरेंद्र प्रताप सिंह
एसपी शामली

लड़का पैदा न होने पर महिला को मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

कांधला। कस्बा निवासी एक महिला ने पति और ससुरालयों पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने और पीड़िता द्वारा दो पुत्री पैदा करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाकर थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

कस्बा निवासी महिला रुखसार ने बताया कि उसकी शादी कई वर्ष पूर्व मुजफ्फरनगर जनपद के गांव जोला निवासी रहीस के साथ हुई थी। पीड़िता का आरोप है की शादी के बाद उसने दो पुत्रियों को जन्म दिया है। आरोप है कि इसी कारण उसका पति वह ससुराल वाले पीड़िता को आए दिन घर में बंद करके पीड़िता के साथ मारपीट करते हैं और जान से करने का भी प्रयास करते हैं। पीड़ित महिला ने पति सहित ससुरालयों पर अतिरिक्त दहेज मांगने का आरोप लगाते हुए बताया कि बुलेट मोटरसाइकिल और एक लाख रुपए की मांग करते हुए पीड़िता को कमरे में बंद कर कर मारपीट की जब पीड़िता ने अतिरिक्त दहेज लाने से मना किया तो मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया। पीड़िता ने अपने पति पर आरोप लगाया कि उसका पति पीड़िता को फोन पर जान से मारने और दूसरी शादी करने की धमकी दे रहा है। पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर आरोपी पति सहित ससुराल वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

गोष्ठी में नैनो उर्वरक के प्रति किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

ऊन। सहकारिता विभाग तथा सहकारी क्षेत्र की उर्वरक निर्माता संस्था इफको द्वारा नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान के तहत ब्लाक स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन विकास खंड ऊन के सभागार में किया गया। जिसमें किसानों से नैनो उर्वरक इस्तेमाल कर पर्यावरण संरक्षण व बढ़ती लागत को कम करने पर बल दिया गया। ब्लॉक सभागार में सहकारी क्षेत्र की संस्था इफको द्वारा ब्लॉक स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें इफको के क्षेत्र अधिकारी विवेक सिंह द्वारा किसानों को रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से होने वाले नुकसानों के बारे में जानकारी दी तथा नैनो उर्वरक द्वारा रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग 50: तक कम किया जा सकता है नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, नैनो कॉपर, नैनो जिंक, सागरिका तथा इफको के अन्य उत्पादों से होने वाले लाभ एवं प्रयोग विधि के बारे में विस्तृत जानक. री देकर बताया कि किसानों को इफको द्वारा नैनो उर्वरक की प्रति बोतल पर दस हजार रु दुर्घटना बीमा दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि फसल में जब हम पहली सिंचाई करें तो दानेदार यूरिया का इस्तेमाल करें उसके बाद दो स्प्रे नैनो यूरिया प्लस के 15 दिन के अंतराल पर लगाएं, जिससे फसल उत्पादन के साथ-साथ में मृदा उर्वरता भी बनी रहेगी और वातावरण भी शुद्ध रहेगा, नैनो उर्वरक की प्रयोग विधि को बताते हुए नैनो यूरिया प्लस व नैनो डीएपी का घोल 125 लीटर पानी में बनाकर 1 एकड़ फसल में छिड़काव करें छिड़काव करते वक्त हमें यह ध्यान रखना है कि जिस फसल में हम नैनो यूरिया व नैनो डीएपी का छिड़काव कर रहे हैं उसमें जो भी फसल की बुवाई हम करने जा रहे हैं जब हमारी फसल 40 से 45 दिन की हो जाए तो उसके बाद ही हम छिड़काव करें, आगामी फसल गेहूं और सरसों की बुवाई के समय 5 उस नैनो डीएपी व तरल लिक्विड कंसोर्टियां से। किलो ग्राम बीज को उपचार कर 25 से 30 मिनट के लिए छांव में सुखाकर उसके बाद बुवाई करें।जब हमारी फसल 40 से 45 दिन की हो जाए उसके बाद 5 उस प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिड़काव किया जाना चाहिए। नैनो जिंक नैनो कॉपर की प्रयोग विधि बताते हुए 100मिली 125 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें नैनो यूरिया नैनो डीएपी के मूल्य के बारे में भी बताया गया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत सतीश चौहान ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों द्वारा भूमि एवं जलवायु प्रदुषित हो रहे हैं नैनो उर्वरक पूर्णत: स्वदेशी निर्मित उत्पाद है जो कि भारत की मेक इन इंडिया की योजना के अंतर्गत आते हैं एवं भारत सरकार की पीएम प्रणाम योजना के अंतर्गत रासायनिक उर्वरकों का सस्ते विकल्प हैं कम लागत में किसान अधिक पैदावार ले सकते है।किसान गोष्ठी मे सहायक विकास अधिकारी मुकेश कुमार, राजीव कुमार सहित दर्जनो प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

रीजा व ताजीम ने मदरसा टॉपर प्रतियोगिता में लहराया परचम

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। मदरसा जामिया रहमतुल उलूम पंजीठ की होनहार छात्राएं रीजा और ताजीम ने मदरसा टॉपर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राओं ने अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है।

यह प्रतियोगिता प्रिंसिपल हाफिज फारूख एवं नाजिम-ताल. ीमात कारी इफ्तिखार (जामिया रहमतुल उलूम) के तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें लगभग 24 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में रीजा पुत्री कासिम और ताजीम पुत्री आजाद ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सबका मन गर्व से भर दिया। वहीं, अक्शा पुत्री रफाकत ने दूसरा स्थान हासिल किया। उल्लेखनीय है कि एक माह पूर्व आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सायम पुत्री मोहम्मद इरफान ने भी सिटी लेवल ट्रॉफी जीतकर मदरसे का मान बढ़ाया था। विजेता छात्राओं को मुख्य अतिथि सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद आरिफ त्यागी, डॉ. सलीम जावेद, डॉ. शबाना एवं मैडम शाजिया द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता में मौलाना फहीम और मेहराब अहमद की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने प्रतियोगिता के संचालन एवं विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में मुख्य योगदान दिया। इस अवसर पर शाही इमाम मौलाना ताहिर सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे।

बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलटी, होमगार्ड घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

कांधला। थाना क्षेत्र के गंगेरू गढ़ी मियां मार्ग पर ड्यूटी कर अपने घर लौट रहे एक होमगार्ड की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गई हादसे में होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी मियां निवासी धर्मवीर कई वर्षों से होमगार्ड के पद पर तैनात है जिसकी तैनाती वर्तमान में क्षेत्र के गांव जसाला स्थित एक शिक्षण संस्थान में चल रही है। सोमवार को होमगार्ड अपनी बाइक पर सवार होकर ड्यूटी समाप्त करने के बाद अपने घर जा रहा था। जैसे ही होमगार्ड गंगेरू, गढ़ी श्याम मार्ग पर पहुंचा तो अचानक से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गई। होमगार्ड बाइक के नीचे दबने से गंभीर रूप से घायल हो गया। खेतों पर काम कर रहे किसानों ने हादसे की सूचना 112 पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल होमगार्ड को उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। क्या सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल अवस्था में गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

खेत पर काम कर रहे किसान को सांप ने डसा, गंभीर हालत में रेफर

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम में खेत पर कार्य कर रहे एक किसान को सांप ने डस लिया। सांप के काटने के बाद किसान की हालत बिगड़ गई परिजनों ने आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर मेरठ अस्पताल रेफर कर दिया है। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम निवासी 50 वर्षीय किसान सुरेंद्र सिंह अपने खेत पर कार्य करने के लिए गया हुआ था। पीड़ित के अनुसार फसलों में पानी चलाने के दौरान तभी एक जहरीले सांप ने किसान को डस लिया। सांप के काटने के बाद किसान ने शोर मचा दिया मौके पर आसपास के किसान भी पहुंच गए। परिजनों ने सांप काटने के बाद आनन-फानन में नगर के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है।

राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान, न्याय का सशक्त स्तंभ बन रहा भारत

शाह टाइम्स संवाददाता

कांधला। न्याय के सार्वभौमिक अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने एक क्रांतिकारी पहल की है, जिसका नाम है,राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान। इस अभियान क्या अंतर्गत न्यायालय से आए गौतम पाल सिंह ने लोगों को जागरूक किया और बताया कि सभी नागरिक बिना किसी आर्थिक या सामाजिक भेदभाव के, न्याय दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। चाहे वह पुरुष हो या महिला,आर्थिक रूप से कमजोर हो या सामाजिक रूप से पिछड़ा वर्ग अब हर किसी को मिलेगा निशुल्क कानूनी सहायता।

इस महत्वपूर्ण प्रयास को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचा. लित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक कमजोर वर्ग को न्याय के द्वार तक पहुंचाना है।यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि किसी भी व्यक्ति को न्याय प्राप्त करने के अवसर से वंचित न रहना पड़े। सभी को समान अधिकार मिलें, यही इसकी प्रमुख मूल भावना है।

इस अभियान के तहत, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय, दीवानी न्यायालय परिसर, में विशेषज्ञ वकील तैनात हैं, जो निशुल्क कानूनी सलाह और सहायता प्रदान करते हैं। इसके अलावा, देशव्यापी उपलब्ध NALSA हेल्पलाइन नंबर- 15100 पर कॉल करके भी सहायता प्राप्त की जा सकती है।

अलग-अलग स्थानों पर भव्य रूप से शुरू हुआ रामलीला मंचन

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम शामली के रंगमंच के 56वें रामलीला महोत्सव का कल रात्रि में माता की भेंट के साथ शुभारंभ हुआ। जिसमें सभी कलाकारों के द्वारा माता जगदंबा की भेंट गाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत में मंदिर के सचिव राजकुमार मित्तल ने विधि विधान के साथ में भगवती का पूजन किया। पूजन का कार्य विद्वान पंडितो जिसमें देवानंद शास्त्री व पं वीरेंद्र ओझा ने मंत्रोचारण के द्वारा सम्पन्न कराया। शामली क्षेत्र के सभी लोग हनुमान टिल्ले की रामलीला का बेसब्री से इंतजार करते है। इस बार मंदिर कमेटी भव्य रामलीला का आयोजन कर रही है। इस बार की रामलीला का मंचन शामली के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा किया जाएगा। आज के कार्यक्रम में रामलीला के कलाकारों द्वारा बारी-बारी से भेंट गाई गई जिसमें पंडित निशांत भागवत पाठक ने शेरावाली का नाम ले जय जय मां।। मेरी मैया के जैसा कोई कहां।।।। बंश नामदेव ने ओ सुन अंजनी के लाला।। मैं बालक हूं दुखियारा।। तथा धैर्य भारद्वाज ने चलो दरबार मां के।। कर लो दीदार मां के।। आदि भजन गाए। इसके साथ-साथ मुख्य-मुख्य कलाकारों ने अपना अभिनय प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में राम का अभिनय आकाश धीमान, माता सीता का अभिनय वंश राजपूत, लक्ष्मण जी का अभिनय उज्जवल नामदेव, भरत जी का अभिनय आर्यवंश भारद्वाज, शत्रुघ्न का अभिनय अजय राणा, बाबा बजरंगबली जी का अभिनय पंडित रवि पाठक, रावण का अभिनय विपिन शांडिल्य, भगवान परशुराम जी का अभिनय बृजेश वशिष्ठ, नारद मुनि का अभिनय वशिष्ठ निर्वाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी, उपेंद्र द्विवेदी, आदेश शर्मा, रमेश धीमान, लाल सिंह लचक, उत्तम नामदेव, सुनील अरोरा टम्मी, अरविन्द जैन, सन्दीप नामदेव, वंश नामदेव, निशांत पाठक, रोहित सांगल, लोकेश वाचस्पति आदि उपस्थित रहे।

चौसाना। पठानपुरा गांव में रविवार को भव्य रामलीला मंचित की गई, जिसमें राम-रावण युद्ध का शानदार प्रदर्शन हुआ। रामलीला के अंतिम दिन में मुख्य आकर्षण रावण वध का .श्य था, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। जैसे ही रावण का वध हुआ, पंडाल में ज्यय रामके जयघोष गूंज उठे। कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीणजन और क्षेत्रीय लोग शामिल हुए। रामलीला का पहला दृश्य कुंभकरण का था। राक्षसी सेना उसे गहरी नींद से जगाने का प्रयास करती है। कई बार प्रयासों के बावजूद कुंभकरण नहीं जागता, लेकिन अंततः वह युद्ध की भयंकर स्थिति से अवगत होता है। राम और लक्ष्मण मिलकर कुंभकरण व मेघनाथ का वध करते हैं। इसके बाद रावण की सेना पर धावा बोलकर उसे पूरी तरह तहस-नहस कर दिया जाता है। रावण जब अपनी सेना को मरते हुए देखता है, तो युद्ध में उतरने का मन बनाता है। उसकी पत्नी मंदोदरी उसे सीता को राम को सौंपने की सलाह देती है, लेकिन रावण युद्ध में अड़ा रहता है। अंततः विभीषण की सलाह पर राम रावण की नाभि में तीर चलाते हैं। रावण शरणागत होकर राम को उपद. 'श देते हैं कि पराई स्त्री, धन और जायदाद पर नजर नहीं रखनी चाहिए। इस भावपूर्ण .श्य के बाद रावण का पुतला मंच पर रखा गया और भव्य तरीके से दहन किया गया। रावण दहन के साथ ही रामलीला का समापन हुआ। रावण का पुतला जलने पर ग्रामीणों में पुतले की लकड़ी लेने की होड़ मच गई, जिससे वातावरण और भी उत्साही हो गया। पूरे कार्यक्रम में धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव दिखाई दिया। कार्यक्रम में राम की भूमिका में प्रशांत सैनी (पिंटू), लक्ष्मण की भूमिका में अनिकेत सैनी (रॉकी), सीता माता की भूमिका में बादल प्रजापत, शत्रुघ्न के रूप में विशाल सैनी, हनुमान की भूमिका में मोनू प्रजापत, अंगद की भूमिका में निखिल सैनी, जामवंत के रूप में श्याम प्रजापत, विभीषण की भूमिका में हिमांशु प्रजापत, रावण की भूमिका में सन्नी सैनी और मेघनाथ के रूप में सतपाल सैनी ने अद्भुत अभिनय किया। कार्यक्रम के संयोजक मनीष सैनी ने बताया कि ग्रामीणों ने पूरे आयोजन का भव्य रूप से सफल बनाया और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में सहयोग रहे।

सूचना नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम मौ. अफजाल MOHD AFJAL पुत्र श्री मौ. सुलेमान MOHD SULEMAN था, अब मैंने बदलकर मौ अफजाल MOH AFJAL पुत्र श्री मौ सुलेमान MOH SULEMAN रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाए।
MOH AFJAL S/O MOH SULEMAN, निवासी 204, आलखुर्द कैराना जिला शामली उत्तर प्रदेश 247774

एक नजर

दोस्त पर रेप का आरोप लगा दिया तलाक

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। मोहल्ला निवासी विवाहिता ने कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि उसकी शादी करीब दो वर्ष पूर्व कांधला कस्बे के मोहल्ला इदरीश बेग निवासी रिजवान के साथ में हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद ही उसके तथा पति के बीच में मन-मुटाव हो गया, जिसके चलते वह अपने मायके में आकर रहने लगी। इसी बीच उसके और पति के बीच में तनाव कम हो गया और दोनों की मोबाइल पर बातचीत होने लगी। इसी दौरान करीब डेढ़ माह पूर्व पति रिजवान ने फोन करके उसे शामली के एक होटल पर बुलाया। जहां पर उसे पति रिजवान व उसका दोस्त नदीम मिले। आरोप है कि पति ने होटल के कमरे में अपने दोस्त नदीम से उसके साथ में जबरदस्ती दुष्कर्म कराया तथा उसकी वीडियो भी बनाई। इसके बाद, रिजवान ने उसे तीन तलाक दे दिया। साथ ही, घटना के बारे में किसी को बताने अथवा पुलिस में शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। आरोप है कि इसके बाद से ही आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करने लगे। वहीं, पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

हमले में पिता-पुत्रों समेत चार पर रिपोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। रविवार को कस्बे के मोहल्ला आलकलां निवासी इसरान बाइक पर सवार होकर अपने चाचा महफूज के साथ में नगर के जहानपुरा मार्ग पर स्थित खेत पर गया था। जहां पर उसे साजिद उर्फ भूरा व उसके पुत्र जैद व आरिश निवासीगण मोहल्ला खेलकलां रामद्वारा रोड कस्बा कैराना तथा अहसान निवासी ग्राम मोहम्मदपुर राई अपने खेत में पानी चलाते हुए मिले। आरोप है कि उन्होंने कई जगह उसके खेत में पानी तोड़ रखा था। जब उसने खेत में टूटे हुए पानी को बंद करने को कहा तो आरोपी आगबबूला हो गए। आरोपियों ने उसके साथ में गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से उसके सिर पर प्रहार कर दिया, जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल होकर नीचे जा गिरा। चीख-पुकार सुनकर रिठान पर मौजूद उसका चाचा मौके पर पहुंचा। आरो. पियों ने उसके ऊपर भी देशी तमंचे से फायर झोंक दिया, जिसमें वह बाल-बाल बच गया। फायर की आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर आ गए, जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं, घायल इसरान को खेत पर मौजूद लोगों की सहायता से उपचार के लिए कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे गम्भीर हालत के चलते हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने घायल युवक की तहरीर पर साजिद उर्फ भूरा, जैद व आरिश तथा अहसान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा- के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया है। उधर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री का कहना है कि युवक पर हमले के मामले तहर लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

छह बिजली घरों पर दो घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। अधिशासी अभियंता जितेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार शाम 4 बजे से 6 बजे तक बिजली घर पर मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इसके चलते झिंझाना रूरल, झिंझाना टाउन, मंसूरा, अल्दान नगर, करेदू, कमलपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। उन्होंने बताया कि सभी किसान व ग्रामीण समय से पहले अपने पशुओं के लिए चारा-पानी की व्यवस्था कर लें। निर्धारित समय पर कार्य पूरा होने के बाद शाम 6 बजे से बिजली आपूर्ति पुन: बहाल कर दी जाएगी।

मेले में खड़ी बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

थानाभवन। नगर के मोहल्ला छिपियान टंकी निवासी अजय पुत्र सलेक चंद की बाइक अज्ञात चोर उड़ा ले गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर में अजय ने बताया कि गत रात्रि करीब 8 बजे वह अपने घर से बाजार सामान लेने के लिए बाइक पर निकला था। रास्ते में मेले के पास उसकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। इस पर उसने बाइक को वंदना बैंकट हॉल के पास खड़ी कर दी और पेट्रोल लेने चला गया। जब वह पेट्रोल लेकर वापस लौटा तो बाइक गायब मिली। काफी तलाश के बावजूद बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने अजय की तहरीर के आधार पर मुक. दमा पंजीकृत कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

किसान दिवस का आयोजन आज

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। उप कृषि निदेशक शामली, प्रमोद कुमार द्वारा जनपद शामली के समस्त सम्मानित कृषक भाईयों, कृषक संगठनों एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि किसान दिवस का आयोजन 16.9.2025 दिन मंगलवार 11 बजे से मुख्य विकास अधिकारी/जिलाधिकारी शामली की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार, शामली में आयोजित किया जाएगा। उनके द्वारा समस्त सम्बन्धित से अनुरोध किया गया है कि वह आयोजित होने वाले किसान दिवस में समय से प्रतिभाग करना का कष्ट करें।

स्वदेशी जागरण हस्ताक्षर अभियान चलाया

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा शहर के वीवी इंटर कॉलेज में स्वदेशी जागरण हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला संयोजक वैभव गोयल एवं कार्यक्रम संयोजक प्रधानाचार्य एसके आर्य ने किया। सोमवार को शहर के वीवी इंटर कालेज में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा स्वदेशी जागरण हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कालेज के प्रधानाचार्य एसके आर्य व जिलाध्यक्ष वैभव गोयल ने संयुक्त रुप से हस्ताक्षर कर किया। इस दौरान मुख्य वक्ता अनुराग शर्मा ने बताया गया कि यह अभियान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाया जा रहा है। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे स्वदेशी को अपनाकर देश के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धा व्यक्त करेंगे तथा विदेशी मूल की वस्तुओं का बहिष्कार करेंगे।कार्यक्रम में ख्याति शर्मा, मोनिका, डॉ. अनुराग शर्मा, सचिन, भारत आदि मौजूद रहे।

सवाल भरोसे का तो जवाब शाह टाइम्स

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में विज्ञापन, सूचना व समाचार आदि छपवाने के लिए संपर्क करें।

नसीम सैफी (जिला प्रभारी)	मो. 9027988482
समीउल्लाह खान संवाददाता जलालाबाद	मो. 97192 15832
मेहरबान कुरैशी संवाददाता झिंझाना	मो. 70176 76898
विकास चौधरी संवाददाता ऊन	मो. 90587 92330
सालिम अंसारी संवाददाता कैराना	मो. 95577 79014
इकराम राणा संवाददाता थानाभवन	मो. 87559 37209
मोहसीन रहमानी संवाददाता कांधला	मो. 79003 00510
इंशाद राणा संवाददाता चौसाना	मो. 97565 62666
विकास कौशिक संवाददाता छायाकार शामली	मो. 74178 08041
गुलफाम सैफी संवाददाता शामली	मो. 90589 78815

Email: shahtimesshamli4@gmail.com

कार्यालय

पता- ओम प्लाजा मार्किट निकट इंडियन बैंक जनपद शामली

वन दरोगा व वन रक्षक संस्पेंड

फार्म हाऊस छापेमारी मामले में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज, सवालों के घेरे में कार्यवाही

शाह टाइम्स संवाददाता

साढौली कदीम। शिवालिक वन प्रभाग की शाकंभरी रेंज की टीम द्वारा एक फॉर्म हाउस पर छापेमारी कर पकड़ी गई प्रतिबंधित बेशकीमती खैर की पांच कुंतल लकड़ी के मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्यवाही की है। मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में वन दरोगा और वन रक्षक को सस्पेंड किया गया है जबकि 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। हालांकि जिन वनकर्मियों के नाम पेड़ कटवाने और तस्करी करने को लेकर चर्चाओं में है, उनके नाम मुकदमे में शामिल नहीं है, जिससे विभागीय अधिकारियों पर भी सवालिया निशान लग रहे है।

दरअसल, शिवालिक वन प्रभाग की शाकंभरी रेंज की बड़कला चौकी क्षेत्र में स्थित किसान बाबू के फॉर्म हाउस पर छापेमारी कर वन विभाग की टीम ने 5 कुंतल बेशकीमती खैर की लकड़ी पकड़ी थी। चर्चा थी कि यह बेशकीमती लकड़ी जंगल से काटकर यहां इकट्ठा की गई है और इसे इकट्ठा करने में वन विभाग में ही तैनात वन दरोगा और वन रक्षक शामिल है। अब वन विभाग की ओर से इस मामले को कार्यवाही की गई है। शाकंभरी रेंज के वन क्षेत्राधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि घटना में लापरवाही बरतने वाले वन दरोगा आकाश और वन रक्षक पंकज को आला अधिकारियों द्वारा सस्पेंड किया गया है जबकि फार्म हाउस मालिक किशन बाबू निवासी विकासनगर, देहरादून, भोपाल पुत्र फक्कर निवासी बड़कला, महताब पुत्र हसन दीन निवासी, अकरम पुत्र नाजर तथा अमजद पुत्र सफी निवासीगण हबीबपुर तपोवन के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। लेकिन बड़ा सवाल ये है कि जिन वन कर्मियों का नाम बेशक. ीमती लकड़ी कटवाने, इकट्ठा करवाने और तस्करी करवाने में चर्चा में है उनके नाम मुकदमा दर्ज नहीं किया गया, जिससे लगता है कि वन विभाग के अधिकारी अपने विभाग के कर्मचारियों को बचाने में लगे हुए है।

मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली

शाह टाइम्स संवाददाता

मिर्जापुर। थाना मिर्जापुर पुलिस की शेरपुर पैलो की पुलिया के पास चेकिंग के दौरान बदमाशों से मुठभेड हो गयी। पुलिस की जवाबी फायरिंग मे 25 हजार रुपए के एक इनामी बदमाश के पैर मे गोली लगी है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलाह व बाइक बरामद हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की देर रात थाना प्रभारी सुनील नागर के नेर्तत्व मे बादशाहीबाग चौकी इंचार्ज प्रमोद कुमार व शाकम्भरी इंचार्ज गजेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे।तभी बिना नंबर की बाइक आता देख पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया। बाइक सवार बदमाश भागने लगे स पुलिस के पीछा करने पर बाइक स्लिप होकर गिर गयी।बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग की तो पुलिस की जवाबी फायरिंग मे एक बदमाश के पैर मे गोली लगी है।

बदमाश की पहचान 25 हजारी इनामी अफसर पुत्र इकराम निवासी बुड्ढाखेड़ा गंगोह के तौर पर हुई है। बदमाश के कब्जे से अवैध हथियार व बिना नंबर की बाइक बरामद हुई है। जबकि एक बदमाश अँधेरे का फायदा उठाकर भागने मे सफल रहा है। पकड़े गए बदमाश के ऊपर कई मुकदमे दर्ज बताये गए हैं। सीओ बेहट वैभव पांडेय के जानकारी देते हुए बताया की बादशाहीबाग सतसंग भवन मे चोरी की घटना सहित अन्य चोरी की घटनाओ मे पकड़ा गया बदमाश लिप्त था।

टीम मे अमित राठी, योगेश व अमरदीप मौजूद रहे।

कथा का वर्णन

गंगोह। श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन कथा वाचक रजनीश जी महाराज ने कहा कि जन्म-जन्मांतर एवं युग-युगांतर में जब पुण्य का उदय होता है, तब ऐसा अनुष्ठान होता है। श्रीमद्भागवत कथा एक अमर कथा है। इसे सुनने से पापी भी पाप मुक्त हो जाते हैं।

बाईपास मार्ग स्थित एक गार्डन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन कथा वाचक ने कहा कि वेदों का सार युगों-युगों से मानवजा. ति तक पहुंचाता रहा है। भागवत पुराण उसी सनातन ज्ञान की पयस्विनी है, जो वेदों से प्रवाहित होती चली आई है। इसलिए भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा गया है। उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण का बखान किया। कहा कि सबसे पहले सुखदेव मुनि ने राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाई थी, उन्हें सात दिनों के अंदर तक्षक के दंश से मृत्यु का श्राप मिला था। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा अमृत पान करने से संपूर्ण पापों का नाश होता है। इससे पूर्व कथा वाचक का स्वागत कर गद्दी पर बैठाया।

सज गया रंगमंच

गंगोह। रामलीला महोत्सव का शुभारंभ होने में अब एक दिन का समय शेष रह गया है। कलाकारों को प्रशिक्षण देने का काम पूरा होने के साथ ही रंगमंच को सजाने का काम भी लगभग पूरा हो गया है।

रामलीला महोत्सव शुरू होने में अब एक दिन शेष बचा है। 17 सितम्बर को पूजा अर्चना के साथ ही कार्यक्रम आरंभ हो जाएगा। नगर व क्षेत्र में कई स्थानों पर रामलीला का आयोजन होता है। कहीं रामलीला का मंचन कलाकारों द्वारा किया जाता है तो कहीं प्रोजेक्टर के माध्यम से राम की लीला को दिखाया जाता है। पात्रों को सिखाने का काम पूरा हो गया है। शिव चौक स्थित रामलीला व हिन्दू सभा सराय स्थित रामलीला रंगमंच पर महोत्सव की शुरूआत 17 सितम्बर से होगी। शिव चौक रामल. ीला में राम बारात 22 सितम्बर व हिन्दू सभा सराय स्थित रामलीला 21 को निकाली जाएगी।

पांवधोई नदी तट पर पौधारोपण व आरती

गंगा समग्र महानगर की बैठक में पहुंचे राष्ट्रीय मंत्री पवन कुमार, कार्यकारिणी विस्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। गंगा समग्र द्वारा पीपल के पौधों का रोपण कर पवित्र पांवधोई नदी के तट पर मां गंगा की आरती की गई।

नगर के ऐतिहासिक पौराणिक स्थल बाबा लालदास के निकट पांवधोर्ठ नदी पर गंगा समग्र के महानगर की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय मंत्री पवन कुमार ने गंगा समग्र के विषय व आयामों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रांत संयोजक सुनील अग्रवाल ने गंगा समग्र पर व्याख्यान दिया। बैठक के बाद महानगर की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें प्रांत संयोजक सुनील अग्रवाल द्वारा उनके दायित्वों की घोषणा की गई। महानगर संयोजक अशोक कुमार,

सहसंयोजक रामदीप बंसल, मांगेराम गुप्ता, विनय कुमार आदि सभी दायित्व धारी की घोषणा की दायित्वधारी साथियों को गंगा समग्र की पत्रिका वह पटका पहनसकर स्वागत किया गया।

अंत में संचालन करते हुए प्रांत संपर्क प्रमुख देवसुमन चौहान ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेंदारी साथियों को दी गई है वह उसका बखूबी निर्वहन करें और गंगा समग्र के काम में अपना योगदान दें।

बैठक में प्रांतीय संगठन मंत्री राकेश कुमार, सहसंयोजक विजयंत कुमार भी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अध्यक्षता समाजसेवी अनिल कुमार गुप्ता ने की।

बैठक में जिला संयोजक अनूप सिंह, राजकुमार, अशोक कुमार एवं अन्य गंगा भक्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रमों का समापन पीपल का वृक्ष लगाकर किया गया।

पंज प्रतियोगिता में की जोर आजमाईश

शाह टाइम्स संवाददाता

बेहट। कस्बे में अंतर्राज्यीय पंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें खिलाड़ियों ने जोर आजमाइश की। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

कस्बे के मौहल्ला महाजनान स्थित एक पैलेस में आयोजित पंजा प्रतियोगिता का शुभारंभ वरिष्ठ समा. जसेवी शिफाउल मलिक व समा. जवादी पार्टी के बेहट नगर अध्यक्ष अजीम मलिक ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वे नशाखोरी और फिजूल के कामों से ध्यान हटाकर खेलो पर ध्यान दे ताकि उससे शरीर और मस्तिष्क स्वस्थ रहे। उन्होंने कहा कि खेलो को बढ़ावा देने वाले युवाओं की वे हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। प्रतियोगिता में उत्तराखंड, हरियाणा सहित कई राज्यों

के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उबैद पठान ने पहला स्थान हासिल किया जबकि उत्तराखंड के डाकपत्थर से आए राजा दूसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा अपने अपने वेट में रिहान, राशिद, अजहर, ऋतिक, पारस, अंकित व आयान मियां ने जीत हासिल की। प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान हारून खान, तौफीक मलिक, रियासत खान, छोटा, फिरोज खान, तौसीफ मलिक, सुहैल सैय्यद, जोनी आदि मौजूद रहे।

खबर छपते ही जागी नगर पंचायत बेहट

शाह टाइम्स संवाददाता

बेहट। कस्बे में आदमखोर कुत्तों द्वारा कई लोगों पर हमले की खबर शाह टाइम्स में प्रकाशित होने के बाद आखिरकार नगर पंचायत बेहट कुंभकर्णी नींद से जाग गया। नगर पंचायत की टीम ने कस्बे में घूम घूमकर आवारा कुत्तों को पकड़ने का काम शुरू कर दिया है। दरअसल, नगर पंचायत की लापरवाही के चलते कस्बे में आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ था। आवारा आदमखोर कुत्तों ने हमला कर बच्चों सहित 5 लोगों को घायल कर दिया था। घायलों के परिजनों द्वारा सभी घायलों को बेहट सीएचसी में भर्ती कराया गया था और नगर पंचायत बेहट प्रशासन ने आदमखोर व आवारा कुत्तों

को पकड़वाए जाने की मांग की गई थी। आदमखोर कुत्तों द्वारा राह चलते लोगों को नोच काटने की खबर ष्शाह टाइम्सष के रविवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। जिसके बाद नगर पंचायत प्रशासन द्वारा आवारा व आदमखोर कुत्तों को पकड़ने के लिए टीम लगाई गई है। कस्बेवासियों ने शाह टाइम्स टीम का आभार जताया है।

शाकम्भरी मेले में उपलब्ध हों तमाम सुविधाएं: डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने 22 सितम्बर से आयोजित होने वाले सिद्धपीठ मां शाकम्भरी देवी मेले में तमाम व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। साथ ही कहा कि स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत, प्रकाश, पार्किंग में सभी आवश्यक शर्तों को पूरा किया जाए।

जिलाधिकारी ने यह निर्देश कलैक्ट्रेट सभाकक्ष में एसएसपी आशीष तिवारी के साथ मेला आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों की बैठक में दिये। उन्होने पार्किंग व्यवस्था के दृष्टिगत 10 हेक्टेयर जमीन चिन्हित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ठेकेदार द्वारा किसानों के साथ स्वयं एग्रीमेंट करने के लिए कहा। मेला की समस्त व्यवस्थाओं के

दृष्टिगत एसडीएम की अध्यक्षता में तहसीलदार बेहट, एसएचओ मिर्जापुर के साथ संयुक्त टीम गठित की गयी। स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बेहतर रहें इसके लिए साफ-सफाई युक्त स्थल पर समस्त आवश्यक दवाओं की उपलब्धता रहे। चिकित्सकों की उपलब्धता के लिए डयूटी लगाने के निर्देश दिए।

भण्डारों में मेला अवधि के दौरान एवं बाद में साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनी रहे। डस्टबिन उच्च गुणवत्ता वाले, स्वच्छ भारत के स्लोगन लिखित लगाए जाएं। इसके साथ ही कर्मचारियों एवं सुपरवाईजर की ड्यूटी लगाई जाए। सुपरवाईजरों का नम्बर प्रशासन और पुलिस के पास उपलब्ध हो। जिला पंचायत राज अधिकारी विशेष दिवसों पर सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करें। स्थाई एवं अस्थाई शौचालय बनाए जाएं तथा स्वच्छता रखी जाए। विद्युत विभाग को मेला क्षेत्र में विद्युत सुरक्षा के निर्देश दिए। सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में रहे। पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाए जाएं।

कन्ट्रोल रूम में बडी स्क्रीन वाली एलईडी लगाई जाएं। पार्किंग में ठेकेदार वालन्टियर भी लगाना सुनिश्चित करें जिससे कि वाहनों को सुव्यवस्थित रूप से लगवाया जा सके। मोबाइल लाइट की भी व्यवस्था की जाए। इस बीच निर्माण कार्य पूरी तरीके से प्रतिबंधित रहेगा तथा बेरीकेटिंग लगाई जाएंगी। ई-रिक्शा निर्धारित रूट पर ही चलें तथा दर निर्धारित एवं प्रदर्शित रहे। लोनिवि को निर्देश दिए कि मेला अवधि में बनाए जाने वाले अस्थाई पुल की फिटनेश सर्टिफिकेट प्रतिदिन देना सुनिश्चित करेंगे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, एसपी नगर देहात सागर जैन, डीएफओ शुभम सिंह, एसडीएम बेहट मानवेन्द्र सिंह, एआरटीओ एमपी सिंह, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत चन्द्रवीर सिंह, प्रबन्धक शाकम्भरी देवी मंदिर आदित्य राणा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

शिव पार्वती विवाह सम्पन्न

गंगोह। रामलीला कमेटी हिन्दू सभा सराय द्वारा रविवार को निकाली गई थी। भगवान शिव बरात की समाप्ति पर शिव पार्वती विवाह संपन्न हो गया।

मोहल्ला मखदूम जहां स्थित रामलीला भवन से शुरु हुई शिव बरात लखनौती मार्ग, मेन रोड, मेटाडोर स्टैंड, टाकान, कालेज रोड, शिव चौंक, पीठ बाजार, कानूनगोयान, ईशरा आदि मार्गो से होती हुई रामलीला भवन पर ही पहुंची, जहां शिव पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। शिव के रूप में सौरभ उपाध्याय व पार्वती के रूप में आक. ाश कश्यप रहे। अनेक स्थानों पर बरात का स्वागत किया। सबसे पहले झंडा पूजन किया गया। इसके बाद हरी झंडी दिखा व नारियल फोड़ कर बरात को भाजपा मुख्यातिथि पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी के बेटे अंशुमन चौधरी ने रवाना किया था। बैंडबाजों, अखाड़े व झांकियों ने बरात में चार चांद लगा दिए।

शारदीय मेले की पार्किंग का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

बेहट। सिद्ध पीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर परिक्षेत्र में आगामी शारदीय नवरात्रि पर लगने वाले विशाल मेले के मद्देनजर एसडीएम मानवेन्द्र सिंह एवं सीओ बेहट एस एन वैभव पांडेय ने मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए बनाए जाने वाले पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम एवं सीओ एस एन वैभव पांडेय ने अपने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बता दे आगामी 22 सितंबर से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्र पर्व के मौके पर शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित सिद्ध पीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर परिक्षेत्र में विशाल एवं भव्य मेले का आयोजन होता है। जिसकी सभी व्यवस्थाएं जिला पंचायत द्वारा की जाती है। मेले के दृष्टिगत सोमवार को एसडीएम मानवेंद्र सिंह एवं सीओ एस एन वैभव पांडेय बेहट द्वारा मेला परिक्षेत्र में बनाए जा रहे पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पार्किंग स्थल को समतल कराई जाने एवं चारों ओर वेरीकटिंग लगाए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अपने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान राजस्व निरीक्षक,लेखपाल मौजूद रहे।

अलावलपुर रोड की बनी जर्जर स्थिति

शाह टाइम्स संवाददाता

छुटमलपुर। नगर पंचायत के अलावलपुर रोड की बदहाल सड़कें व नालों की पिछले एक साल से लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं। गड्ढों और उखड़ी सड़कों ने न केवल आवागमन को दुष्कर बना दिया है, बल्कि आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं ने स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। नगर वासियों का गुस्सा इस बात को लेकर है कि नगर पंचायत चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी केवल औपचारिक दौरों तक सीमित हैं, जिनमें फोटो खिंचवाकर दिखावटी वादे किए जाते हैं, लेकिन सड़कों की मरम्मत के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती।

स्थानीय निवासी मोहम्मद इनाम राव अफसर हाजी, छोटा अमजद,

जावेद, अहतेशाम राव, मुर्तजा, अहसास, मुनाजिर और राव आमिर जैसे लोगों ने प्रशासन के रवैये पर कड़ा ऐतराज जताया है। उनका कहना है कि सड़कों की दुर्दशा के कारण बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। बारिश में गड्ढों में पानी भरने से स्थिति और बदतर हो जाती है, जिससे वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ता है। नाराज निवा. सियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़कों व नालों की मरम्मत शुरू नहीं हुई, तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे। इसके साथ ही, उन्होंने आगामी चुनाव में इस उपेक्षा का जवाब वोट के जरिए देने की बात कही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नालों व सड़कों की मरम्मत के लिए तत्काल बजट स्वीकृत किया जाए और कार्य शुरू हो। उनकी मांग है कि इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

श्री भागवत गीता उपनिषदों का सार: गोस्वामी

शाह टाइम्स संवाददाता

रामपुर मनिहारान। कथा वाचक गोस्वामी ऊधो महाराज ने कहा कि श्री भागवत गीता उपनिषदों का सार है। महाभारत युद्ध के समय रणभूमि में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को जो ज्ञान दिया था वह गीता में बताया गया है। गीता मनुष्य के जीवन की कई कठिनाइयों को आसान बनाती है।

सोमवार को रेलवे रोड स्थित खादी भंडार के मैदान पर श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक गोस्वामी ऊधो जी महाराज वृंदावन वाले ने कहा कि गीता पढ़ने पर मनुष्य को बहुत सी नई जानका. रियां मिलती है।भगवान शिव ने देवी पार्वती को गीता के पहले अध्याय के पाठ का महत्व जो बताया है वही यहां आपके लिए प्रस्तुत है। लेकिन गीता के पहले अध्याय के महत्व को जानने से पहले जान लीजिए , गीता के पहले अध्याय का नाम अर्जुन विषाद योग है। इस अध्याय में कुरुक्षेत्र के मैदान में उपस्थित बंधुओं और संबंधियों को सामने देखकर अर्जुन के मन में उठे विषाद और मन:स्थिति का वर्णन किया गया है। कथावाचक ने उपस्थित श्रद्धालुओं से अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति भी जागरूक किया। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश सरकार में औद्योगिक विकास व संसदीय कार्य राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने कथा

वाचक महाराज श्री का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।कथा का उदघाटन कांता शर्मा, दीप प्रज्जवलित आदेश गुप्ता, साधना गुप्ता ने किया।कथा आयोज. कों द्वारा राज्यमंत्री जसवंत सैनी को स्मृती चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कथा के आयोजन में श्री राम सेवा ट्रस्ट के संरक्षक चौधरी रमेश पंवार,अध्यक्ष संदीप मित्तल, सागर ग्रीनपार्क, विजय शर्मा, पदम सिंह एडवोकेट, विजय आनंद, हरिओम शर्मा, नीरज शर्मा, श्यामलाल,जुगमेंद्र रावत, सागर,आदि का सहयोग रहा।

संगीत लहरियों से गूंज उठा जनमंच

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। रविवार की रात परंपरागत भारतीय शास्त्रीय संगीत की स्वलहरियों ने जनमंच सभागार को संगीतमय रस से भर दिया। अवसर था परस्पर सौहार्द व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीक श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज की स्मृति में सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में आयोजित 'हमारी संस्कृति हमारी पहचान' कार्यक्रम का।

नगर निगम द्वारा स्पिक मैके के सहयोग से जनमंच सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 'स्पर्श प्रयास' के नन्हे संगीत साधको-रूद्र मोंगा ने सरोद पर राग किरवानी, कवनप्रीत सिंह ने सितार पर राग मिया की मल्हार बजाया और राग भूपाली को पूर्वा रानी ने, संतूर-शुभ, अमन्या चौधरी, टिया बजाज ने इसराज पर शुभ ने बांसुरी, अर्वंतिका ,अंशिका व अथर्व ने सरोद पर रागछेड़ा तो श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। दूसरी प्रस्तुति में ताल वाद्य कचहरी को दिल्ली और पुणे से आये डिवाइन ड्रम के कलाक. ारों ने महाभारत काल में अर्जुन द्वारा शुरु की गयी परंपरा, जिसमें दोनों हाथ को बदल-बदल कर वाद्यों को दाये और बाये दोनों तरफ, एक ही हाथ से बजाया जाता है से आरम्भ किया। यह इस ग्रुप की मुख्य विशेषता रही।

पहले शिव स्तुति,तत्पश्चात कर्नाटक संगीत एवं उत्तर भारतीय संगीत का समागम और अंत में धुन पर पखवाज ,घटम ,सारंगी ,हारमो. नियम और तबले आदि वाद्यों की एकल और विभिन्न जुगलबंदियां माहौल में इंद्रदेव की संगीत सभा का आभास कराती रही। पखावज पर शुभाशीष सव्यसांची, तबले पर सिद्धि विनायक, घटम पर सौनुक बनर्जी, सारंगी पर शाहनवाज खान और हारमोनियम पर सहारनपुर के पंकज मल्होत्रा ने संगत की। 'स्पर्श प्रयास' के दो वर्ष पूर्ण होने पर 11 नन्हे साधको को 'साधक अवार्ड' से भी नवाजा गया। समाजसेवी शलभ राय,गौरव गुप्ता, व कनिष्क जोशी ने कलाकारों को पुरस्कार प्रदान किय। कार्यक्रम संयोजन में शेफाली मल्होत्रा, सुधांशु, आशुदीप सिंह, सुप्रिया, रश्मि व तरुणा का योगदान रहा।

गंगोह। बाबा बंसी वालों के सेवा भारती परिवार के द्वारा साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निक. ाली गई। जिसमें सैकड़ो महिलाओं ने सिर पर कलश उठाएं चल रही थी।

कलश यात्रा का शुभारंभ नारायण सिंह बिल्डिंग के पास एक प्रतिष्ठान से शुभारंभ किया गया।

सूचना

मैं अपने पुत्र शाकिब व उसकी पत्नी कौशर को उनके गलत आचरण के कारण अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ।

मौ. शहजाद पुत्र मौ. हसन निवासी नई बस्ती, इस्लामाबाद, खाताखेड़ी थाना मंडी जिला सहारनपुर।

सूचना

मेरा एक बैनामा रकबई 64 वर्ग गज जिसका नगर पालिका नम्बर 11/4023, पैमाइश पूरब से 16 फिट, पश्चिम 16 फिट, उत्तर 36 फिट व दक्षिण 36 फिट जो कि अपने पंजीकृत स्वामी मौ. अकरम पिसर श्री मौहम्मद हनीफ मरहूम निवासी मौहल्ला आतिशबाजान, मकान नम्बर 11/2489 जिला सहारनपुर के नाम दर्ज चला आ रहा है। कही गुम हो गया। जिसका प्रयोग अवैध होगा।

मौ. अकरम पिसर श्री मौ. हनीफ मरहूम निवासी मौहल्ला आतिशबाजान, जिला सहारनपुर।

जमीयत व मजलिस ने सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम रोक लगाने का किया स्वागत



वक्फ पूरी तरह से धार्मिक और शरीअत से जुड़ा मामला है इसमें संशोधन किये जाने से मुसलमानों के धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार को ठेस पहुंचेगी।

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। जमीयत उलेमा ए हिंद एवं मजलिस इत्तेहाद ए मिल्लत ने उच्चतम न्यायालय द्वारा संशोधित वक्फ कानून 2025 की तीन विवादित धाराओं पर अंतरिम रोक लगा दिए जाने का स्वागत किया है। साथ ही 'वक्फ बाय यूजर' से संबंधित अदालत की टिप्पणी पर चिंता भी व्यक्त करते हुए कहा कि संशोधित वक्फ कानून देश के संविधान पर हमला है, इसलिए इस काले कानून के निरस्तीकरण तक कानूनी और लो. कतांत्रिक लड़ाई जारी रखेगी।

जमीयत उलेमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने जारी अपने बयान में कहा कि वक्फ कानून में संशोधन कर विवादित और बड़े पैमाने पर खतरनाक धाराओं के साथ जो नया वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 लाया गया था, उस पर सुप्रीम कोर्ट ने आज अपने अहम फैसले में तीन धाराओं पर अंतरिम रोक लगा दी है जो स्वागत योग्य है। मौलाना मदनी ने कहा कि अभी हमारी लड़ाई समाप्त नहीं हुई है। कहा कि सुप्रीम कोर्ट इस काले कानून को समाप्त कर हमें पूर्ण संवैधानिक न्याय देगा।

पूर्व राज्यसभा सांसद एवं जमीयत अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने अदालत के अंतरिम निर्णय अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी मस्जिदों और कब्रिस्तानों की सुरक्षा तब तक संभव नहीं, जब तक वक्फ बाय यूजर के सैद्धांतिक पक्ष को स्वीकार न किया जाए। कहा कि वक्फ बाय यूजर से संबंधित अदालत की टिप्पणी हमारे लिए अत्यंत चिंता का विषय है। हमें इस पर गंभीरता से विचार करना होगा। कहा कि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, देश में चार लाख से ज़्यादा वक्फ संपत्तियां 'वक्फ बाय यूजर' की श्रेणी में आती हैं जिनमें एक लाख 19 हजार मस्जिदें और डेढ़ लाख कब्रिस्तान की संपत्तियां शामिल हैं। इनमें से 80 प्रतिशत से ज्यादा पंजीकृत नहीं हैं।

कहा कि वर्तमान संशोधित कानून ने वक्फ बाय यूजर को पूरी तरह से अमान्य घोषित कर दिया है और आंशिक संशोधन द्वारा पहले से पंजीकृत संपत्तियों को इससे छूट देकर यह दिखाने की कोशिश की है कि इससे कोई बड़ा नुकसान नहीं होगा। लेकिन यह संशोधन हमारी मूल चिंताओं का समाधान नहीं हो सकता है। मजलिस इत्तेहाद ए मिल्लत के अध्यक्ष मौलाना तारिक कासमी ने कहा कि वक्फ पूरी तरह से धार्मिक और शरीअत से जुड़ा मामला है इससे संबंधित कानून में ऐसे प्रावधान शामिल नहीं होने चाहिए जो इसकी धार्मिक स्थिति को कमजोर करें या मुसलमानों के धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार में बाधा डालें।

पंजाब के बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए भेजी राहत सामग्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सभा में पंजाब के बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए एकत्र की गई राहत सामग्री की पहली खेप को पंजाब भेज दिया गया है। यह रसद सामग्री वहां शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का सौंपी गई है।

गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सेठ कुलदीप कुमार व सचिव गुरजोत सिंह सेठी ने बताया कि देवबंद के गुरुद्वारा साहिब से रवाना हुआ 20 सदस्यीय जत्था रविवार को कपूरथला जिले की सुल्तानपुर लोधी तहसील के गांवों में पहुंचा। जहां मैडिकल किट और बच्चों से संबंधित सामान का घर-घर जाकर वितरण किया गया। वहीं, चावल, आटा, दाल, चना, पानी की बोतलों समेत अन्य खाद्य सामग्री को गुरुद्वारा बेर साहिब सुल्तानपुर लोधी के स्टोर में

जमा कराकर रसीद प्राप्त कर ली गई। अमनदीप सिंह ने अरदास की। जत्थे में सचिन छाबड़ा, चंद्रदीप सिंह, हर्ष भारती, बलदीप सिंह, हरविंदर सिंह बेदी, राजपाल नारंग, राजपाल राजू, अमन सेठी, सन्नी सेठी, गगनदीप सिंह, पार्थ रतड़ा,कैप्टन कपूर, संदीप सिंह, अनमोल कक्कड़,हन्नी कपूर, बिट्टू कपूर, संभव सिंह, युवराज अरोड़ा, यश सैनी शामिल रहे।

भगवान श्री कृष्ण जैसा व्यक्तित्व युगों में एक बार होता है: स्वामी

देवबन्द। श्रीमद् भागवत कथा में पांचवें दिन भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सोमवार को संसदीय कार्य राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल ने कथावाचक स्वामी रसिक महाराज का आशीर्वाद लिया। महाराज और अंतर्राष्ट्रीय ध्यान गुरू स्वामी दीपांकर महाराज भी कथा सुनने पहुंचे।

स्वामी रसिक महाराज ने कथा वाचन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जैसा व्यक्तित्व युगों-युगों में एक बार प्रकट हो पाता है। भगवान श्रीकृष्ण जैसा विराट व्यक्तित्व कोई अन्य नहीं हुआ है। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जैसा प्रज्ञा पुरुष, ज्ञानवान, गायक, संगीतज्ञ, योद्धा, योगी, राजा, मित्र, प्रेमी, पुत्र कोई दूसरा नहीं हुआ है। जब तक वह गो. कुल वृंदावन में रहे ग्वाल बाल बनकर रहे। आनंद व प्रसन्नता के साथ जीये और द्वारिकाधीश बनकर द्वारिका की सत्ता पर विराजमान रहे। विषाद से प्रसाद तक की यात्रा का संदेश भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हम सबको प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सनातनी संस्कृति, सभ्यता समावेशी है, सकारात्मक

है, किसी के विरुद्ध नहीं जबकि सभी संकीर्ण पंथ नकारात्मक होते हैं। इस मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मानवीर सिंह पुंडीर, उद्योगपति पुष्पेंद्र चौधरी, कथा आयोजन समिति अध्यक्ष पूर्व ब्लाक प्रमुख ठा. अनिल सिंह पुंडीर, बजरंग दल नेता विकास त्यागी, अमरीश राणा, अभिषेक त्यागी, रामभूल सिंह, सुशील सिंह, राहुल राणा, सुधीर सिंह आदि शामिल रहे।

कराटे प्रतियोगिता का पालिकाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। कराटे प्रतियोगिता में मेरठ, मुजफ्फरनगर एवं सहारनपुर जनपद सहित अन्य जनपदो के खिलाडियों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

स्टेट हाइवे स्थित जितगिरि मंदिर के हॉल में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक कराटे चौंपियनशिप का उद्घाटन पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि किसी भी प्रतियोगिता का उद्देश्य हारजीत नहीं बल्कि आगे बढ़ने के लिए अपनी प्रतिभा को निखराना होना चाहिए। प्रतियोगिता का समापन पैरा वॉलीबाल इंडिया के अध्यक्ष राघवदास अग्रवाल ने खिलाडियों को पुरस्कृत कर किया। कहा कि अब प्रतिभा किसी एक शहर की बपौती

नहीं रह गई बल्कि छोटे-छोटे क्षेत्रो से भी आगे बढ़ क्षेत्र का ही नहीं देश का नाम रोशन कर रही है। प्रतियोगिता के आयोजक बसंत उपाध्याय ने बताया कि इंवेट में तीन जपदो के 200 कराटे खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान राम मोहन सैनी, शिव शर्मा, शुभम त्यागी, वैभव, फूल कुमार, निखिल, निरज, नीशू, आयुष और गौरांक्षी आदि शामिल रहे।

चार्ट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

देवबन्द। चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई।

सहारनपुर हाइवे स्थित बीआर कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में बीए की छात्रा रीतू ने प्रथम, पायल ने द्वितीय और पायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सचिव जनार्दन दास त्यागी, प्राचार्य डॉ. अभिलाषा शर्मा व योगेंद्र त्यागी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

ग्रामीणों ने शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज का किया स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज चौंदाहेड़ी गांव पहुंचे। जहां कांग्रेस के पूर्व एमएलसी चौधरी गजे सिंह के आवास पर ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम महाराज ने कहा कि आजकल आपदाएं मानव जाति को अपनी चपेट में ले रही है। कहा कि जब जब पृथ्वी पर पाप बढ़ेगा तब तब आपदाएं आएंगी। महाराज ने कहा कि पाप मीठा होता है लेकिन उसका परिणाम कड़वा होता है। वहीं, इसके विपरीत पुण्य कड़वा होता है लेकिन उसका फल अवश्य मीठा होता है। अगर देश में सुख शांति चाहते हैं तो पुनीत कार्य करने के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान में बढ चढ भागीदारी करें। उन्होंने कहा कि लोगों को कभी भी एक दूसरे से ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए बल्कि अच्छे कर्म करते रहना चाहिए। जबकि फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए। फल तो कर्म के आधार पर अवश्य मिलेगा ही। इस मौके पर चौधरी यशपाल सिंह, चौधरी दीपक पंवार, चौधरी नवाब सिंह, चौधरी महक सिंह,चौधरी ओमपाल सिंह, जयवीर पंवार, चौधरी रफल सिंह, चौधरी सुरेंद्र प्रधान आदि मौजूद रहे।

भारतीय शास्त्रीय संगीत, नृत्य व गायन विद्या से छात्रों का किया मनोरंजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। एचएवी इंटर कालेज में स्पिक मैके इंडिया की ओर से कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें कलाकारों ने संगीत से समां बांधा और सभी को आनंदित कर दिया।

पंकज मल्होत्रा एवं उनकी टीम ने भारतीय शास्त्रीय संगीत, नृत्य एवं गायन विद्या से छात्रों का मनोरंजन किया और छात्रों को प्राचीन भारतीय शास्त्रीय संगीत को सीखने के प्रति प्रेरित किया। प्रधानाचार्य हेम सिंह ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय संगीत सीखकर इससे आजीविका भी चला सकती है। वरिष्ठ प्रवक्ता शिवम त्यागी व प्रमोद कुमार ने कहा कि संगीत और मनुष्य जीवन एक दूसरे के पूरक हैं, क्योंकि मनुष्य सुख और दुख में हमेशा संगीत का सहारा लेता रहा है। इसलिए हमें संगीत से जुड़े रहना चाहिए। इस मौके पर समस्त स्टाफ शामिल रहा।

देवबन्द। भारतीय किसान यूनियन वर्मा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने बढ़ती महंगाई के मद्देनजर गन्ना मूल्य 700 रुपये क्विंटल घोषित करने की सरकार से मांग की है। कहा कि कृषि यंत्रों और खाद बीज पर लागत पहले ही अपेक्षा बढ़ गई है। इससे गन्ना उत्पादन में 550 रुपये क्विंटल लागत आ रही है। इसलिए सरकार को लाभकारी गन्ना मूल्य 700 रुपये क्विंटल शीघ्र घोषित कर देना चाहिए।

गूगल ने एसडी कालेज ऑफ इंजी. एंड टैक्नोलोजी के तीन छात्रों को बनाया कैंपस ब्रांड एम्बेसडर

मुजफ्फरनगर। इंजीनियर्स डे के अवसर पर जानसठ रोड, स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों ने नई ऊंचाई हासिल की। कॉलेज में बी टेक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में अध्यरनत तीन मेधावी छात्रों प्रिया गुप्ता, निखिल तोमर और माधव कात्यायन का चयन गूगल इंडिया के गूगल जेमिनी एआई परीक्षण प्रोग्राम के तहत गूगल इंटर्नशिप के लिए हुआ है। गूगल ने एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के इन तीन छात्रों को कैंपस ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। छात्रों का चयन प्रारंभिक जांच प्रक्रिया और इंटरव्यू के बाद हुआ। इस इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों को गूगल जेमिनी एआई ट्रायल्स को अपने कैंपस में प्रमोट करने, जागरूकता फैलाने, 1,500 से अधिक ट्रायल्स पूरे कराने और विभिन्न वर्कशॉप इवेंट्स आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही इन्हें गूगल की ओर से नए प्रोजेक्ट्स पर काम करने और रिसर्च-आधारित अनुभव प्राप्त करने का भी अवसर मिलेगा। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने इस उपलब्धि पर कहा कि हमारे छात्रों की यह सफलता एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के उत्कृष्ट शैक्षणिक

वातावरण और नियमित मार्गदर्शन का परिणाम है। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि हमारे विद्यार्थी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह उपलब्धि न केवल कॉलेज का नाम रोशन करती है बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी अपनी क्षमताओं को पहचानने और नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करती है। निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि इंजीनियर्स डे जैसे खास दिन पर हमारे छात्रों का गूगल इंटर्नशिप के लिए चयन तथा कैंपस ब्रांड एम्बेसडर होना, पूरे संस्थान के लिए गौरव की बात है। यह अन्य विद्यार्थियों को भी नवाचार, कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास की ओर प्रेरित करेगा। संस्थान के छात्र निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर हैं और यह सफलता संकाय की समर्पित शिक्षण शैली व गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन का प्रतिफल है।

जाहिद एडवोकेट बने जिला युवा कांग्रेस कमेटी में महासचिव

मुजफ्फरनगर। जिला युवा कांग्रेस कमेटी में अब्दुल्ला आरिफ प्रदेश सचिव एवं सहारनपुर प्रभारी की ओर से मोहम्मद जाहिद एडवोकेट को जिला युवा कांग्रेस कमेटी में महासचिव के पद पर मनोनीत किया गया। इसके बाद मोहम्मद जाहिद एडवोकेट के साथियों में और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और सभी ने जाहिद एडवोकेट को मुबारकबाद पेश की।

रामलीला मंचन का शुभारंभ

कोतवाली देहात। ग्राम पंचायत खानपुर में सोनू सैनी निवासी कक्कड़पुर उर्फ लकड़ा जिला पंचायत भावी प्रत्याशी ने फीता काट कर रामलीला मंचन का उद्घाटन किया। सोनू सैनी ने कहा रामलीला का आयोजन हमारी संस्कृति और परम्पराओं को जीवंत बनाए रखने का माध्यम है, समाज को मर्यादा, सत्य ओर धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता है। इस मौके पर राकेश सैनी, ऋषिपाल सिंह सैनी, पूर्व प्रधान विपिन कुमार सैनी, मास्टर घनश्याम व सभी क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

74 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित

शाह टाइम्स संवाददाता

चांदपुर। गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु स्मार्टफोन/टेबलेट वितरण योजना के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सरकार द्वारा चयनित महाविद्यालय के 115 विद्यार्थियों में से उपस्थित 74 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए तथा अन्य विद्यार्थियों को निर्देशित किया गया कि जो भी पात्र विद्यार्थी रह गए हैं वो अतिशीघ्र के. वाई.सी करा लें, जिससे शासन द्वारा उन्हें भी टेबलेट उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने विद्यार्थियों से अपेक्षा जताई कि वो टेबलेट का सदुपयोग करेंगे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश की सरकार का उद्देश्य राज्य के युवा छात्र-छात्राओं को मुफ्त स्मार्टफोन तथा टैबलेट प्रदान कर शिक्षा में हो रही रूकावटों को दूर करना तथा छात्रों को हाईटेक शिक्षा से जोड़ना है। इस योजना द्वारा विद्यार्थी शिक्षा संबधी अपनी सारी मुश्किलों का हल डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से कर पायेंगे और तकनीकी रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर बन पायेंगे। कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप कुमार तालान, डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, डॉ. आजिद अंसारी, डॉ. मीनाक्षी चौहान, डॉ. संतोष देवी, सनी कुमार, डॉ. अमित कुमार पुंडीर, मौ. सुलेमान, मौ. सलीम, अमित मलिक, पूजा राजपूत आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. कुलदीप बर्मन रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश श्रीवास्तव ने विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन आस मौहम्मद ने किया।

तकनीकी सशक्तिकरण में छात्रों को मिलेगी मदद

मधुमक्खियों के हमले में दो छात्रों सहित दस घायल

नहटौर। टपरौला गन्ना क्रय केंद्र के पास मधुमक्खियों के झुंड ने हमला करते हुए दो छात्र सहित दस लोगों को घायल कर दिया। काफी देर तक संपर्क मार्ग पर आवागमन भी बंद हो गया। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज टपरौला गन्ना क्रय केंद्र के पास मधुमक्खियों के झुंड ने आने जाने वाले राहगीरों पर हमला कर दिया। गांव टपरौला के छात्र प्रिंस राणा, आशु व गांव मलकपुर के सोनू, शबीना, अंकित, गुंजल, हर्षित, यादराम, विकास व शाकिब मधुमक्खियों के हमले से घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। काफी देर तक संपर्क मार्ग पर आवागमन भी बंद हो गया। रविवार को भी मधुमक्खियों ने हमला करते हुए कई लोगों को घायल कर दिया था।

कुछ समय के लिए आवागमन हुआ बाधित

पुलिस मुठभेड़ में चार बदमाश गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

नहटौर। चोरी की वारदातों में संलिप्त बदमाशों से पुलिस की नरगदी मार्ग पर मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मुखबिर की सूचना पर नहटौर पुलिस ने ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के पास चैकिंग के दौरान दो बाईकों पर सवार तीन बदमाशों को रोकने का प्रयास किया। बदमाश पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए वापस किरतपुर मार्ग पर नरगदी की ओर भागने लगे। इसकी सूचना कोतवाली देहात पुलिस को भी दी गई। बदमाश अपने आप को घिरता देख गांव नरगदी की ओर भागने

दो बदमाशों के पैर में लगी गोली

लगे। उनकी बाईक अनियंत्रित होकर रास्ते में गिर गई। दो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्यवाही में दोनों के पैर में गोली लगने से घायल हो गई। पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम इरशाद उर्फ काला पुत्र लतीफ निवासी मौहल्ला जागीर पट्टी ग्राम सूजडू थाना खालापुर मुजफ्फरनगर व गुलफाम पुत्र इरशाद मोहल्ला जागीर पट्टी ग्राम सुजडू थाना खालापर मुजफ्फरनगर व तीसरे अभियुक्त ने सुलेमान पुत्र नासिर ग्राम किथौडा थाना किरतपुर बिजनौर बताया। उनके पास से पुलिस ने 315 बोर का एक-एक तमंचा व कारतूस बरामद किया। घायल इरशाद व गुलफाम को अस्पताल में भर्ती कराया। उनकी निशानदेही पर चौथे अभियुक्त मौहम्मद शाहनवाज पुत्र इसरार अहमद गांव अकबराबाद थाना कोतवाली देहात बिजनौर को चोरी किए गए चार बैटरे, दो इनवर्टर, दो छोटी बैटरी, एलईडी आदि सामान बरामद करते हुए गिरफ्तार किया। सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय ने बताया कि नहटौर व कोतवाली देहात क्षेत्र में चोरी की वारदात में संलिप्त चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया गया है।

वीकेआईटी में इंजीनियर-डे मनाया

बिजनौर। वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में इंजीनियर-डे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रही मिस सीमा ने अतिथिगण शलील शर्मा व कॉलेज के संस्थापक अशोक कुमार सिंह, चेयरपर्सन श्रीमति सुदेश सिंह, प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, डीन एकेडमिक राजीव कुमार, विभागाध्यक्ष कुलदीप सिंह व रजिस्ट्रार अमित कुमार को मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलित करने के लिए आमंत्रित किया गया।

मिस सीमा ने प्रांगण में उपस्थित सभी को अवगत कराया कि भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के अवसर पर 15 सितम्बर को प्रतिवर्ष इंजीनियर डे मनाया जाता है। इंजीनियर-डे के अवसर पर कॉलेज में छात्र/छात्राओं ने प्रोजेक्ट मॉडल प्रदर्शनी व पावरपॉईट प्रेजेंटेशन व तकनीकी प्रतियोगिताओं को प्रस्तुत किया। मॉडल प्रदर्शनी में अंशुल राज वर्मा ने प्रथम, टीना रानी ने द्वितीय और संजय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पावरपॉईट प्रेजेंटेशन में दीव्यांशी सेठ ने प्रथम स्थान, दीया यादरान ने द्वितीय व प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतियोगी छात्र/छात्राओं को कॉलेज के संस्थापक अशोक कुमार ने उनका आभार प्रकट किया।

सानिया असलम रही प्रथम स्थान पर

बिजनौर। एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा बी.ए. एलएल.बी. अष्टम सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कालेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि बी.ए.एलएल.बी. अष्टम सेमेस्टर में छात्रा सानिया असलम ने प्रथम, मौहम्मद माजीद ने द्वितीय तथा सेजल सिसोदिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सम्बंध विच्छेद

मेरा पुत्र शाहिद पुत्र स्व. मौ.अकबर मेरे कहने सुनने में नहीं हैं और सहारनपुर जाकर रहने लगा हैं और गलत संगत में पड़ गया हैं। जिससे दुखी होकर मैंने उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य व लेनदेन की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

श्रीमति फहमीदा पत्नी स्व. मौ. अकबर निवासी मकान न. 493/1 मोहल्ला पठानपुरा बेरियान देवबन्द (सहारनपुर)

संक्षिप्त खेल समाचार

जिम्बाब्वे ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में नामीबिया को हराया

बुलावायो, वार्ता। ब्रायन बेनेट (94) और तदिवानाशे मारुमनी (62) की आतिशी बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जिम्बाब्वे ने सोमवार को पहले टी-20 मुकाबले में नामीबिया को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 34 रनों से हरा दिया। इसी के साथ जिम्बाब्वे ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 212 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में मालन क्रूगर (13) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद जान फाइलिन्क, जान निकोल लॉफ्टी-ईटन की जोड़ी ने दूसरे विकेट लिये 56 रन जोड़े। आठवें ओवर में सिकंदर रजा ने जान फाइलिन्क (21) को पगबाधा आउट कर जिम्बाब्वे को दूसरी सफलता दिलाई।

सांसद खेल स्पर्धा युवाओं को देगी प्रतिभा दिखाने का अवसर : पंकज

महराजगंज, वार्ता। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि 14 अक्टूबर से शुरु होने वाले सांसद खेल स्पर्धा युवाओं को प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगी। श्री चौधरी ने यहां अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में आयोजन की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वास्थ्य का मूल आधार हैं। सांसद खेल स्पर्धा युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देगी। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि इस वर्ष सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 14 अक्तूबर से 25 दिसम्बर के बीच किया जाएगा।

हैंडशेक कंट्रोवर्सी ने बिगाड़ा खेल

- **एशिया कप से हट सकता है पाक**
- **पीसीबी मैच रेफरी एंडी पायक्राफ्ट को हटाने पर अड़ा**
- **राशिद लतीफ ने कहा, जंग लड़ लो**

दुबई, वार्ता। भारत से मिली हार के बाद पाकिस्तान यूएईमें चल रहे एशिया कप से हट सकता है। रविवार को दुबई में हुए मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इन्कार कर दिया था।

टॉस के वक्त भी भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था। पाकिस्तान ने इसकी शिकायत मैच रेफरी एंडी पायक्राफ्ट से की। आरोप लगाया कि भारतीय टीम ने खेल भावना नहीं दिखलाई। पीसीबी का मानना है कि पायक्राफ्ट का व्यवहार पक्षपाती रहा है और उन्हें टूर्नामेंट से हटाया जाए। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऐसा नहीं होने पर पाकिस्तान टूर्नामेंट से हट सकता है। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) या भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से इस मुद्दे पर कोई बयान नहीं आया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन ने सोमवार को कहा कि पीसीबी ने तत्काल पायक्राफ्ट को बाहर करने की मांग की है। उन्होंने आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट और क्रिकेट के स्पिरिट का पालन नहीं किया। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स भी विवाद में कूदे इस हैंडशेक कंट्रोवर्सी में पाकिस्तान के कई पूर्व क्रिकेटर्स भी कूद गए हैं। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने कहा कि अगर पहलगाम की ही बात है तो भारत हमसे जंग लड़ ले। क्रिकेट में इन बातों को न लाए। वहीं, पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा कि भारतीय टीम ने मैच में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन, यह सिर्फ क्रिकेट मैच था। इसमें राजनीति नहीं लानी चाहिए। पाकिस्तान के पूर्व आलराउंडर शाहिद अफरीदी ने कहा कि क्रिकेट को क्रिकेट ही रहने दें, इसमें सियासत न करें। दावा मैच रेफरी ने हैंडशेक से रोका पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का दावा है कि टॉस के वक्त मैच रेफरी ने दोनों टीमों को हाथ मिलाने की हिदायत दी है। पीसीबी का मानना है कि मैच रेफरी ने ऐसा भारतीय टीम के दबाव में किया है। रेफरी की यह हरकत आपत्तिजनक और उन्हें टूर्नामेंट से हटाया जाना चाहिए। सूर्या ने कहा था कि कुछ बातें खेल भावना से ऊपर होती हैं मैच के बाद हैंडशेक कंट्रोवर्सी पर भारतीय कप्तान ने कहा कि कुछ बातें खेल भावना से ऊपर होती हैं। टीम मैनेजमेंट ने यह फैसला बीसीसीआई और भारत सरकार की सहमति से लिया था। भारतीय टीम पहलगाम हमले के पीड़ितों के साथ खड़ी है और यह जीत भारतीय सैन्य बल को समर्पित है। बीते 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में पाक समर्थक आतंकियों ने 26 निर्दोषों की धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। इसके बाद भारत ने आपरेशन सिंदूर पाक में मौजूद आतंकी ठिकानों को तबाह किया था।

कप्तान सूर्य कुमार यादव ने जीत भारतीय सेना को समर्पित की

- **सिक्स के साथ जिताया मैच दुबई स्टेडियम में गूंजे भारत माता की जय के नारे**

दुबई, वार्ता। एशिया कप में पाकिस्तान को हराने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जीत भारतीय सेना को समर्पित कर दी।

सूर्या और टीम इंडिया का मैसेज साफ था कि यह जीत देश के जवानों को सम्मान देने के लिए है। पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद चलाए गए आपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमें आमने-सामने थी। खास बात यह रही कि मैच जीतने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी प्लेयर्स से हाथ नहीं मिलाया। इससे पहले टास के वक्त भी सूर्या ने चाझ कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में टॉस के वक्त और मैच के बाद प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों का हाथ-मिलाना कर्टसी माना जाता है। मतलब एक-दूसरे के लिए सम्मानजनक व्यवहार। भारतीय टीम ने संदेश दे दिया कि एशिया कप में खेलना इस टूर्नामेंट के लिए उसका कमिटमेंट है, लेकिन पाकिस्तानी खिलाड़ियों से कर्टसी निभाने का उनका कोई इरादा नहीं है। भारत ने खेल में भी कोई कर्टसी नहीं दिखाई और एकतरफा अंदाज में पाकिस्तान को हराया।

सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ पाकिस्तान को बेहतर क्रिकेट खेलना होगा:हेसन

- **हमने शायद 20 या 30 रन कम बनाए और सब जानते है कि बीच ओवरों में हम पर दबाव बना**

न्यू चंड़ीगढ़, वार्ता। पाकिस्तान की टीम के कोच माइक हेसन ने कहा कि सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए पाकिस्तान को बेहतर क्रिकेट खेलना होगा। भारत के हाथों मिली सात विकेट से हार के बाद हेसन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज हम परास्त हुए।

मुझे नहीं लगता कि हम इससे बच सकते हैं। हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमने शायद 20 या 30 रन कम बनाए और हम सब जानते हैं कि बीच के ओवरों में हम पर दबाव बना। एक अच्छे गेंदबाजी आक्रमण के सामने बहुत कुछ करने की ज़रूरत है, लेकिन मुझे खुशी है कि हमारे खिलाड़ियों ने मैदान में कड़ी टक्कर दी, हालांकि स्कोर काफी नहीं था। हेसन ने कहा कि पिछले कुछ मैचों तक, साहिब. जादा फरहान और सैम अयूब ने सलामी बल्लेबाजी करते हुए 40 की औसत से रन बनाए थे और उन्होंने खास तौर पर अच्छा प्रदर्शन किया था। सैम हमारे लिए एक अहम खिलाड़ी हैं और किसी भी टीम के लिए अच्छी शुरुआत करना बेहद जरूरी है। चार मैच पहले, हम ऊपरी क्रम में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, हमने वहां थोड़ी लय खो दी है, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि ये दोनों जल्द ही स्थिति बदल देंगे। उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी में, शुरुआत में हम थोड़े ज्यादा ही आक्रामक थे। गेंद पिच पर रूक रही थी, जैसा कि हमने उम्मीद की थी, लेकिन हम उतनी अच्छी प्रतिक्रिया नहीं दे पाए।

सिराज आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 23 विकेट झटके थे, मैट हेनरी और जायडन सील्स को पीछे छोड़ा

दुबई, वार्ता। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आईसीसी ने अगस्त महीने का प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड दिया है। उन्होंने इस रेस में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जायडन सील्स को पीछे छोड़ा। सिराज को यह अवार्ड इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंद. ुलकर ट्रॉफी के ओवल टेस्ट में दमदार प्रदर्शन के लिए मिला है। उन्होंने आखिरी पारी में 5 विकेट लेकर भारत को 6 रन की रोमांचक जीत दिलाई थी। इसी जीत के सहारे भारत 2-1 से पिछड़ने के बावजूद सीरीज ड्रॉ कराने में कामयाब रहा। 5 मैचों की इस सीरीज में 23 विकेट लिए 5 मैचों की इस सीरीज में भारत और इंग्लैंड के कई खिलाड़ी चोटिल रहे, लेकिन सिराज ने लगातार 5 टेस्ट में खेले। इतना ही नहीं, 23 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज बने। उन्होंने 185. 3 ओवर डाले। ओवल टेस्ट में 9 विकेट झटके थे सिराज ने पहली पारी में 4 विकेट और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने ओवल टेस्ट जीता और सीरीज 2-2 से बराबर की। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 2-0 टेस्ट सीरीज जीत में 16 विकेट झटके। उन्होंने पहले टेस्ट में 6/39 और 3/51 तथा दूसरे में 5/40 और 2/16 के आंकड़े दर्ज किए। वेस्टइंडीज के जायडन सील्स ने पाकिस्तान के खिलाफ 34 साल बाद वनडे सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 3 मैचों में 10 विकेट झटके। आखिरी मैच में उन्होंने करियर बेस्ट 6/18 परफार्म किया। आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड एक पुरस्कार है, जिसे इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) हर महीने प्रदान करता है। यह अवार्ड मेंस और विमेंस कैटेगरी में दिया जाता है। यह पुरस्कार हर महीने के प्रदर्शन के आधार पर दिया जाता है। महीने भर के प्रदर्शन के आधार पर हर कैटेगरी के 3 प्लेयर्स को नामिनेट किया जाता है। इनका चुनाव स्वतंत्र आईसीसी वोटिंग अकादमी करती है।

सेंट्रल जोन 7वीं बार बना दलीप ट्रॉफी चैंपियन

- **फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराया, सारांश जैन प्लेयर ऑफ द सीरीज बने**

बेंगलुरु, वार्ता। सेंट्रल जोन ने 11 साल बाद दलीप ट्रॉफी 2025 का खिताब जीत लिया है। टीम ने फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराया। सेंट्रल जोन सातवीं बार दलीप ट्रॉफी चैंपियन बना है।

इससे पहले 2014 में यह खिताब सेंट्रल जोन ने जीता था। सेंट्रल जोन को जीत के लिए महज 65 रन का टारगेट मिला था। टीम ने सोमवार को मुक. ाबले के पांचवें और आखिरी दिन 4 विकेट खोकर यह टारगेट हासिल कर लिया। इससे पहले, चौथे दिन साउथ जोन अपनी दूसरी पारी में 426 रन बनाकर आलआउट हो गई। सेंट्रल जोन को महज 65 रन का टारगेट ही मिल सका। बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर गुरुवार को सेंट्रल जोन ने टास जीतकर पहले बालिंग चुनी। साउथ जोन पहली पारी में 149 रन ही बना सका। सेंट्रल जोन ने पहली पारी में 511 रन बनाकर 362 रन की बढ़त हासिल की थी। दूसरी पारी में सेंट्रल जोन ने 4 विकेट गंवाए सेंट्रल जोन ने दूसरी पारी में 65 रन बनाने में ही 4 विकेट गंवा दिए। हालांकि टीम ने यह मैच 6 विकेट से जीत लिया। टीम के लिए दूसरी पारी में अक्षय वाडकर 19 और यश राठौड़ 13 रन बनाकर नाबाद रहें। कप्तान रजत पाटीदार ने 13, शुभम शर्मा ने 8, दानिश मालेवार ने 5 और सारांश जैन ने 4 रन बनाए। साउथ जोन की ओर से गुरजापनीत सिंह और अंकित शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। सेंट्रल जोन के सारांश जैन ने टूर्नामेंट में 16 विकेट और 136 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। 194 रन बनाने वाले यश राठौड़ को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। दूसरी पारी में साउथ जोन ने फाइट दिखाई दूसरी पारी में साउथ जोन से तन्मय अग्रवाल ने 26, मोहित काले ने 38, रविचंद्रन स्मरण ने 67 और रिकी भुई ने 45 रन की पारी खेली। कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन 27 और सलमान निजार 12 रन बनाकर आउट हुए। साउथ जोन ने 222 रन के स्कोर पर 6 विकेट गंवा दिए। यहां टीम पर पारी की हार की खतरा मंडरा रहा था। तब आंद्रे सिद्धार्थ और अंकित शर्मा ने सेंचुरी पार्टनरशिप की और टीम को 400 के पार पहुंचा दिया। अंकित 99 रन बनाकर आउट हुए, उनके विकेट के बाद टीम बिखर गई।

एशिया कप में अफगानिस्तान सुपर चार में जगह पक्की करने उतरेगा

अबू धाबी, वार्ता। एशिया कप में बांग्लादेश की टीम को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए मंगलवार को होने वाले अफगानिस्तान के खिलाफ मैच को हर-हाल में जीतना होगा।

वहीं अफगानिस्तान सुपर चार में जगह पक्की करने मैदान में उतरेगा। बांग्लादेश के खिलाफ अफगानिस्तान का पलड़ा भारी रहा है। अब तक दोनों टीमों के बीच 12 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान पांच में बांग्लादेश को जीत मिली है। सात मुकाबले अफगानिस्तान ने जीत हैं। दोनों टीमों के बीच खेले गए आखिरी पांच मैचों की बात की जाये तो अफगानिस्तान ने तीन मैच जीते हैं और बांग्लादेश को दो में सफलता मिली है। बांग्लादेश को एशिया कप के अपने पिछले मैच में श्रीलंका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। उसे हार की निराशा से बाहर निकलकर जायेद क्रिकेट स्टेडियम में कल अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में जीत के लिए पूरी ताकत झोकनी होगी। बल्लेबाजी की बात की जाये तो टूर्नामेंट में बांग्लादेश का शीर्ष क्रम बिल्कुल भी नहीं चल पा रहा है। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने मिलकर दो मैचों में केवल 33 रन जोड़े हैं। कप्तान लिटन दास एक बेहतरीन खिलाड़ी है।

कुलदीप, अक्षर व वरुण ने मेहनत की और अच्छा प्रदर्शन किया: सूर्या

- **एक बार जब आप मैदान पर आते है तो देख सकते है कि वे कितनी अच्छी तरह से तैयारी के साथ आए है**

न्यू चंड़ीगढ़, वार्ता। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ स्पिन तिकड़ी कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने अच्छा प्रदर्शन किया।

रविवार रात पाकिस्तान को सात विकेट से हराने के बाद संवाददाता सम्मेलन में सूर्यकुमार यादव से जब पूछा गया कि क्या भारत की स्पिन तिकड़ी कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें जन्मदिन का सही उपहार दिया है, तो उन्होंने मजाक में कहा, मैंने उन सभी को मिलाकर 12 ओवर दिए, यह मेरी ओर से रिटर्न गिफ्ट था। वे सभी कड़ी मेहनत कर रहे हैं, आप इसे अभ्यास में देख सकते हैं। वे वास्तव में अच्छी तैयारी करना चाहते हैं। एक बार जब आप मैदान पर आते हैं, तो आप देख सकते हैं कि वे कितनी अच्छी तरह तैयार हैं। और वे अपनी योजनाओं को लेकर बहुत स्पष्ट हैं, यही मैं चाहता हूं। जब मैं मैदान पर होता हूं तो इससे मेरा काम बहुत आसान हो जाता है। वे क्षेत्ररक्षण से खुश हैं और जिस छोर से वे गेंदबाजी कर रहे हैं उससे भी खुश हैं। तीनों स्पिनरों को अच्छा प्रदर्शन करते देखना अच्छा है, हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह उनका अच्छा साथ दे रहे हैं। सूर्यकुमार ने कहा कि स्पिन गेंदबाजी कैसे करनी है और किसे निशाना बनाना है, इस बारे में भारत की योजना अक्सर विरोधी टीम को ध्यान में रखकर बनाई जाती थी।

उदाहरण के लिए, रविवार को, फखर जमान जैसे बाएं हाथ के बल्लेबाज के क्रीज पर होने के बावजूद अक्षर को गेंदबाजी कराने का फैसला एक योजना का हिस्सा था, भले ही यह उनके 'पारंपरिक मैचअप' के विपरीत था। भारत के गेंदबाज़ी प्रदर्शन का दूसरा पहलू बुमराह का इस्तेमाल करने का तरीका था। जब उन्होंने यूएई के खिलाफ तीन ओवर पहले गेंदबाजी की, तो माना जा रहा था कि यह कदम बड़ी चुनौतियों से पहले स्वयं को थोड़ा और मजबूत बनाने के लिए उठाया गया होगा। लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ भी बुमराह का इस्तेमाल इसी तरह किया गया।

सूर्यकुमार ने इसे भारत की योजना का हिस्सा बताते हुए कहा कि वे अपने सभी गेंदबाजो को जिम्मेदारी लेने पर मजबूर करना चाहते हैं। भारतीय कप्तान ने कहा कि आज तक हमने उनसे पावरप्ले में दो ओवर ही कराए हैं, उन्होंने कभी पावरप्ले में तीन ओवर नहीं डाले। उन्होंने आगे कहा कि हम उन्हें एक आक्रामक विकल्प के रूप में इस्तेमाल करके बहुत खुश हैं। अगर वह दो विकेट ले लेते हैं, भले ही वह अपने ओवरों का एक सीमित स्पेल ही क्यों न फेंकें, तो बाद में हमें सभी स्पिनरों के लिए एक अच्छा सहारा मिल जाएगा और हमारा काम थोड़ा आसान हो जाएगा।

दस देश हॉकी प्रो लीग सीजन सात की मेजबानी करेंगे

- **अर्जेंटीना में पुरुष चैंपियन नीदरलैंड का सामना लीग में पदार्पण कर रहे पाकिस्तान से होगा**

लॉजेन, स्विट्जरलैंड, वार्ता। भारत सहित 10 देश नौ दिसंबर से 2025 से आयरलैंड और अर्जेंटीना में शुरु होने वाले एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन सात की मेजबानी करेंगे। जर्मनी बनाम बेल्जियम पुरुष टीम के बीच आयरलैंड में इस सीजन की शुरुआत होगी। इसी दिन अर्जेंटीना में पुरुष चैंपियन नीदरलैंड्स का सामना लीग में पदार्पण कर रहे पाकिस्तान से होगा।

बेल्जियम, इंग्लैंड और जर्मनी की पुरुष टीमें, साथ ही बेल्जियम, इंग्लैंड और आयरलैंड की महिला टीमें आयरलैंड में अपने पहले मैच खेलेंगी। अर्जेंटीना में क्रमशः नीदरलैंड और पाकिस्तान की पुरुष टीमों, और जर्मनी और नीदरलैंड की महिलाओं से भिड़ेंगी। लीग का समापन 28 जून 2026 को बेल्जियम, जर्मनी और इंग्लैंड के बीच रोमांचक मुकाबलों के साथ होगा। भारत में मुकाबले की शुरुआत 10 फरवरी 2026 से होगी। इस सीजन में आयरलैंड की महिला और पाकिस्तान की पुरुष टीमें पहली बार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। दोनों को एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2024-25 के जरिए पदोन्नत किया गया है। गत विजेता नीदरलैंड की पुरुष और महिला टीमें अपने खिताब का बचाव करने मैदान में उतरेगी। 2025-26 सीजन के दौरान 10 देश एफआईएच हॉकी प्रो लीग के मैचों की मेजबानी करेंगे।

आयरलैंड (9-14 दिसंबर 2025) - आयरलैंड, बेल्जियम, इंग्लैंड (महिला) और बेल्जियम, इंग्लैंड, जर्मनी (पुरुष)

अर्जेंटीना (9-14 दिसंबर 2025) - अर्जेंटीना, जर्मनी, नीदरलैंड (महिला) और अर्जेंटीना, नीदरलैंड, पाकिस्तान (पुरुष)

चीन (5-10 फ़रवरी 2026) - चीन, इंग्लैंड, नीदरलैंड (महिला)

स्पेन (5-10 फ़रवरी 2026) - स्पेन, बेल्जियम, जर्मनी (महिला) और स्पेन, इंग्लैंड, नीदरलैंड (पुरुष)

ऑस्ट्रेलिया (10-15 फ़रवरी 2026) - ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, आयरलैंड (महिला) और ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, पाकिस्तान (पुरुष)

भारत (10-15 फ़रवरी 2026) - भारत, अर्जेंटीना, बेल्जियम (पुरुष)

ऑस्ट्रेलिया (20-25 फ़रवरी 2026) - ऑस्ट्रेलिया, चीन, स्पेन (महिला) और ऑस्ट्रेलिया, भारत, स्पेन (पुरुष)

इंग्लैंड (13-21 जून 2026) - इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी (महिला) और इंग्लैंड, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया (पुरुष)

नीदरलैंड (13-21 जून 2026) - नीदरलैंड, आयरलैंड, स्पेन (महिला) और नीदरलैंड, जर्मनी, भारत (पुरुष)

बेल्जियम (13-21 जून 2026) - बेल्जियम, अर्जेंटीना, चीन (महिला) और बेल्जियम, पाकिस्तान, स्पेन (पुरुष)

बेल्जियम (23-28 जून 2026) - बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड (महिला) और बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड (पुरुष)

जर्मनी (23-28 जून 2026) - जर्मनी, चीन, आयरलैंड (महिला) और जर्मनी, अर्जेंटीना, स्पेन (पुरुष)

इंग्लैंड (23-28 जून 2026) - इंग्लैंड, अर्जेंटीना, स्पेन (महिला) और इंग्लैंड।

जयपुर पोलो टीम ने जीता चिंकारा पोलो कप के 15वें संस्करण का खिताब

जयपुर, वार्ता। जयपुर पोलो टीम ने कोग्निवेरा स्टैलियंस को हराकर चिंकारा पोलो कप के 15वें संस्करण का खिताब जीत लिया है।

रक्षा सूत्रों ने सोमवार को बताया कि राजस्थान में जयपुर की सैन्य छावनी के 61 कैवलरी पोलो ग्राउंड में आयोजित फाइनल मुकाबले में जयपुर पोलो टीम ने कोग्निवेरा स्टैलियंस को 8-7 से पराजित कर चिंकारा पोलो कप का खिताब अपने नाम किया। चिंक. ारा पोलो कप 2025 का फाइनल नाटकीय अंदाज में समाप्त हुआ। इसमें दर्शकों को अंतिम सीटी बजने तक बांधे रखा।

दर्शकों ने घुड़सवारी की कलात्मकता, खेल की भव्यता और उत्कृष्टता की खोज देखी जो सच्चे चैंपियन को परिभाषित करती है। 61 सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल रोहित मेहरोत्रा ने विजेता टीम को प्रतिष्ठित ट्रॉफी प्रदान की। लांस वॉटसन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जयपुर टीम के लिए सर्वाधिक अंक जुटाए।

जिला सहकारी बैंक के सदस्यता महाअभियान का शुभारंभ

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। जनपद में सहकारी समितियों द्वारा सदस्यता महाअभियान-2025 का शुभारम्भ किया गया है। इस अभियान से सभी किसानों को जोड़ने का संकल्प लिया गया।

आज गांधी पार्क स्थित जनमंच सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के राज्य मंत्री जसवंत सैनी व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रदेश के राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि सहकारिता एक बहुत बड़ा उपक्रम है जो सभी को जोड़ने का काम करता है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसानों व मजदूरों को सशक्त बनाने का काम किया जा सकता है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष चौधरी राज्यपाल सिंह ने बताया कि यह सदस्यता महाअभियान 12 सितम्बर से 12 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, जिसके तहत अधिक से अधिक कृषकों, मजदूरों और श्रमिकों को सहकारिता आंदोलन से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि आज सहकारी समितियों द्वारा किसानों को ऋण, उर्वरक और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

जनपद में उर्वरक की कोई कमी नहीं है क्योंकि सहकारी समितियां अपने सदस्यों को समय पर खाद उपलब्ध करा रही हैं। उर्वरक की कालाबा. जारी रोकने के लिए प्रत्येक समिति पर क्यू कोड की व्यवस्था की गई है, जिससे किसान निर्धारित दर पर भुगतान कर उर्वरक प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा अभियान के अंतर्गत किसानों को उर्वरक पासबुक भी वितरित की जाएगी। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहका. रिता ने बताया कि अभियान के अंतर्गत कृषक, मजदूर और श्रमिक आवश्यक दस्तावेजों के साथ समिति कार्यालय में आवेदन कर सदस्य बन सकते हैं। सदस्य बनने पर उन्हें ऋण, बचत योजना, बीमा योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। जिला सहकारी बैंक के सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा कि सहकारिता आंदोलन तभी सफल होगा जब समाज के अधिक से अधिक लोग इससे जुड़कर सामूहिक भागीदारी निभाएंगे। अभियान का उद्देश्य सहकारिता की महत्ता से अवगत कराना और लोगों को आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करना है। चौधरी राजपाल सिंह ने जनपद के सभी किसानों, मजदूरों, श्रमिकों एवं मातृशक्ति से अपील की कि वे इस अभियान का लाभ उठाते हुए समितियों के सदस्य बनें और सहका. रिता आंदोलन को सशक्त बनाने में सहयोग करें।

इस अवसर पर नगर विधायक राजीव गुंबर, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, व्यापारी नेता शैलेंद्र भूषण गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा मनवीर सिंह पुंडीर समेत आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जन्म मृत्यु ईश्वर के हाथः चौ.नीरपाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। गांव पुरमाफी में संयुक्त जाट महासभा के राष्ट्रीय संयोजक सचिन सरोहा की धर्मपत्नी श्रीमती प्रियंका सरोहा की श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धांजलि देने पहुंचे राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री चौ नीरपाल सिंह ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

चौ.नीरपाल सिंह ने बेहद दुखद घटना है कि प्रियंका बहुत कम उम्र में परिवार का साथ छोड़कर बैकुंठ धाम को चली गई। जन्म और मृत्यु दोनों ही ईश्वर के हाथ में है इंसान कुछ नहीं कर सकता।जो आया है वो जाएगा भी ऐसा विधि का विधान है। चौधरी नीरपाल सिंह ने राष्ट्रीय लोकदल परिवार की ओर से श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सचिन भाई हम तुम्हारे साथ है।ओर आपके सुख दुख में साथ रहेंगे।

श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मंत्री सुरेश राणा, खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर, भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ अरविन्द सिंह, अजय प्रमुख, वरिष्ठ नेता चौ राम मेहर सिंह, अभिनव निर्वाल, संजय राठी, जिला पंचायत सदस्य दौराला प्रताप सिंह लोहिया सहित बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

वेद का संदेश दिया

तीतरों। ग्राम-ग्राम वेद प्रचार कार्यक्रम के तहत ग्राम रादौर की चौपाल में कुरीतियों पर प्रहार कर वेद का सन्देश दिया गया।

दूसरे दिन प्रातः यज्ञ-हवन से वेद प्रचार कार्यक्रम आरंभ हुआ। आचार्य वीरेंद्र शास्त्री के पुरोहित्व में यज्ञ-हवन के यजमान डॉ.राहुल कुमार सपत्नीक रहे। आचार्य वीरेंद्र शास्त्री ने विद्यार्थी के पांच लक्षण बताते हुए कहा कि शिक्षा से विद्या, विद्या से सभ्यता, सभ्यता से धर्मात्मता और धर्मात्मता से जितेंद्रयता आती है। विद्या ही तपस्वी बनाती है। इसलिए तपस्वी बनकर अपने मनुष्य जीवन का लक्ष्य प्राप्त करें। इस दौरान देवेंद्र कुमार, डॉ. वीरसिंह भावुक, नाथीराम सैनी, पूर्व प्रधानाचार्य सेवाराम, अमित, रणवीर, ऋषिपाल, अनिल, विजेंद्र, राजेन्द्र, राजकुमार, डॉ.आनंद, योगेश कुमार, ईश्वरपाल, चौ. सत्यपाल, अनिरुद्ध कुमार, पहलसिंह उपस्थित रहे।

डा.संजीव व डा.नैना मिगलानी ने दीप प्रज्जवलन कर किया कथा का शुभारंभ

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान मे चल रही श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिवस पर साध्वी सुश्री पद्म हंस्ता भारती ने भक्तिमय कथा सुनाई। उन्होंने भगवान शिव का प्रसंग, राजा परीक्षित की कथा तथा कलयुग से संबंधित मार्मिक प्रसंगों का विवेचन किया।

साउथ सिटी मैदान पर कथा में मुख्य यजमान अक्षय त्यागी परिवार ने प्रथम दिवस पर विधिवत पूजन कर अपनी सहभागिता निभाई। मुख्य अतिथि डॉ. संजीव मिगलानी एवं डॉ. नैना मिगलानी ने दीप प्रज्वलित करके कथा का शुभारंभ किया। कथा के समापन पर प्रभु की पावन आरती सम्पन्न हुई तथा विशाल लंगर-प्रसाद

भंडारे का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संजीव सेठी, सतीश, गुलशन सेठी, शोभित गुप्ता, अरुण वालिया, अनुज, अनिरुद्ध, सुजल सेठी, राहुल सेठी, उज्ज्वल गांधी, नन्द किशोर, राजेन्द्र मेहरा, विजय वालिया, राजपाल, ललित सैनी, रमन मदान आदि मौजूद रहे।

शुभम, अभिषेक व नेकीराम का श्रेष्ठ प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। नगर निगम व सहारनपुर स्मार्ट सिटी द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष स्वच्छता डिजीटल प्रतियोगिता में शुभम तोमर, अभिषेक उपाध्याय व नेकीराम को विभिन्न श्रेणियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने और उसमें नागरिकों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करना था।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम व स्मार्ट सिटी द्वारा 22 जुलाई से 28 जुलाई तक विशेष स्वच्छता डिजीटल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें प्रतिभागियों को स्वच्छता को प्रेरित करती रील्स, वीडियो, स्लोगन, पोस्टर व कविताएं आदि भेजनी थी।

इसके अलावा रील्स के लिए

शुभम तोमर व वीडियो के लिए अभिषेक उपाध्याय को पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता में बच्चों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, संस्थाओं एवं सफाई मित्रों सहित सभी वर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत पोस्टर, कविता, डिजिटल सामग्री, रील्स और अनुभव साझा करने जैसी रचनात्मक प्रविष्टियों ने स्वच्छता संदेश को और अधिक प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुँचाया।

पुरस्कृत प्रतिभागियों को

■ नगर निगम व स्मार्ट सिटी की विशेष स्वच्छता पर कई श्रेणियों में प्रतियोगिता आयोजित

शुभकामनाएं देते हुए नगरायुक्त शिपू गिरि ने कहा कि सहारनपुर ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में देशभर में 16 वीं रैंक प्राप्त की है, यह महानगर के नागरिकों की सजगता, सहयोग और सक्रिय भागीदारी तथा सफाई मित्रों के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। हमें इस उपलब्धि को और आगे बढ़ाते हुए पहले पायदान तक जाना है।

उन्होंने लोगों से कूड़ा कचरा सड़कों, नाले-नालियों एवं नदियों में न फेंककर निगम की गाड़ियों या सफाई मित्रों को ही देने का आह्वान किया।

मेले में झूला टूटा, आधा दर्जन बच्चे घायल



शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। मेला गुघाल में अचानक चलता झूला टूट जाने से अफरा तफरी मच गयी। हादसे में झूले के अन्दर बैठे आधा दर्जन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि झूला अचानक जोरदार आवाज के साथ नीचे गिर पड़ा, जिससे महिलाओ और बच्चों में चीख-पुकार मच गई। हादसे का एक डरावना वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में बच्चे झूले पर मस्ती करते दिख रहे हैं और अचानक झूला टूट जाता है। हादसे के बाद मेले के ठेकेदारों ने मामले को दबाने की पूरी कोशिश की, लेकिन वीडियो सामने आने के बाद उनकी टोन बदल गई। हादसे के बाद संबंधित झूला हटवा दिया गया है और अन्य संचाल. कों से फिटनेस सर्टिफिकेट व एफिडेविट मांगे गए हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी बिना फिटनेस सर्टिफिकेट के मौत का कुआं शुरू कर दिया गया था। लगातार लाप. रवाही और सुरक्षा की अनदेखी से मेले में आए लोगों की जान जोखिम में डाली जा रही है।

अनुज त्यागी दिल्ली हाईकोर्ट में वरिष्ठ पैनल कांउसिल नियुक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधिक कार्य विभाग ने अधिवक्ता अनुज त्यागी को वरिष्ठ पैनल काउंसिल नियुक्त किया है। वह आगामी तीन वर्षों तक या अगले आदेश तक दिल्ली हाईकोर्ट एवं अधीनस्थ न्यायालयों में केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे।

अनुज त्यागी की यह नियुक्ति दिल्ली की कानूनी बिरादरी से आगे बढ़कर राष्ट्रीय महत्व रखती है। शैक्षणिक दृष्टि से अनुज त्यागी की यात्रा अत्यंत प्रेरणादायक रही है। उन्होंने नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी, भोपाल से बी.ए. एलएल.बी. (ऑनर्स) की पढ़ाई की और इसके बाद क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी, लंदन से एलएल.एम. की डिग्री हासिल की। पेशेवर जीवन में अनुज त्यागी के पास सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं का लंबा अनुभव है। वर्तमान में वे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग और भारतीय खेल संघ खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के स्टैंडिंग काउंसिल हैं।

चौ.ताहिर ने किया टूर्नामेंट का उदघाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

मिर्जापुर। मिर्जापुर क्षेत्र के ग्राम पाड़ली ग्रंट में दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज हुआ। टूर्नामेंट का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य चौधरी ताहिर पहलवान ने फीता काटकर किया। इस मौके पर खिलाड़ियों और दर्शकों में गजब का उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे चौधरी ताहिर पहलवान ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं और खेल भावना को मजबूत करते हैं। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए स खेलो से जहां शारीरिक विकास होता है। वहीं मानसिक विकास भी होता है। इस अवसर पर राशिद मुखिया, चो कलीम, पप्पू, कालू, चौधरी अकरम, शहानवाज, आजम समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। उद्घाटन मैच शुरू होते ही मैदान पर ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और तालियों की गड़गड़ाहट से खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना हो गया।

अंडर-19 जोनल क्रिकेट मैच 15 से 18 सितम्बर तक

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। एसडीसीए द्वारा उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में अंडर-19 जोनल क्रिकेट मैचों का आयोजन 15 से 18 सितंबर तक किया जा रहा है।

एसडीए अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि हमारी एसोसिएशन के चेयरमैन मोहम्मद अकरम के प्रयास से सहारनपुर को यह उपलब्धि हासिल हुई है। ये मुकाबले अंबाला रोड स्थित ज्ञानकलश इंटरनेशनल स्कूल के मैदान और एमसीएस क्रिकेट अकादमी शेखपुरा मैदान पर खेले जाएंगे। एसडीसीए के सचिव लतीफ-उर-रहमान ने जानकारी दी कि आयोजन की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं और खिलाड़ियों व दर्शकों के लिए बेहतरीन माहौल उपलब्ध कराया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 सितंबर को मेरठ-ए और सहारनपुर-ए की टीमें ज्ञानकलश स्कूल मैदान पर आमने-सामने होंगी, जबकि मुरादाबाद-ए और सहारनपुर-बी का मुकाबला एमसीएस क्रिकेट अकादमी शेखपुरा मैदान पर खेला जाएगा। इसके अगले दिन यानी 16 सितंबर को मेरठ-बी और अलीगढ़ का मैच ज्ञानकलश स्कूल में होगा, वहीं मेरठ-ए और मुरादाबाद-ए की भिड़ंत एमसीएस क्रिकेट अकादमी मैदान पर होगी।अगले दिन मुरादाबाद-बी और अलीगढ़ की टीमें फिर ज्ञानकलश स्कूल मैदान पर उतरेंगी।इसी दिन सहारनपुर बी और मेरठ बी की टीमें आपस में भिड़ेंगी।प्रतियोगिता का समापन 18 सितंबर को होगा जब सहारनपुर-ए और मुरादाबाद-बी के बीच मैच ज्ञानकलश स्कूल मैदान पर खेला जाएगा। सभी खिलाड़ियों को सुबह 7:30 बजे तक रिपोर्ट करना होगा, टॉस का समय सुबह 8 बजे और मैच की शुरुआत 8:30 बजे से होगी।

टूर्नामेंट के सुचारू संचालन के लिए यूपीसीए ने चयनकर्ता, अम्पायर और स्कोरर भी नियुक्त किए हैं। चयनकर्ताओं में सौरभ दुबे और बिजेंद्र सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अम्पायर के रूप में राहुल सिंह और जतिंदर सिंह 15 से 17 सितंबर तक अपनी सेवाएँ देंगे, जबकि विवेकानंद मलिक और दीपक सैनी पूरे टूर्नामेंट यानी 15 से 18 सितंबर तक अंपायरिंग करेंगे। स्कोरिंग का दायित्व 15 से 17 सितंबर तक प्रणब दास और 15 से 18 सितंबर तक मोहम्मद कासिम निभाएंगे।क्रिकेट प्रेमियों में इन मैचों को लेकर गहरी उत्सुकता है। स्थानीय खिलाड़ियों को अपने होम ग्राउंड पर मेरठ, मुरादाबाद और अलीगढ़ जैसी मजबूत टीमों से भिड़ने का अवसर मिलेगा। एसडीसीए का मानना है कि यह टूर्नामेंट न केवल युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा मौका देगा, बल्कि सहारनपुर में क्रिकेट को नई ऊर्जा और पहचान भी प्रदान करेगा।

दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

सहारनपुर। थाना जनकपुरी पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरो. पियों के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद कर ली। मिली जानकारी के अनुसार थाना जनकपुरी पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक प्रविंद्र पाल व उपनिरीक्षक शिवक चौधरी के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर दो शातिर वाहन चोरों विकास पुत्र रामकलां व आशु पुत्र सतीश निवासीगण कांशीराम कला थाना सदर बाजार को एसबीडी अस्पताल के पीछे वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया।

शिया वक्फ बोर्ड के नोडल अधिकारी बने अबू तालिब

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने मंडल में औकाफ के प्रबंधन को और मजबूत बनाने तथा पारदर्शिता स्थापित करने के लिए एक अहम कदम उठाया है।

शिया वक्फ बोर्ड ने कर्बला के प्रबंधक अबु तालिब जैदी को मंडल का नोडल अधिकारी (प्रभारी) नियुक्त किया है। जिसके तहत उन्हें मंडल की सभी वक्फ संपत्तियों और संस्थाओं का रिकॉर्ड 'उम्मीद पोर्टल' पर दर्ज कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नोडल नियुक्ति के बाद अबु तालिब जैदी ने मंडल के सभी मुतवल्लियों और औकाफ प्रबंधकों से अपील की है कि वे अपने-अपने औकाफ का पूरा विवरण, संपत्ति का ब्यौरा, आय-व्यय का हिसाब और जरूरी दस्तावेज जल्द से जल्द पोर्टल पर दर्ज करें। उन्होंने कहा कि यह काम अनिवार्य है और हर हाल में तय समय सीमा में पूरा होना चाहिए, ताकि किसी भी प्रशासनिक या कानूनी अड़चन से बचा जा सके।

तालिब जैदी ने भरोसा दिलाया कि यदि किसी मुतवल्ली को तकनीकी कठिनाई या किसी प्रकार की दिक्कत आती है, तो वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। साथ ही, इस कार्य में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी भी हर संभव सहयोग करेंगे।

मारपीट का आरोप

चिलकाना। ग्राम रघुनाथपुर उर्फ छोटी पठेड निवासी पीड़ित व्यक्ति दुकानदार ने 4 लोंगो पर रात्रि के समय उसकी दुकान पर आकर उसके साथ लाठी डंडो से मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर 1 नामजद व 3 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सोमवार को ग्राम छोटी पठेड निवासी पीड़ित व्यक्ति प्रवीण पुत्र सुरेन्द्र ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि वह ग्राम पठेड़ में मोबाईल रिपेयरिंग की दुकान चलाता है। पीड़ित का आरोप है कि रविवार को रात्रि के समय आरोपी शुभम पुत्र महेश पाल निवासी ग्राम काँसेपुर अपने 3 साथियों सहित उसकी दुकान पर आया व उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। जिससे उसके शरीर पर कई जगह गुम चोट आई है।उक्त सम्बन्ध में पीड़ित द्वारा आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की गई थी।

वसूली का वीडियो वायरल होने के बाद थाना प्रभारी चन्द्रसेन लाईन हाजिर

चिलकाना। एसएसपी आशीष तिवारी ने पठेड़ चौकी पुलिसकर्मी द्वारा अवैध खनन कराने को लेकर पैसों की वसूली किये जाने के वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी को लाईन हाजिर तथा पठेड़ चौकी इंचार्ज एवं मुख्य आरक्षी को निलंबित किया है। थाना जनकपुरी प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार का स्थानांतरण करते हुए उन्हें चिलकाना थाना की कमान सौंपी गई है।

गौरतलब है कि विगत शनिवार को सोशल मीडिया पर पठेड़ चौकी क्षेत्र का एक वीडियो जमकर वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में पठेड़ चौकी पर तैनात एक पुलिसकर्मी अवैध खनिज से लदे वाहनों को निकलवाने के नाम पर पैसों की वसूली करते हुए नजर आ रहा था। वीडियो वायरल होते ही पुलिस हरकत में आ गई और बेहट व मिर्जापुर थाना पुलिस ने भी चेकिंग अभियान तेज कर दिया था। वहीं खनन माफियाओं ने कई स्थानों पर डंपरों से खनिज खाली करते हुए अपने वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कर दिया था ताकि कार्रवाई से बचा जा सके।

वीडियो वायरल होने के कुछ देर बाद ही एसपी सिटी व्योम बिंदल द्वारा मीडिया को जानकारी दी गई थी कि वायरल वीडियो की गहनता से जांच की जा रही है, जांच में जो भी पुलिसकर्मी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिसके बाद रविवार को शाम के समय इसी मामले को लेकर एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पठेड़ चौकी प्रभारी व मुख्य आरक्षी को निलंबित तथा थाना प्रभारी निरीक्षक को लाईन हाजिर किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की पूरी जांच अधिकारी द्वारा की जा रही है, पूर्ण जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मिल परिसर में बनेगा किसान भवनः मनीष

शाह टाइम्स संवाददाता

नानौता। किसान सहकारी चीनी मिल में जिलाधिकारी मनीष बंसल कि अध्यक्षता में सामान्य निकाय कि वार्षिक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें चीनी मिल के सभी डिलीकेटस एवं डारेक्टरो नें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

जिलाधिकारी /सभापति मनीष बंसल नें कहा कि आगामी आगामी गन्ना पैराई सत्र को बेहतर से बेहतर से चलाने के लिए मिल प्रशासन रूप रेखा तैयार कर चुका है आगामी गन्ना पैराई सत्र में किसान हित में होगा। अपने सम्बोधन के दौरान जिलाधिकारी नें चीनी मिल परिसर में किसान भवन बनवाने कि घोषणा कि। जिलाधिकारी मनीष बंसल नें कहा कि लम्बे समय से नानौता चीनी में मकिसानो कि मांग के मद्देनजर सामान्य निकाय द्वारा भेजें गए प्रस्ताव को मंजूर करते हुए किसान सहकारी चीनी मिल में किसान भवन का निर्माण कराया जाएगा ताकि आगामी सत्र के दौरान किसानो को अपनी बारी आने तक रुकने एवं बैठने में परेशानी का सामना ना करना पड़े। चीनी मिल प्रधान प्रबंधक अंकित कुमार नें बताया पिछले वर्ष मिल समिति द्वारा 80 लाख कुंतल गन्ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था ओर इस चीनी मिल के कुछ क्रेय केंद्र दूसरे चीनी मिलस को दे दिए गए थे जिस कारण चीनी मिल को पिछले वर्ष 66.52 लाख कुंतल गन्ना ही प्राप्त हो सका ओर चीनी मिल आवश्यकता से कम गन्ना ही प्राप्त कर सका जिस कारण मिल को बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। प्रधान प्रबंधक नें बताया कि मिल कि गन्ना आपूर्ति के मद्देनजर शेर मऊ मिल से 12 क्रेय केंद्र ओर थाना भवन मिल से 3 सेंटरो को नानौता चीनी मिल में मिलाया गया है गन्ने कि आपूर्ति के लिए 15 क्रेय केन्द्रो को बढ़ाया गया है। वार्षिक बैठक में उप सभापति रविंद्र पुंडीर नें मिल हित में जिलाधिकारी के समक्ष आवश्यक विचार रखें। बैठक में मुख्य रूप से जयपाल सिंह, प्रदीप राणा, संजयवीर राणा, अरुण कुमार, नवाब सिंह, दल सिंह,समस्त डेलिकेटस मौजूद रहे।

एसडीएम मानवेन्द्र ने सुनी कार्यालय पर समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

बेहट। जिला धिकारी मनीष बंसल के निर्देशों का पालन एस डीएम मानवेन्द्र सिंह अपने कैम्प कार्यालय में लोगों की जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए उनके नियमानुसार निस्तारण कराने में लगे हुए है। फरियादियों के प्रति उनका व्यवहार भी सेवा भाव की तरह रहता है अपने अच्छे और मधुर व्यवहार को लेकर भी आने वाले फरियादी भी उनसे प्रसन्न रहते है।

सोमवार को भी एसडीएम मानवेन्द्र सिंह सवेरे 10 बजे से ही अपने कार्यालय मे बैठकर उनके पास आने वाले फरियादियों की बात को गंभीरता से सुनकर प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते रहे उनका हमेशा एक ही उद्देश्य रहता है कि जो भी फरियादी उनके पास समस्या लेकर आता है उस की समस्या का समय पर निस्तारण किया जाय जो लोगो की समस्याएं हेती है उनके निस्तारण कराने को लेकर अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को मौके पर भेजकर निस्तारण करने के कड़े निर्देश देते है। आज भी एसडीएम मानवेन्द्र सिंह ने अलग अलग विभागो की लगभग 10 शिकायतो में से अधिकतर का निस्तारण कराया गया।

इस दौरान सीओ, बेहट के अलावा नायब तहसीलदार भूपेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह पेशकर, मनीष कुमार अरविंद कुमार नाथीराम आदि कर्मचारीगण मोजूद रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 16 सितम्बर 2025

संतुलित फैसला

सोमवार को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवेई और न्यायमूर्ति आंगस्टाइन जॉर्ज मसीह की पीठ ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर अपने अंतरिम फैसले में पूरी तरह रोक लगाने से इन्कार कर दिया, लेकिन साथ ही कहा कि अंतिम निर्णय आने तक कुछ प्रावधानों पर रोक रहेगी। पीठ ने यह भी कहा कि अदालतों को संसद द्वारा बनाए गए कानून की वैधता माननी चाहिए और केवल दुर्लभतम मामलों में ही स्थगन देना चाहिए। 22 मई को अदालत ने अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं (जिनकी संख्या सौ से अधिक है) के एक समूह पर अंतरिम रोक लगाने के अनुरोध पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने इन याचिकाओं पर गहनता से विचार किया और पाया कि कानून के संपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगाने का कोई मामला नहीं बनता, लेकिन पीठ ने यह भी माना कि कुछ धाराओं को कुछ संरक्षण की आवश्यकता है। जैसे पीठ ने कहा कि कलेक्टर को नागरिकों के व्यक्तिगत अधिकारों का न्याय निर्णय करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। पीठ ने साफ कहा कि अगर ऐसा होता है तो शक्तियों के पृथक्करण का उल्लंघन होगा। ठीक इसी तरह पीठ का यह भी कहना था कि केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्ड में क्रमश: 22 और 11 सदस्यों में से तीन से अधिक गैर मुस्लिम सदस्य नहीं होने चाहिएं। हालांकि ऐसा कहते हुए यह भी साफ किया कि यह न्यायालय कोई निर्देश जारी नहीं कर रहा है। फिर भी उचित यही होगा कि पीठ ने पांच साल तक इस्लाम का पालन के मानदंड के कार्यान्वयन पर भी रोक लगा दी। ऐसा करते हुए पीठ का कहना था कि जब तक नियम नहीं बन जाते तब तक वक्फ संपत्ति घोषित होने से पहले इस पर रोक रहेगी। पीठ का मानना है कि बिना किसी तंत्र के यह मनमाने शक्ति के प्रयोग को बढ़ावा देगा। अब असली तस्वीर तो तभी साफ होगी जब पीठ का संपूर्ण फैसला आएगा, लेकिन फिल्हाल आए फैसले से सभी पक्ष संतुष्ट दिखाई दे रहे हैं। जहां केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरण रिजीजू ने उच्चतम न्यायालय के वक्फ अधिनियम 2025 पर आए निर्णय का स्वागत किया है और इस निर्णय को लोकतंत्र के हित में बताया है वहीं ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्यकारी समि. के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने भी पीठ के फैसले की सराहना की है और कहा है कि वे उच्चतम न्यायालय द्वारा मुस्लिम पक्ष की दलीलों को स्वीकार करने के आदेश का स्वागत करते हैं और उम्मीद जताई कि इस मामले पर पूरा फैसला आने पर मुसलमानों को पूर्ण राहत हासिल होगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमें उम्मीद थी कि पूरे एक्ट पर स्टे लिया जाएगा, लेकिन कुछ अहम बातों पर स्टे लिया गया, जिसका वह स्वागत करते हैं। उनके अनुसार अभी पूरा फैसला आना बाकी है, उम्मीद करते हैं कि हमें रिलीव हासिल होगी। निश्चित रूप से कोर्ट को जो अंतरिम फैसला आया है वह बेहद संतुलित है और तर्कसंगत भी है, जबकि सरकार की भाषा से लगता है कि वह फैसले से इतनी खुश नहीं है और वह यही दुहाई दे रही है कि संसद के पास कानूनों में अदालतों को ज्यादा हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

...तो सिख कैसा महसूस करेंगे

वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट का यह अंतरिम आदेश है, हम उम्मीद करते हैं कि शीर्ष कोर्ट इस पूरे कानून पर जल्द अंतिम फैसला सुनाए और सुनवाई शुरू हो, सीओ की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यह व्यक्ति जहां तक संभव हो मुस्लिम होना चाहिए, अब सरकार यही कहेगी कि उन्हें कोई योग्य मुस्लिम नहीं मिला, जो पार्टी किसी मुसलमान को सांसद का टिकट नहीं देती, जिसके पास एक भी मुस्लिम सांसद नहीं है, क्या वह मुसलमान अधिकारी चुनेगी, खुफिया विभाग में कितने मुसलमान अधिकारी हैं, वे वक्फ में गैर मुसलमानों की नियुक्ति करेंगे, यह संविधान के अनुच्छेद 26 का उल्लंघन है, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) में किसी गैर-सिख को सदस्य बना दिया जाए तो सिख कैसा महसूस करेंगे। **-असदुद्दीन ओवैसी, प्रमुख, एआईएमआईएम**

नेपालः सुशीला कार्की के समक्ष चुनौतियों का पहाड़

यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल के अंतरिम सरकार की नवनियुक्त प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने पदभार ग्रहण करने के बाद मातहतों के साथ संक्षिप्त बातचीत में साफ कर दिया है कि वे सत्ता का स्वाद चखने नहीं आई हैं, छह महीने बाद होने वाले चुनाव के बाद वे नए प्रतिनिधि सभा को सत्ता की चाभी सौंप देंगी। हां इस दौरान उनकी पूरी कोशिश होगी कि नेपाल अब साफ सुथरी और ईमानदार सरकार के हाथ में हो। इसके लिए संघर्षशील व ईमानदार युवाओं को आगे आना होगा।

उन्होंने जो दूसरी बड़ी बात कही वह नेपाल को तहस-नहस करने वालों की शिनाख्त कर उन्हें सजा दिलाने की। सुशीला कार्की के लिए यह बड़ी चुनौती है, क्योंकि आंदोलन तो जेन जी के हाथ में था और उन्हीं की सहमत से वह प्रधानमंत्री बनीं हैं तो क्या जेन जी के आंदोलन में दूसरे लोग भी घुस आए और देखते देखते नेपाल को राख में तब्दील कर दिया? ये दूसरे लोग आखिर कौन हो सकते हैं? इसे लेकर कयासबाजी का दौर जारी है। हर जुबान पर अलग-अलग चर्चाएं हैं। अब अगर जेन जी के आंदोलन में भारी संख्या में उपद्रवी घुस आए और काठमांडू से लेकर नेपाल के मैदानी इलाकों तक आंदोलन को हिंसात्मक बना डाला तो यह मानना होगा कि वे कितने मुस्तैद थे? प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के नेतृत्व का मौजूदा प्रशासन इन उपद्रवियों की शिनाख्त कैसे और किस आधार पर करता है यह देखने वाली बात होगी। भारी हिंसा के बीच पदासीन हुईं सुशीला कार्की के समक्ष सिर्फ यही चुनौती नहीं है, देखें तो उनके समक्ष चुनौतियों का पहाड़ है। उम्मीद है कि इस सबके बावजूद वे जले बिखरे और टूटे फूटे नेपाल को नया जीवन दे पाने में कामयाब होंगी। सुशीला कार्की न्याय विद के साथ एक राजनीतिक परिवार से जुड़े रहने के नाते वे परिपक्व राजनीतिज्ञ भी हैं। इसकी झलक तब देखने को मिली जब जेन जी के तरफ से उनका नाम फाइनल होने के बाद भी वह प्रधानमंत्री बनने को लेकर हड़बड़ी में नहीं दिखीं। प्रधानमंत्री पद की शपथ उन्होंने तभी ली जब राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल को संसद विघटन की उनकी मांग को मानना पड़ा। सुशीला कार्की के इस बात के सभी कायल हुए कि यदि पुराने प्रतिनिधि सभा का ही नेतृत्व करना है तो भ्रष्टाचार जिसके खिलाफ इतना बड़ा आन्दोलन हुआ, उससे पार पाना संभव नहीं है। उन्होंने दो टूक कहा कि वह एक भ्रष्ट सरकार का नेतृत्व नहीं करना चाहेंगी।

सुशीला कार्की के पति दुर्गा प्रसाद सुवेदी का ताल्लुक नेपाली कांग्रेस से थे जिन्हें स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला का नजदीकी माना जाता है। दुर्गा प्रसाद सुवेदी पर 1973 में रायल नेपाल के जहाज

के अपहरण का भी इल्जाम है। हालांकि यह एक आंदोलन का हिस्सा थे। इस घटना पर उनकी एक पुस्तक की खूब चर्चा रही। बहरहाल सुशीला कार्की के पति का नेपाली कांग्रेस से ताल्लुक होने का कोई छाप इन पर नहीं है और न ही नेपाली जहाज के अपहरण से भी इनका कोई लेना देना रहा। वह तब भी अपनी मर्जी की मुख्तार थीं और आज भी। बतौर न्यायाधीश उनके कई फैसले चर्चा में रहे जिसमें नेपाली कांग्रेस के एक मुस्लिम नेता के खिलाफ फैसला राजनीतिक गलियारों में भूचाल जैसा था। उनकी जो कार्यशैली और दृढ़ इच्छाशक्ति है निःसंदेह नेपाल को उसका फायदा मिलेगा। यद्यपि कि समय कम है, छह महीने बाद होने वाले चुनाव का परिदृश्य क्या होगा, इस पर कुछ भी कयासबाजी ठीक नहीं है। आगामी चुनाव को लेकर भारत विरोधी और भ्रष्टतम सरकार का नेतृत्व करने वाले केपी शर्मा ओली को सत्ता से उखाड़ फेंकने वाले जेन जी के नौजवानों का रुख अभी स्पष्ट नहीं है। वह अलग कोई राजनीतिक दल गठित करेंगे या मौजूदा किसी दल के साथ आएंगे, यह भी तय नहीं है। भविष्य के नेपाल में साफ-सुथरी सरकार के लिए उन युवाओं का राजनीतिकरण जरूरी है। बेहद कम समय में सुशीला कार्की के समक्ष नेपाल को फिर से सजाने संवारने की चुनौती भी है। आगजनी और तोड़फोड़ में नेपाल को अरबों-खरबों का नुकसान हुआ है। नेपाल को फिर से बनाने में इतनी बड़ी रकम जुटाना आसान नहीं है। इसके लिए कौन-कौन देश आगे आता है, यह काफी कुछ नई सरकार के विदेश नीति पर निर्भर करेगा। टूरिस्ट जो नेपाल के आर्थिक स्रोत का बड़ा जरिया है, उसे स्थापित करना भी बड़ी चुनौती है। नेपाल यूं तो आंदोलनों का देश है। सबसे भयावह आंदोलन लो. कतंत्र बहाली को लेकर था, जिसे जनयुद्ध के नाम से भी जाना जाता है, उसमें जनहानि खूब हुई लेकिन सरकारी इमारतों को क्षति नहीं पहुंचाई गई थी। बीच बीच में और भी तमाम आंदोलन हुए लेकिन वे इतना भयाक्रांत नहीं रहे। इस बार के आंदोलन की भयावहता देख भारत सहित अन्य देशों के टूरिस्टों का रुख नेपाल की ओर होने में वक्त लगेगा। काठमांडू में भारतीय पत्रकारों को चुन-चुन कर मारा गया यह जानते हुए कि जले भुने नेपाल के पुनर्निर्माण में भारत ही मुख्य सहायक होगा। दरअसल यह सब भारत के प्रति ओली सरकार द्वारा बोए गए जहर का ही असर था। कुछ वर्ष पूर्व आए भूकंप से नेपाल में जितनी तबाही नहीं हुई थी, नेपाली युवाओं ने अपने हाथों से नेपाल को उससे बड़ी त्रासदी दे दी। सरकार निकम्मी थी, उसे हटाने के लिए आंदोलन ठीक था, लेकिन सरकारी संपत्तियों को सुपुर्द-ए-खाक करना नादानी है। काठमांडू से लेकर नेपाल के तमाम शहरों कस्बों में जले हुए मकान, सरकारी इमारतों को देख ऐसा लगता है कि इसका पुनर्निर्माण आसान नहीं है। हर जुबान पर चर्चा है कि अब पशुपतिनाथ ही नेपाल को नया जीवन दे पाएंगे। सुशीला कार्की की जिद भ्रष्टाचार मुक्त नेपाल बनाने के साथ भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की भी है। नेपाल में अभी जितने भी राजनीतिक दल है, उसके सारे बड़े नेताओं के हाथ भ्रष्टाचार से सने हैं, ऐसे में राजनीति से भ्रष्टाचार खत्म करना भी बड़ी चुनौती है। राजधानी काठमांडू जिसे काष्ठमंडप भी कहा जाता था, अब स्वाहा हो चुका है। मात्र 48 घंटे की अराजकता में नेपाल बर्बाद हो गया। सरकार और विपक्ष भाग खड़े हुए। मंत्रियों को अपनी जान बचाने को इधर-उधर भागना पड़ा। उन्हे घर के पिछवाड़े, नदी नालों में कूद कर भागते हुए देखा गया। आंदोलनकारियों के पकड़ में जो आए उनकी जमकर कुटाई हुई। युवाओं में सरकार हो या विपक्ष सभी नेताओं के प्रति ऐसा गुस्सा था कि चाहे संसद भवन हो या राष्ट्रपति कार्यालय, सिंह दरबार हो या रेवन्यू भवन सब में आग लगा दी गई। सारे जरूरी दस्तावेज जलकर स्वाहा हो गए। जेलों से भारी संख्या में कैदी फरार हो गए। पूर्व प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री, दर्जनों मंत्रियों के आवास फूंक दिए गए। भारत नेपाल संबंधों को नया आयाम देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री, जिन्हें नेपाल का गांधी भी कहा जाता है, स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला की प्रतिमा पर वीरगंज में हथौड़ा चलाते हुए देखा गया। इधर जेन जी समूह में इस बात को लेकर वैचारिक मतभेद भी था कि अंत. रिम सरकार का नेतृत्व धर्मनिरपेक्ष विचारधारा का हो या राज संस्था विचारधारा का? सुशीला कार्की की शिक्षा वाराणसी के बीएचयू में भी हुई है और यह भारत के प्रधानमंत्री को फालो करती हैं। जेन जी समूह के 40 प्रतिशत से अधिक युवाओं की यह पहली पसंद थीं। जेन जी का यह सही फैसला था कि उन्होंने एक साहसी न्यायविद महिला को अंत. रम सरकार का मुखिया चुना। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला न्यायाधीश थीं, अब पहली महिला प्रधानमंत्री का खिताब भी उनके खाते में दर्ज हुआ। राजशाही के जमाने से ही नेपाल का भारत से उतार-चढ़ाव जैसा संबंध रहा है। लोकतंत्र बहाली के बाद ज्यादातर नेपाली सरकारें भारत से मतलब भर का संबंध रखती थी। अभी अभी तख्तापलट के शिकार हुए ओली की शिनाख्त कट्टर भारत विरोधी की रही है। उन्होंने नेपाल की जनता में भारत के खिलाफ जहर घोलने में कोई कसर नहीं छोड़ा। सत्ता से हटने के बाद भी सेना के कैंप शिवपुरी से उन्होंने तख्तापलट के लिए मनगढ़ंत कहानियों के साथ भारत पर आरोप मढ़ा है। भारत नेपाल के बीच असहमतियां हैं, इसे लेकर प्रधानमंत्री सुशीला कार्की का क्या रुख होता है, यह भी गौरतलब होगा। सनातनी विचारधारा से लैस पूर्व न्यायाधीश सुशीला कार्की के हाथ नई सरकार की कमान भारत के लिए सुखद संकेत है। इस बात की कामना की जानी चाहिए कि सुशीला कार्की के नेतृत्व में नेपाल में लोकतंत्र मजबूत हो और वह फिर से उठा खड़ा होने में सक्षम हो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नेपाली युवाओं के आक्रोश का असर

भविष्य में ऐसे विद्रोह की पुनरावृत्ति को रोकने और शासन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए स्वतंत्र एंटी करप्शन कमीशन बनाया जाए जो राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त हो। साथ ही करेप्ट नेताओं पर मुकदमे चलाए जाएं। रोजगार सृजन हेतु युवा केंद्रित नीतियां -आईटी हब, कृषि सुधार अपनाए जाएं। एमसीसी ग्रांट को पारदर्शी तरीके से उपयोग में लाया जाए। साथ ही राजनीतिक स्थिरता हेतु चुनाव सुधार और राजनीति में युवाओं को शामिल किया जाए। इस समय नेपाल को अंतर्राष्ट्रीय सहायता की नितांत आवश्यकता है।

डा. चंद्रप्रकाश शर्मा

युवा शक्ति का पुंज है, भुजदंडों में जान। मेधा से सम्प्रक्त यह, रचता नए विधान। युवा उल्ट है वायु का, अंधड़ न बन जाए, इसकी मेधा -शक्ति का सभी करो सम्मान। ये पंक्तियां 8 सितंबर 25 को नेपाल की सड़कों पर उतरे युवाओं के विरोध प्रदर्शन की सटीकता को उद्घाटित करती हैं। हिमालय की गोद में बसा एक छोटा सा देश नेपाल आज एक अभूतपूर्व राजनीतिक संकट का सामना कर रहा है जिसे जनरेशन-जी विद्रोह के नाम से जाना जाएगा, क्योंकि इस विद्रोह में जनरेशन-जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और जो नेपाल की आबादी का लगभग 30 प्रतिशत है। जेन-जी वह आबादी है जिसका जन्म 1997 से 2012 के बीच हुआ है। 4 सितम्बर 2025 को ओली सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाया, जिसे युवाओं ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला माना जबकि सरकार ने इन प्लेटफार्म्स को फेक न्यूज फैलाने और विदेशी हस्तक्षेप का दोषी ठहराया। हामी नेपाल संगठन के लीडर व सामाजिक कार्यकर्ता सुदन गुरुंग ने सोशल मीडिया प्रतिबंध के खिलाफ युवाओं को एकजुट कर आंदोलन खड़ा किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सोशल मीडिया प्रतिबंध का मुद्दा नहीं बल्कि भ्रष्टाचार और अक्षम शासन के खिलाफ लड़ाई है। इससे युवाओं का गुस्सा फूट पड़ा क्योंकि ओली सरकार पर भाई-भतीजाबाद और भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं और विगत वर्षों में सड़क निर्माण और बिजली परियोजनाओं में अरबों का घोटाला सामने आ चुका है। साथ ही युवा वर्ग पहले से ही शासक वर्ग के परिवारों को ठेके और नौकरियों में प्राथमिकता देने से नाराज था।

इसके साथ ही 2024 में ओली सरकार द्वारा दो बार गठबंधन बदलने से राजनीतिक अस्थिरता बढ़ी और सत्ता परिवर्तन ने जनता का विश्वास तोड़ा। रैपर से मेयर बने बालेन शाह ने फेसबुक पर जेन -जी के नेतृत्व में शुरू हुए आंदोलन को समर्थन किया। बालेन, भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के कारण नेपाल के युवाओं में बहुत अधिक लोकप्रिय हैं। आर्थिक असमानता और बेरोजगारी के कारण नेपाल के युवा त्रस्त हैं, उनके समर्थन से युवाओं के गुस्से को बल मिला। नेपाल की अर्थव्यवस्था मंदी से ग्रस्त है। नेपाल की अर्थव्यवस्था पर्यटन और रेमिटेंस अर्थात प्रवासी नेपाली मजदूरों से आने वाला धन, पर निर्भर है, यह व्यवस्था पटरी पर नहीं लौटी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर पलायन बढ़ा है, लेकिन युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही हैं, जबकि नेताओं के परिवार लगातार अमीर हो रहे हैं, बुनियादी ढांचे में निवेश कम है। जनरेशन-जी को लगा कि विकास का मॉडल टूट चुका है, इस विचार ने विरोध प्रदर्शनों में ईंधन का काम किया। इसके साथ ही हिंदू राष्ट्र और राजशाही समर्थक समुदाय भी एक कारक हैं, जिनको लगा कि हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान खोती जा रही है। इन कारणों ने एक ज्वालामुखी का रूप धारण कर प्रदर्शन को हिंसक बनाया जिससे 19 लोगों की मृत्यु हो चुकी है, सैकड़ों लोग घायल हैं, संसद भवन, प्रधानमंत्री आवास और अन्य सरकारी इमारत में आग लगा दी गई। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को त्यागपत्र देना पड़ा। विद्रोह को रोकना समय की मांग है किन्तु यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, लेकिन संकट से उबरने के लिए हमें सार्थक उपाय करने होंगे ताकि वर्तमान संकट को शांत करके भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। इस हेतु तात्कालिक रूप से सेना को राजनीतिक हस्तक्षेप से दूर रहकर अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षक को आमंत्रित कर संवाद शुरू करना चाहिए। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध हटा लिया गया है लेकिन फेक न्यूज पर नियंत्रण के लिए पारदर्शी नीति बनाई जानी जाए। साथ ही बेरोजगारों को आर्थिक राहत देते हुए बेरोजगारी भत्ता देने की व्यवस्था हो। पर्यटन को पुनर्जीवित किया जाए तथा विश्व बैंक से आपातकालीन फंड मांगे जाएं, ताकि नेपाल की अर्थव्यवस्था और निर्माण को पटरी पर लाया जा सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

ओजोन परत के बिना असंभव पृथ्वी पर सुरक्षित जीवन का अस्तित्व

विश्व ओजोन दिवस पर विशेष

योगेश कुमार गोयल

16 सितम्बर 1987 को मॉन्ट्रियल में ओजोन परत के क्षय को रोकने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता हुआ था, जिसमें उन रसायनों के प्रयोग को रोकने से संबंधित एक बेहद महत्वपूर्ण समझौता किया गया था, जो ओजोन परत में छिद्र के लिए उत्तरदाई माने जाते हैं। ओजोन परत कैसे बनती है, यह कितनी तेजी से कम हो रही है और इस कमी को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, इसी संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए 1994 से प्रतिवर्ष विश्व ओजोन दिवस मनाया जा रहा है किन्तु चिन्ता की बात यह है कि पिछले कई वर्षों से ओजोन दिवस मनाए जाते रहने के बावजूद ओजोन परत की मोटाई कम हो रही है।

प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है। विश्व ओजोन दिवस 2025 की थीम विज्ञान से वैश्विक कार्रवाई तक है, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने जारी किया है। यह थीम मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के 40 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ओजोन परत के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विज्ञान की भूमिका और आवश्यक वैश्विक सहयोग पर केंद्रित है। विश्व ओजोन दिवस हमें स्मरण कराता है कि पृथ्वी पर जीवन के लिए ओजोन परत आवश्यक है और यह विषय भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे बचाने हेतु निरंतर जलवायु कार्रवाई की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। आईपीसीसी की एक रिपोर्ट में तापमान में डेढ़ तथा दो डिग्री वृद्धि की स्थितियों का आकलन किए जाने के बाद से इसे डेढ़ डिग्री तक सीमित रखने की आवश्यकता महसूस की जा रही है और इसके लिए दुनियाभर के देशों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के नए लक्ष्य निर्धारित करने की अपेक्षा की जा रही है। जहां तक भारत की बात है तो भारत ने 2030 तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की तीव्रता में 35 फीसदी तक कमी लाने का लक्ष्य रखा है किन्तु जी-20 देशों पर जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों की समीक्षा पर आधारित एक रिपोर्ट में कुछ समय पहले कहा गया था कि भारत सहित जी-20 देशों ने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वे तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने के दृष्टिगत पर्याप्त नहीं हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक अपेक्षित परिणाम हासिल करने के लिए इन देशों को अपने उत्सर्जन को आधा करना होगा। रिपोर्ट में इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई थी कि जी-20 देशों की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम नहीं हो रही है, जहां अभी भी करीब 82 फीसदी जीवाश्म ईंधन ही इस्तेमाल हो रहा है और चिंताजनक बात यह मानी गई थी कि कुछ देशों में जीवाश्म ईंधन पर सब्सिडी भी दी जा रही है। भारत ने हरित ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य 2027 तक 47 फीसदी रखा है और 2030 तक सौ फीसदी इलैक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन का भी लक्ष्य है। हालांकि नवीन ऊर्जा के इन लक्ष्यों के लिए रिपोर्ट में भारत की सराहना भी की गई थी। विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का जो दौर देखा जा रहा है, उसके लिए काफी हद तक ओजोन परत की कमी मुख्य रूप से जिम्मेदार है और हमें अब यह भी भली-भांति समझ लेना चाहिए कि हमारी लापरवाही और पर्यावरण से बड़े पैमाने पर खिलवाड़ ही पर्यावरण विनाश की सबसे बड़ी जड़ है। कुछ समय पूर्व एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के चलते दुनियाभर में करीब 12 करोड़ लोग विस्थापित होंगे। ओजोन परत के सुरक्षित न होने से मनुष्यों, पशुओं और यहां तक की वनस्पतियों के जीवन पर भी बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। यही नहीं, अधिकांश वैज्ञानिकों का मानना है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा और पानी के नीचे का जीवन भी नहीं बचेगा।

हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से पर्यावरण पर छपी चर्चित पुस्तक प्रदूषण मुक्त सांसें के मुताबिक ओजोन परत की कमी से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है, सर्दियां अनियमित रूप से आती हैं, हिमखंड गलना शुरू हो जाते हैं और सर्दी की तुलना में गर्मी अधिक पड़ती है, पर्यावरण का यही हाल पिछले कुछ वर्षों से हम देख और भुगत भी रहे हैं। दरअसल ओजोन परत में कमी और मोटे होते जा रहे छिद्र के कारण पृथ्वी तक पहुंचने वाली पराबैंगनी किरणें हमारे स्वास्थ्य तथा पारिस्थितिकी तंत्र पर बहुत हानिकारक प्रभाव डालती हैं। ओजोन परत की कमी से हमारे स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। ओजोन परत वातावरण में बनती है। जब सूर्य से पराबैंगनी किरणें ऑक्सीजन परमाणुओं को तोड़ती है और ए परमाणु ऑक्सीजन के साथ मिल जाते हैं तो ओजोन अणु बनते हैं। ओजोन परत पृथ्वी के धरातल से 20-30 किमी की ऊंचाई पर वायुमण्डल के समताप मंडल क्षेत्र में ओजोन गैस का एक झीना सा आवरण है। यह परत पर्यावरण की रक्षक मानी गई है क्योंकि यही वह परत है, जो पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है। हमारे ऊपर के वातावरण में विभिन्न परतें शामिल हैं, जिनमें एक परत स्ट्रैटोस्फियर है, जिसे ओजोन परत भी कहा जाता है। ओजोन गैस प्राकृतिक रूप से बनती है। निचले वातावरण में पृथ्वी के निकट ओजोन की उपस्थिति प्रदूषण बढ़ाने वाली और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक लेकिन ऊपरी वायुमंडल में ओजोन परत की उपस्थिति पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए अत्यावश्यक है। जब सूर्य की किरणें वायुमंडल में ऊपरी सतह पर ऑक्सीजन से टकराती हैं तो उच्च ऊर्जा विकिरण के कारण इसका कुछ हिस्सा ओजोन में परिवर्तित हो जाता है।

ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों के लिए एक अच्छे फिल्टर के रूप में कार्य करती है। सूर्य विकिरण के साथ आने वाली पराबैगनी किरणों का लगभग 99 फीसदी भाग ओजोन मंडल द्वारा सोख लिया जाता है, जिससे पृथ्वी पर रहने वाले प्राणी एवं वनस्पति सूर्य के तेज ताप और विकिरण से सुरक्षित हैं और इसी कारण ओजोन परत को सुरक्षा कवच भी कहा जाता है। यही कारण है कि प्राय: कहा जाता है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

इजरायल के खिलाफ एकजुट हुए 50 मुस्लिम देश

ईरान ने कहाः इस्लामी देश इजरायल से रिश्ता तोड़ें, पाकिस्तान की नाटो जैसी फोर्स बनाने की सलाह

दोहा। कतर की राजधानी दोहा में आज मुस्लिम देशों के 50 नेता इजरायल के खिलाफ एक खास बैठक के लिए इकट्ठा हुए हैं। यह बैठक अरब लीग और आर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोआप. रेशन (ओआईसी) ने बुलाई है। इसका मकसद 9 सितम्बर को कतर पर हुए इजरायली हमले का जवाब देना है। इस हमले में हमास के 5 मेंबर और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी मारा गया था।

यह हमला उस समय हुआ जब हमास की एक टीम गाजा में दो साल से चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिका के प्रस्ताव पर बात करने दोहा में थी। आज की मीटिंग से पहले ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने मुस्लिम देशों से इजरायल के साथ रिश्ते तोड़ने को कहा है। उन्होंने इस्लामिक देशों से एकजुट होने की अपील की। वहीं पाकिस्तान ने सभी इस्लामी देशों को नाटो जैसे जाइंट फोर्स बनाने का सुझाव दिया। इस्लामिक कोआ. परेशन की इमरजेंसी बैठक के लिए 50 से ज्यादा इस्लामी देशों के नेता कतर पहुंचे। रविवार को इस्लामी देशों के विदेश मंत्रियों ने दोहा में इजरायलके खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर बंद कमरे में एक बैठक की थी। इस दौरान कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जासिम अल थानी ने इजरायली हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि कतर अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगा। वहीं, पाकिस्तान के विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने कहा कि दुनिया भर के मुस्लिम इस बैठक पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने एक जाइंट डिफेंस फोर्स बनाने की संभावना का जिक्र किया और कहा कि न्यूक्लियर पावर पाकिस्तान इस्लामिक समुदाय (उम्माह) के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएगा।

इजरायल ने 9 सितम्बर कतर की राजधानी दोहा में हमास चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर हमला किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमले में अल-हय्या बच गया, जबकि 6 अन्य लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद इजरायली पीएम नेतन्याहू ने भी कहा था कि इजरायल इस हमले की 'पूरी जिम्मेदारी' लेता है। जब यह हमला तब हुआ जब हमास नेता अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव पर आपस में चर्चा कर रहे थे। हमले के बाद कतर ने इजरायल की कड़ी आलोचना की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने इसे हमास के राजनीतिक मुख्यालय पर 'कायराना हमला' करार दिया था और कहा था कि यह सभी अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है। दूसरी ओर, इजरायल के वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने इस कार्रवाई की तारीफ की थी। उन्होंने कहा थी कि आतंकवादियों को दुनिया में कहीं भी इजरायलसे छूट नहीं मिलेगी।

इजरायली हवाई हमले में यमन के 26 मीडियाकर्मी मारे गएः हूती

समूह सना। यमन की राजधानी सना में इजरायल के हवाई हमले में मारे गए 46 लोगों में से 26 लोग स्थानीय मीडिया संस्थान के कर्मचारी थे। यमन के हूती समूह ने रविवार की इसकी जानकारी दी। एक बयान में हूती समूह ने कहा कि हमले में मध्य सना में तहरीर चौक पर स्थित दो समाचार पत्रों- 26 सितम्बर और अल-येमन के कार्यालय ध्वस्त हो गए। उन्होंने कहा कि इस हमले से उनका मीडिया संचालन कमजोर नहीं होगा। हूती नियंत्रित स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि हमले में 165 लोग घायल हुए जिनमें महिला और बच्चे शामिल हैं। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने क्षतिग्रस्त आवासीय इमारतें और मलबे में खोजबीन कर रहे बचावकर्मियों का फुटेज जारी किया। इजरायली सेना ने कहा कि उसने सैन्य शिविरों, हूतियों के जनसंपर्क मुख्यालय और एक ईंधन भंडारण स्थल को निशाना बनाया। इजरायली सेना ने साथ ही कहा कि ये कार्रवाई हूती समूह द्वारा किये गए ड्रोन और मिसाइल हमले के जवाब में थी। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने इस हमले का जवाब देने की कसम खाई।

स्पेन। अललपार्डो से मैड्रिड तक ला वुल्टा साइकिल रेस के इक्कीसवें चरण के दौरान फलस्तीनी झंडे को लेकर विरोध प्रदर्शन कर नारे लगाते लोग।

दोहा पर इजरायली हमले के बाद कैदियों की अदला-बदली पर बातचीत स्थगित

गाजा। हमास ने कहा है कि कतर की राजधानी दोहा में पिछले सप्ताह वार्ता के लिए गई उसके प्रतिनिधिमंडल पर इजरायली हमले के बाद कैदियों की अदला बदली के लिए इजरायल के साथ बात. चीत निलंबित कर दी है। हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ताहिर अल-नोनो ने एक बयान में कहा कि अगर बातचीत के लिए जिम्मेदार प्रतिनिधिमंडल पर देश के अंदर हमला होता है, तो बातचीत जारी नहीं रह सकती। हमास ने कहा कि पिछले मंगलवार को इजराइली हवाई हमलों में दोहा में उनके नेताओं द्वारा इस्तेमाल किए गए आवासीय परिसरों को तब निशाना बनाया गया, जब वे अमे. रिका समर्थित युद्धविराम प्रस्ताव पर चर्चा कर रहे थे। समूह ने कहा कि वरिष्ठ हमास अधिकारी खलील अल-हय्या के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल बच गया। लेकिन हमास के पांच सदस्य और कतर का एक सुरक्षा अधिकारी मारे गए। अल-नोनो ने इजरा. इली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर युद्धविराम और कैदियों की अदला-बदली, दोनों के प्रयासों में बाधा डालने का आरोप लगाया है।

संक्षिप्त समाचार

सम्मेलन में बिम्सटेक देशों के 80 युवा नेता शामिल हुए

नई दिल्ली। असम के गुवाहाटी में आयोजित तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में बिम्सटेक देशों के 80 से अधिक युवा नेताओं ने शिरकत की। गत नौ से 11 सितम्बर तक आयोजित बिम्सटेक युवा नेता शिखर सम्मेलन, बिम्सटेक को और मज़बूत करने के लिए छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के घोषित 21-सूत्रीय कार्य योजना का हिस्सा था। शिखर सम्मेलन में 21वीं सदी के नेतृत्व पर प्रकाश डाला गया-लचीला, समावेशी और विविधता के प्रति संवेदनशील। उद्यमिता, डिज़ाइन थिंकिंग और अंतर-सांस्कृतिक सहयोग पर सत्रों ने प्रतिभागियों को स्थाई, सामाजिक रूप से उत्तरदाई समाधान तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया।

चीन, थाईलैंड संयुक्त वायु सेना प्रशिक्षण करेंगे

बीजिंग। चीन और थांईलैंड इस महीने के अंत में संयुक्त वायु सेना प्रशिक्षण आयोजित करेंगे। चीन के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने सोमवार को जानकारी दी कि ये प्रशिक्षण थाईलैंड में आयोजित होगा। एमएनडी वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, चीन इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए कई प्रकार के विमान और जमीनी वायु रक्षा बलों को तैनात करेगा।

इस्लामाबाद में डेंगू के 25 नए मामले मिले

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में पिछले 24 घंटों में डेंगू बुखार के 25 नए मामले सामने आए हैं। जिला स्वास्थ्य कार्यालय (डीएचओ) के अनुसार नए संक्रमणों में से 13 ग्रामीण इलाकों में और 12 शहरी इलाकों में दर्ज किए गए, जिससे इस वर्ष राजधानी में डेंगू से पीड़ित लोगों की कुल संख्या 460 हो गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस समय कम से कम 21 मरीज शहर के विभिन्न अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं।

कांगो इबोला वायरस का टीकाकरण शुरू

किंशासा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि कि मध्य कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में बुलापे स्वास्थ्य क्षेत्र में इबोला वायरस का टीकाकरण शुरू हो गया है। इस महीने की शुरुआत में कसाई प्रांत में इबोला वायरस का संक्रमण शुरू हुआ था। डब्ल्यूएचओ ने एक बयान में कहा कि इस चरण में अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कर्मियों और इबोला वायरस संक्रमण के पुष्ट मरीजों का टीकाकरण किया जा रहा है।

जेन-जैड ने सुशीला कार्की का इस्तीफा मांगा

कहाः हमने कुर्सी पर बैठाया, हटाने में वक्त नहीं लगेगा, बिना सलाह के मंत्री चुनने का आरोप

काठमांडू। नेपाल में जेन-जैड-प्रदर्शनकारियों ने अंतरिम पीएम सुशीला कार्की का इस्तीफा मांगा है। वे कैबिनेट विस्तार को लेकर नाराज हैं। प्रदर्शनकारियों ने रविवार रात पीएम आवास के बाहर प्रदर्शन और नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि अंतरिम सरकार प्रदर्शनकारियों की राय लिए बिना मंत्रियों को चुन रही है।

इसका नेतृत्व सुदान गुरुंग कर रहे थे। गुरुंग ने धमकी देते हुए कहा, अगर हम फिर सड़क पर उतरे तो कोई हमें रोक नहीं पाएगा। जिस कुर्सी पर बैठाया है, वहीं से निकाल फेंकेंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीनियर वकील ओमप्रकाश आर्यल सरकार में दखलअंदाजी कर रहे हैं। गुरुंग का आरोप है कि आर्यल ने खुद को गृहमंत्री बनाने का फैसला किया है। ओमप्रकाश आर्यल काठमांडू के मेयर बालेन शाह के करीबी माने जाते हैं। पीएम कार्की ने ओमप्रकाश आर्यल को गृह और कानून मंत्री, रामेश्वर खनाल को वित्त मंत्री और कुलमान घिसिंग को ऊर्जा मंत्री नियुक्त किया है। कार्की ने तीन दिन पहले 12 सितम्बर को अंतरिम पीएम की शपथ ली थी। इस दौरान गुरुंग ने माथा टेकते हुए कार्की के पैर छुए थे। कार्की ने तीन दिन पहले 12 सितम्बर को अंतरिम पीएम की शपथ ली थी। इस दौरान गुरुंग ने माथा टेकते हुए कार्की के पैर छुए थे। 36 साल के गुरुंग ने 8 सितम्बर को काठमांडू में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया था। वे हामी नेपाल नाम के एनजीओ के संस्थापक हैं। 2015 में बना यह संगठन आपदाओं के दौरान राहत पहुंचाने के लिए जाना जाता है। भूकंप और बाढ़ जैसी आपात स्थितियों में इसके सदस्य बचाव, भोजन और पानी की व्यवस्था करते रहे हैं। संगठन ने समय-समय पर छात्रों और प्रवासी नेपाली नागरिकों से जुड़े मुद्दे भी उठाए हैं। इसी साल भुवनेश्वर में एक नेपाली छात्रा की आत्महत्या के मामले में भी 'हामी नेपाल' ने खुलकर आवाज उठाई थी और सोशल मीडिया पर लगातार अपडेट साझा किए थे। दिलचस्प यह है कि यह संगठन आमतौर पर राजनीतिक विवादों से दूरी बनाए रखता है। इसके इंस्टाग्राम पेज पर ज्यादातर मानवीय गतिविधियों की ही झलक मिलती है। ऐसे में काठमांडू विरोध का ऐलान गुरुंग के रुख में बड़ा बदलाव माना जा रहा है। गुरुंग का नाम पहली बार राजनीतिक विवाद में तब आया था, जब उन्होंने शिक्षक भर्ती घोटाले पर सवाल उठाए।

इसका नेतृत्व सुदान गुरुंग कर रहे थे, गुरुंग ने धमकी देते हुए कहा, अगर हम फिर सड़क पर उतरे, तो कोई हमें रोक नहीं पाएगा

नेपाल में तीन मंत्रियों ने ली शपथ

काठमांडू। नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने नवगठित अंतरिम सरकार के तीन मंत्रियों को सोमवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह काठमांडू स्थित राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित हुआ। इस दौरान पूर्व वित्त सचिव रमेशोर प्रसाद खनल ने वित्त मंत्री के रूप में शपथ ली, जबकि नेपाल विद्युत प्राधिकरण के पूर्व प्रबंध निदेशक कुलमन घीसिग ऊर्जा, जल संसाधन एवं सिंचाई मंत्रालय, भौतिक अवसंरचना और परिवहन मंत्रालय के साथ-साथ शहरी विकास मंत्रालय का कार्यभार संभालेंगे। ओम प्रकांश आर्यल गृह मंत्रालय और कानून, न्याय एवं संसदीय मामलों के मंत्रालय का कार्यभार संभालेंगे। आर्यल एक वकील हैं और काठमांडू के महापौर के कानूनी सलाहकार के रूप में कार्य कर चुके हैं। गौरतलब है कि नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को शुक्रवार शाम प्रधानमंत्री नामित किया गया था।

गाजा में इजरायली हमले में सात फलस्तीनी मारे गए

गाजा। पश्चिमी गाजा में इजरायली हवाई हमले में कम से कम सात फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। चीन की समाचार समिति शिन्हुआ ने स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले बताया कि इजरायल ने रविवार को पश्चिमी गाजा में व्यापक हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम सात फलस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

इजरायल ने हवाई हमलों के जरिए अल-कौथर टॉवर, मुहन्ना टॉवर की ऊपरी मंजिलें और कई बहुमंजिला आवासीय इमारतों को निशाना बनाया। सूत्रों ने बताया कि इजरायली सेना ने विस्थापित लोगों के लिए 'फलस्तीन' शिविर को भी निशाना बनाया, जिसमें दर्जनों तंबू, आस-पास के घर और सुविधाएं, इस्लामिक विश्व. विद्यालय, सामुदायिक कॉलेज और आसपास के आवासीय ब्लॉक शामिल हैं। गाजा स्वास्थ्य विभाग सूत्रों ने बताया कि तेल अल-हवा में बार्सिलोना पार्क के पास एक आवासीय इमारत पर हुए हवाई हमले में सात फलस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हुए। इनमें से कुछ की हालत गंभीर है, और उन्हें इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में दिखाया गया है कि नागरिक सुरक्षा दल मलबे से लोगों को बचाने के लिए काम कर रहे हैं। वीडियो में नष्ट हुई इमारतों के ऊपर धुएं का घना गुबार दिखाई दे रहा है।

इजरायल ने हवाई हमलों के जरिये अल-कौथर टॉवर, मुहन्ना टॉवर की ऊपरी मंजिलों को निशाना बनाया

भारतीय मूल के नागरिक का सिर काटने पर भड़के ट्रम्प

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय मूल के चंद्रा नागमलैया की हत्या की निंदा की। उन्होंने इसे भयानक बताया। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल पोस्ट में लिखा चंद्रा नागमल्लैया डलास के रहने वाले थे। उनकी पत्नी और बेटे के सामने, क्यूबा के अवैध अप्रवासी ने बेरहमी से उनका सिर कलम कर दिया।

हमारे देश में ऐसा कभी नहीं होना चाहिए था। ट्रम्प ने बताया कि हमलावर को पहले भी बाल यौन शोषण, कार चोरी जैसे अपराधों के लिए गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बाइडन प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि बाइडन प्रशासन ने इस अपराधी को रिहा कर दिया था और क्यूबा ने उसे वापस लेने से भी इन्कार कर दिया था। दरअसल, टेक्सास के डलास में 10 सितम्बर को भारतीय मूल के नागमलैया की हत्या कर दी गई थी। ट्रम्प ने कहा कि अवैध अप्रवासी अपराधियों के प्रति नरमी का समय अब खत्म हो गया है, अब सजा दी जाएगी। ट्रम्प ने लिखा, निश्चिंत रहें, यह अपराधी हमारी हिरासत में है। उसे प्रथम डिग्री हत्या (सोची-समझी साजिश) का दोषी ठहराया जाएगा। उसे कड़ी सजा मिलेगी ट्रम्प ने अपनी टीम की तारीफ की। उन्होंने कहा कि होमलैंड सिक्योरिटी सचिव क्रिस्टी नोएम, अटार्नी जनरल पाम बान्डी और बार्डर जार टाम होमैन अमेरिका को फिर से सुरक्षित बनाने का काम कर रहे हैं। 10 सितम्बर को भारतीय मूल के नागमलैया की अपने सहकर्मी, 37 साल के योर्डानिस कोबोस-मार्टिनेज के साथ टूटी हुई वाशिंग मशीन को लेकर विवाद हो गया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहाः नरमी का समय खत्म, अब सजा मिलेगी, पत्नी-बेटे के सामने हुई थी हत्या

बेलारूस पड़ोसी देशों को बिन मांगी सहायता नहीं देना चाहताः लुकाशेंको

मिन्स्क। बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने सोमवार को कहा कि बेलारूस अपने पड़ोसियों के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है। लुकाशेंको ने कहा कि उसके पास अपने पड़ोसियों की बिना मांगे सहायता करने की कोई योजना नहीं है। लुकाशेंको ने रूस की रज़्वेदचिक समाचार पत्रिका को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि बेलारूस बिना आमंत्रण के अपने पड़ोसियों की सीमाएं पार करने की कोई योजना नहीं बना रहा है। उन्होंने आगे कहा कि बेलारूस उन सभी के साथ मित्रता और सहयोग करने के लिए तैयार है जो ईमानदारी से ऐसा चाहते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि बेलारूस के प्रति पश्चिम की अमित्र नीति आक्रामक होती जा रही है, लेकिन अभी तक उसे कोई विशेष जोखिम या प्रत्यक्ष सैन्य खतरा नहीं दिख रहा है।

अमेरिका-चीन के बीच टिकटॉक पर बनी सहमति

ट्रम्प ने दिए संकेत, कहाः अच्छी रही व्यापार वार्ता

वॉशिंगटन। अमेरिका और चीन के बीच टिकटॉक को लेकर सहमति बन गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिए हैं। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूरोप में अमेरिका और चीन के बीच बड़ी व्यापार बैठक बहुत अच्छी रही। इसमें एक खास कंपनी को लेकर समझौता हुआ है। जिसे हमारे देश के युवा बचाना चाहते थे। इससे साफ है कि ट्रम्प ने टिकटॉक को लेकर समझौते के संकेत दिए हैं।

टिकटॉक चीन से जुड़ी कंपनी है, जिसे अमेरिकी कानून के अनुसार बेचना होगा अन्यथा परिचालन बंद करना होगा। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूरोप में अमेरिका और चीन के बीच बड़ी व्यापार बैठक बहुत अच्छी रही। यह जल्द ही समाप्त हो जाएगी। एक खास कंपनी को लेकर भी समझौता हुआ, इसे हमारे देश के युवा बहुत बचाना चाहते थे। वे बहुत खुश होंगे। मैं शुक्रवार को राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात करूंगा। यह रिश्ता बहुत मजबूत बना हुआ है। मैड्रिड में अमेरिका और चीन के अधिका. रियों के बीच नई दौर की आर्थिक और व्यापारिक वार्ता चल रही है।

अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट और ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जेमिसन ग्रीयर कर रहे हैं, जबकि चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उप-प्रधानमंत्री हे लिफेंग कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका और चीन के बीच संबंधों में कई जटिलताएं हैं। व्यापार विवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताएं और तकनीकी उद्योग पर बढ़ते तनाव ने दोनों देशों के रिश्ते और कठिन बना दिए हैं। इसके बावजूद, मैड्रिड की वार्ता को आने वाले समय में द्विपक्षीय रिश्तों के लिए अहम कदम माना जा रहा है। अमे. रिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टिकटॉक की बिक्री की समयसीमा कई बार बढ़ा चुके हैं। पहली बार ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनने के बाद 20 जनवरी को एक कार्यकारी आद. ेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके बाद टिकटॉक पर अमेरिका में प्रतिबंध लगा दिया गया था। दूसरी बार अप्रैल में समयसीमा बढ़ाई गई, जब टिकटॉक को अमेरिकी कंपनी में बदलने की कोशिश हो रही थी, लेकिन ट्रम्प की टैरिफ घोषणा के बाद चीन के पीछे हटने से यह सौदा टूट गया था। तीसरी बार ट्रम्प ने जून में समयसीमा 90 दिन के लिए बढ़ाई। ज्पाज्वा की मूल कंपनी बाइटडांस चीन की है और अमे. रिका को आशंका है कि यह एप यूजर्स का डेटा चीन सरकार के साथ साझा कर सकता है। इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए अमेरिका ने एक कानून पारित किया था, जिसके तहत बाइटडांस को ज्पाज्वा का मालि. काना अधिकार किसी अमेरिकी कंपनी को सौंपना होगा या फिर देश में इसका संचालन बंद करना पड़ेगा। एफबीआई और फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन दोनों ने चेतावनी दी थी कि बाइटडांस उपयोगकर्ता डेटा, जैसे ब्राउजिंग हिस्ट्री, लोकेशन और बायोमेट्रिक जैसी जानकारियों को चीन की सत्तावादी सरकार के साथ साझा कर सकता है।

टिकटॉप चीन से जुड़ी कंपनी है, जिसे अमेरिकी कानून के अनुसार बेचना होगा अन्यथा परिचालन बंद करना होगा

पाक राष्ट्रपति ने चीन में जे-10 फाइटर जेट फैक्ट्री देखी

आसिफ अली जरदारी ने हथियारों की तारीफ की, भारत के खिलाफ संघर्ष में इनका हुआ था इस्तेमाल

बीजिंग। 10 दिन के दौरे पर चीन पहुंचे पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने चेंगदू स्थित चीन के एविएशन इंडस्ट्री काम्पलेक्स का दौरा किया। पाकिस्तानी अखबार द डान के मुताबिक जरदारी इस जगह का दौरा करने वाले पहले विदेशी राष्ट्राध्यक्ष हैं। इस मौके पर उनके बेटे बिलावल भुट्टो जरदारी और बेटी असीफा भुट्टो-जरदारी भी मौजूद थे।

जरदारी ने कंपनी के इंजीनियरों और वैज्ञानिकों से मुलाकात की और चीन निर्मित विमानों की क्षमताओं की सराहना की। इस दौरान जरदारी ने काम्पलेक्स में जे-10 और जेएफ-17 थंडर विमानों के बनने की प्रक्रिया को समझा। इसके अलावा उन्होंने पांचवीं पीढ़ी के जे-20 स्टील्थ लड़ाकू विमान के बारे में भी जानकारी ली। जरदारी ने कहा कि जे-10 और जेएफ-17 ने पाकिस्तानी वायु सेना को मजबूत किया है और भारत के खिलाफ ये विमान पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण साबित हुए। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान और चीन रक्षा उत्पादन और विमानन में सहयोग का विस्तार करना जारी रखेंगे। पाकिस्तानी राष्ट्रपति जरदारी ने एविएशन इंडस्ट्री काम्पलेक्स में विमानों के बनने की प्रक्रिया को समझा। जरदारी ने चीन की हाई-स्पीड ट्रेन का भी अनुभव लिया। वह चेंगदू से मियांयांग तक आधे घंटे की ट्रेन यात्रा पर गए। यात्रा के दौरान उन्होंने चीन की ट्रांसपोर्ट सिस्टम की तारीफ की। उन्होंने पाल्यूशन फी इलेक्ट्रिक ट्रेन इंजन और भूकंप पूर्व चेतावनी तकनीकों को 'रेलवे इंजीनियरिंग का चमत्कार' बताया। चीनी अधिकारियों ने जरदारी को बताया कि चीन के पास दुनिया का सबसे बड़ा हाई-स्पीड रेल नेटवर्क है, जिसकी लंबाई 45,000 किलोमीटर से ज्यादा है। यहां ट्रेनें 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हैं और हर साल दो अरब से ज्यादा यात्रियों को ले जाती हैं। यह नेटवर्क लगभग सभी बड़े चीनी शहरों को जोड़ता है।

जरदारी ने कंपनी के इंजीनियरों व वैज्ञानिकों से मुलाकात की

कैमरून के बार में विस्फोट में एक की मौत, चार घायल

याउंडे। कैमरून के एंग्लोफोन उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के एक बार में रविवार को हुए आईईडी विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार यह विस्फोट क्षेत्र के बतिबो इलाके में हुआ। बम एक पुलिस स्टेशन के पास एक बार में लगाया गया था। एक क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों के एक समूह ने बार को निशाना बनाया क्योंकि पुलिसकर्मी अक्सर वहाँ जमा रहते हैं। हालांकि, विस्फोट के दौरान कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं था। सभी पीड़ित नागरिक थे जो दोस्तों और परिवार के साथ समय बिता रहे थे। किसी भी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन स्थानीय अधिकारियों ने इस हमले के लिए क्षेत्र में सक्रिय अलगाववादी लड़ाकों को जिम्मेदार ठहराया है। अलगाववादियों ने सोमवार को स्कूलों के फिर से खुलने और अक्टूबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को बाधित करने के लिए कैमरून के अंग्रेजी भाषी उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम क्षेत्रों में एक महीने का लॉकडाउन शुरू किया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108